फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -55, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा : कमला हैरिस 16

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा 15

गृह विभाग के भी प्रमुख बने दीपक कुमार

- दीपक कुमार के बाहर होने से नहीं सौंपा जा सका कार्यभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार अब गृह विभाग की बागडोर भी संभालेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नामों के पैनल में से उनके नाम पर मुहर लगा दी है। चुनाव आयोग ने मंगलवार आपरान्ह पांच बजे तक कार्यभार संभालने की रिपोर्ट मांगी थी, मगर दीपक कुमार दो दिन से बाहर होने के कारण अब उनके आते ही कार्यभार सौंपा जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को ही चुनावी आचार संहिता के तहत उप्र समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्री सचिवालय में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से गृह विभाग का दायित्व वापस लेने का आदेश दिया था। यह विभाग सौंपने के लिए मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का पैनल मांगा गया था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को ही चुनाव आयोग को अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के नाम का पैनल भेजा।

निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश कुमार ने मंगलवार को मुख्य सचिव को पैनल में पहले स्थान पर शामिल दीपक कुमार को गृह विभाग का कार्यभार शाम पांच बजे तक सौंपने का आदेश देते हुए मुख्य सचिव और राज्य निर्वाचन अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी। आदेश के अनुपालन के लिए मुख्य सचिव ने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को निर्देश जारी किया। इसके बाद नियुक्ति विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

पश्चिम बंगाल में फिर बदलाव, अब संजय मुखर्जी नए डीजीपी

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय मुखर्जी को तत्काल प्रभाव से पश्चिम बंगाल का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया। इससे पहले, सोमवार को डीजीपी राजीव कुमार को पद से हटाकर उनकी जगह विवेक सहाय को नया डीजीपी नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें भी 24 घंटे के भीतर पद से हटा दिया गया है। आयोग ने एक अधिसूचना में कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक एवं महानिदेशक पद के लिए संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी है। आयोग ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा भेजे गए तीन अधिकारियों के पैनल में से संजय मुखर्जी के नाम को मंजूरी दे दी।

पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा पर सीट बंटवारे में नाइंसाफी करने का आरोप

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है।

पारस ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को पांच सीट देने का एलान किया था। पारस ने अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया।

झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन

रांची/नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो और अपने ससुर शिबू सोरेन को लिखे इस्तीफे में सीता ने कहा कि वह झामुमो में उपेक्षित महसूस कर रही थीं।

अशरफ ने जदयू महासचिव पद और पार्टी भी छोड़ा

पटना। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद अली अशरफ फातमी ने मंगलवार को पार्टी छोड़ दी और दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाल में भाजपा के साथ फिर से गठबंधन करने से आहत होकर उन्होंने यह फैसला किया। फातमी पहले राजद (राष्ट्रीय जनता दल) में थे। उन्होंने राजद में लौटने की संभावना से इनकार नहीं किया और यह स्वीकार किया कि वह अपनी पसंद की सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं।

घर में घुसकर दो भाइयों का गला काटा हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर, शहर में बवाल

10 और छह साल के थे दोनों भाई ● भीड़ ने किया पथराव ● आगजनी की कोशिश ● सीआरपीएफ तैनात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सैलून चलाने वाले युवक ने पड़ोस के घर में घुसकर 10 और छह साल के दो भाइयों की चाकू और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी। तीसरे भाई को भी मारने का प्रयास किया लेकिन वह बचकर भाग गया। हत्या करने के बाद आरोपी वहां से निकल भागा। पुलिस ने उसका पीछा किया और शेखूपुर जंगल के पास मुठभेड़ में मार गिराया । इधर दो बच्चों की हत्या से गुस्साये लोगों ने मंडी पुलिस चौकी पर प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई। खोखों में आग लगा दी, पथराव किया। सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया। डीएम, एसएसपी मौके पर पहुंच गए। केंद्रीय पुलिस बल और सात थानों की पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया। देर रात आईजी डॉ. राकेश कुमार भी पहुंच गए। बच्चों की हत्या की वजह का पता नहीं चल सका है।

घटना के बाद पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते लोग। ● अमृत विचार

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार रुद्रपुर में रहकर ठेकेदारी करते हैं। उनकी पत्नी और तीन बेटे आयुष (10), आहन प्रताप (6) और पीयूष घर पर रहते हैं। मंगलवार देर शाम विनोद के घर के सामने नाई की दुकान करने वाला साजिद पुत्र बाबू उनके घर पहुंचा। विनोद की पत्नी से कहा कि उसकी पत्नी गर्भवती है और अस्पताल में भर्ती है। उसका मन नहीं लग रहा। कुछ देर के लिए यहीं रुक जाता हूं। इसी बीच वह तीसरी मंजिल पर चला गया। वहां अचानक आयुष और आहन प्रताप का गला छुरे और उस्तरे से काट दिया। चीख सुनकर तीसरा भाई पीयूष वहां पहुंचा तो साजिद ने उस पर भी छुरे से हमला किया लेकिन वह भाग गया।

इधर दूसरे समुदाय के युवक द्वारा दो भाइयों की हत्या की जानकारी लोगों को हुई तो आक्रोश फैल गया। भीड़ ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया। डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी पहुंच गए। इसी बीच गुस्साए लोग केन में पेट्रोल लेकर मंडी चौकी पहुंच गए। दुकानों में आग लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने सख्ती की तो भीड़ वहां से हत्यारोपी की दुकान पर पहुंची। शटर को तोड़ने का प्रयास किया। जमकर पथराव और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की। गुस्साए लोगों ने मंडी समिति में एक खोखे और आसपास से कुछ सामान एकत्र करके चौराहे पर आग लगा दी। प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। सीआरपीएफ बुलाई गई। शहर में पुलिस और केंद्रीय बल तैनात कर दिया गया है। डीएम मनोज कुमार ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है।

> दो बच्चों की हत्या हुई थी। खून से लथपथ आरोपी वहां से निकल गया। पुलिस टीम को पता चला तो उसका पीछा किया। शेखूपुर जंगल के पास उसने पुलिस पर फायर करके भागने का प्रयास किया। पुलिस ने भी जवाबी फायर किया जिससे आरोपी की मौत हो गई है। घटना के कारणों की जानकारी की जा रही है।
> – **डॉ. राकेश सिंह**, आईजी

एक नजर

एनडीए में शामिल हो सकती है मनसे

नई दिल्ली। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात इस बात का संकेत है कि भाजपा महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन को मजबूत करने के लिए राज ठाकरे के साथ गठबंधन की इच्छुक है। ठाकरे सोमवार को यहां पहुंचे और जब वह शाह से मिले तब भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी मौजूद थे। अगर गठबंधन हो जाता है तो मनसे को मुंबई में एक सीट दी जा सकती है जहां उनके चचेरे भाई उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले शिवसेना के गुट का कुछ प्रभाव है। जब शिवसेना एकजुट थी तब राज ठाकरे ने इससे नाता तोड़ लिया था। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि अगर राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा नेतृत्व की महायुति में शामिल हो जाती है।

शीर्ष कोर्ट का सीएए पर रोक से इनकार, केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीन सप्ताह में पक्ष रखने को कहा अगली सुनवाई नौ अप्रैल को
- 237 याचिकाओं पर जवाब देने को केंद्र सरकार ने मांगे 4 सप्ताह

उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)-2019 और नागरिक संशोधन नियम- 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर मंगलवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख नौ अप्रैल मुकर्रर की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को जवाब देने का निर्देश दिया।

पीठ ने सीएए अधिनियम और नियमों के तहत नागरिकता देने से केंद्र सरकार को रोकने का निर्देश देने की याचिकाकर्ताओं की गुहार ठुकराते हुए कहा कि हम कोई प्रथम दृष्टया विचार व्यक्त नहीं कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि, केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके उसे अपना पक्ष तीन सप्ताह के भीतर रखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील देते हुए जबाव के लिए चार सप्ताह का समय देने की गुहार लगाई। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि दो सौ 37 याचिकाएं हैं। रोक (सीएए पर) लगाने की मांग करते हुए 20 आवेदन हैं। मुझे जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।

मुस्लिम लीग व अन्य ने दायर की हैं याचिकाएं

याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले को नौ अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाएं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य की ओर से दायर की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, इंदिरा जयसिंह और विजय हंसारिया ने पीठ से कहा कि वह सॉलीसीटर जनरल मेहता से बयान देने को कहें कि फैसला होने तक किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी, क्योंकि नागरिकता मिलने के बाद पूरी प्रक्रिया अपरिवर्तनीय हो जाएगी और मामला निरर्थक हो जाएगा।

चीनी वीजा घोटाले में कार्ति चिदंबरम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य को समन जारी कर पांच अप्रैल को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए आरोपियों को तलब किया। न्यायाधीश ने कार्ति चिदंबरम, उनके पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट एस भास्कर रमन को और कुछ कंपनियों के प्रतिनिधियों सहित छह अन्य को पांच अप्रैल को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

भाजपा, कांग्रेस, बसपा व सपा को फिर भेजें नोटिस

विधि संवाददाता, लखनऊ

- जातीय रैलियों के मामले में हाईकोर्ट ने दिए आदेश

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में जातीय रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को नई नोटिस भेजने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पाया कि 11 नवंबर 2022 के आदेश के अनुपालन में भेजी गई नोटिस इन राजनीतिक दलों को प्राप्त नहीं हो सकी लिहाजा नई नोटिसें भेजी जाएं।

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव द्वारा वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। वहीं सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि उसने ऑनलाइन जवाबी हलफ़नामा दाखिल कर दिया है। हालांकि रिकॉर्ड पर हलफ़नामा नहीं पाया गया। इस पर कोर्ट ने आयोग को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का अंतिम अवसर देते हुए, अग्रिम सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि तय की है। याची के अनुसार न्यायालय ने पूर्व के आदेश में चुनाव आयोग समेत केंद्र व राज्य सरकारों को जातीय रैलियों के विरुद्ध गाइडलाइन बनाने का आदेश दिया था।

चुनाव के कारण सिविल सेवा-प्री परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 26 मई को होने वाली सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को लोकसभा चुनाव के कारण 16 जून के लिए स्थगित कर दिया। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस एवं अन्य अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी प्रतिवर्ष तीन चरणों (प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार) में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित कराता है। यूपीएससी ने कहा कि आसन्न आम चुनाव कार्यक्रम के मद्देनजर आयोग ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा -2024 को स्थगित करने का निर्णय लिया है, जो 26 मई के बजाय 16 जून 2024 को होगी।

मोदी की गारंटी का हश्र इंडिया शाइनिंग वाला होगा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीडब्ल्यूसी की बैठक में लोस चुनाव के घोषणा पत्र पर हुआ मंथन
- घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी, कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि देश बदलाव चाहता है तथा इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गारंटी का वही हश्र होगा जो वर्ष 2004 में ''इंडिया शाइनिंग'' (भारत उदय) नारे का हुआ था। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के घोषणापत्र को घर-घर तक ले जाना होगा। कार्य समिति ने खरगे को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र को मंजूरी देने और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करने के लिए भी अधिकृत किया। पार्टी का कहना है कि यह उसका सिर्फ एक चुनावी घोषणापत्र नहीं, बल्कि न्याय पत्र होगा तथा वह घर-घर गारंटी लेकर जाएगी। कार्य समिति की बैठक में घोषणापत्र के उस मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई जिसे पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली समिति ने तैयार किया है। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय- भागीदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों के भीतर कांग्रेस अपना घोषणापत्र जारी कर सकती है। कार्य समिति की बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, घोषणापत्र समिति के प्रमुख पी चिदंबरम और कार्य समिति के कई अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस कार्य समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र पर विस्तृत चर्चा की। करीब साढ़े तीन घंटे तक चर्चा हुई। चर्चा के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को अधिकृत किया गया कि वह घोषणापत्र को अनुमोदित करें और इसे जारी करने की तिथि निर्धारित करें।

वाणिज्य कर का डीसी दो लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हेल्पलाइन नंबर पर कंपनी प्रतिनिधि ने दी थी सूचना

अमृत विचार : सतर्कता अधिष्ठान ने मंगलवार को वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर को दो लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अधिष्ठान द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर एक कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर की गई। अधिकारियों ने बताया कि रिश्वत विरोधी हेल्प लाइन पर एक एक्सपोर्ट कम्पनी के प्रतिनिधि ने कॉल करके बताया कि वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) धनेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उनकी कंपनी के जीएसटी रिफंड पास करने के एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतकर्ता को कार्यालय बुलाकर पुलिस अधीक्षक अभिसूचना डॉ.अरविन्द चतुर्वेदी ने पूछताछ की। कंपनी ने दी गई जीएसटी के आधार पर लगभग 20 लाख का रिफंड क्लेम किया था। यह रिफंड वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर (जीएसटी) जोन 20 धनेन्द्र कुमार पांडेय द्वारा स्वीकृत किया जाना था। पांडेय ने रिफंड स्वीकृत करने के लिए दो लाख रिश्वत मांगी।

पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा की 8 सीटों के लिए आज से नामांकन 19 अप्रैल को मतदान

अमृत विचार : प्रदेश में पहले चरण चरण में 8 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। इस चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। लोकभवन में मंगलवार को पत्रकारवार्ता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। प्रथम चरण में 8 सीटों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही, इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच किए जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में जिन 8 लोकसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव होना है, उनमें सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनु. जाति), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। 8 सीटों में 7 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को होगी। प्रथम चरण की आठ सीटों पर में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पुरुष, 67.14 लाख महिला व 824 थर्ड जेंडर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केन्द्र व 14842 मतदेय स्थल हैं।

सामान्य श्रेणी प्रत्याशी जमा करेंगे 25 हजार रुपये जमानत राशि

सामान्य श्रेणी प्रत्याशी को 25 हजार रुपये व एससी/एसटी प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में व पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दल व निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। नामांकन के समय रिटर्निंग /सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में अधिकतम तीन वाहन और प्रत्याशी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे। उम्मीदवारों को फार्म-ए व फार्म-बी दाखिल करना होगा।

नोटिस का जवाब नहीं देने पर योग गुरु सुप्रीम कोर्ट में तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रामक विज्ञापन मामला

- कोर्ट ने कहा-बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से पेश हों

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव को पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में उनके खिलाफ अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल नहीं करने पर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का मंगलवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के जवाब दाखिल करने में विफलता पर नाराजगी व्यक्त की और उनके बारे में कहा कि वे विज्ञापन के मामले में प्रथम दृष्ट्या दोषी करार दिए गए थे। उनका पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पीठ ने कहा कि आप हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर सकते हैं...पहले हमारे हाथ बंधे हुए थे। पीठ ने उनसे कहा कि आप नोटिस का जवाब नहीं दे रहे और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत ने रोहतगी की राहत देने संबंधी तमाम दलीलें खारिज करते हुए कहा कि आदेश में संशोधन का कोई सवाल ही नहीं है।

एक नजर

सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव और सदस्य नामित

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को दूधनाथ पटेल (प्रयागराज) और आशीष कुमार मौर्य (कौशाम्बी) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव जबकि गोविन्द त्रिपाठी (कानपुर ग्रामीण), सुधाकर त्रिपाठी (औरैया) और रंगीलाल यादव (प्रयागराज) को सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। वहीं, पुष्पेन्द्र सिंह यादव निवासी उन्नाव, रिंकू यादव निवासी गोमती नगर लखनऊ, मोहसिन रज़ा निवासी बरेली और अनिल यादव निवासी जौनपुर को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

1.16 अरब भुगतान, किसानों की संख्या का पता नहीं

कृषि निदेशालय ने खरीफ फसलों की क्षतिपूर्ति की मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सख्ती के बाद भी कंपनियों की मनमानी जारी है। इस वजह से योजना में पारदर्शिता नहीं आ रही है।

कंपनियों ने अधिकांश जिलों में बीमित खरीफ (2023-24) फसल धान, तिल, मक्का, बाजरा, उड़द, ज्वार आदि का 1.16 अरब रुपये किसानों को भुगतान किया है। यह क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान आकलन कर दी गई है। लेकिन, क्षतिपूर्ति कितने किसानों को मिली उनकी संख्या

▸▸ कंपनियों ने किसान व सरकार से लिया था 600.95 करोड़ प्रीमियम

योजना के संबंधित कृषि विभाग को नहीं दी है। इससे विभाग के लिए यह बताना मुश्किल है कि कितने जिलों में कितने किसानों को कितना भुगतान हुआ।

हवाला यह भी कंपनियों द्वारा दिया गया कि दूसरे चरण में

खरीफ फसल 2023-24 में बीमा की स्थिति

▸▸ किसान	23.54 लाख
▸▸ बीमित क्षेत्रफल	16.09 लाख हेक्टेयर
▸▸ बीमित राशि	9056.64 करोड़
▸▸ कृषक प्रीमियम	181.13 करोड़
▸▸ राज्य अनुदान	209.91 करोड़
▸▸ केंद्र अनुदान	209.91 करोड़
▸▸ कुल प्रीमियम	600.95 करोड़

और भुगतान करेंगे। हालांकि कृषि निदेशालय ने कंपनियों से नुकसान, क्लेम और पहले व बाद में किए जाने भुगतान की विधिवत रिपोर्ट मांगी है। उप निदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले भुगतान किया गया है। इसकी कंपनियों से रिपोर्ट मांगी है।

रबी की कटाई में खरीफ का क्लेम : खरीफ 2023-24 की फसलें अप्रैल से जुलाई तब बीमित की गईं थीं और कटाई नवंबर से दिसंबर तक हुई थी। कटाई के दौरान क्षतिपूर्ति का आकलन किया गया था। जिसका भुगतान इस रबी फसल की कटाई के दौरान किया गया है। भुगतान में भी देरी हुई।

मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का माला पहनाकर स्वागत करते समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

सरकार न नीति बनाएगी न करेगी नया कार्य

आचार संहिता : केंद्र व राज्य की सरकारों को गाइड लाइन पर कार्य करने का निर्देश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराने के लिए खास गाइड लाइन भेजी है। इस दौरान सरकार को नीति बनाने और नियुक्ति-प्रतिनियुक्ति, नए कार्य और घोषणाओं के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सभी कार्यों से 4 जून तक रोका गया है। यदि चुनावी आचार संहिता के दौरान किसी तरह की नीति संबंधी एलान जरूरी है, तो राज्य या केंद्र सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी।

लोकसभा की चुनावी आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। यह 4 जून तक प्रभावी रहेगी। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच 7 चरणों में होना है। आचार संहिता लागू होने के बाद अब देशभर से शासनिक-प्रशासनिक अधिकारी की सत्तादल के लिए पक्षपात करने समेत मंत्रियों को लेकर मतदाता को प्रभावित करने की आशंकाओं की तमाम शिकायतें शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री के सचिव का काम देखते हुए गृह विभाग का मुखिया बने छह राज्यों के आईएएस

▸▸ चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों का पालन कराता है चुनाव आयोग

अफसरों से गृह विभाग वापस लेकर संदेश भी दिया गया है। यही नहीं पं बंगाल के डीजीपी को बदलने के बाद भी पैनल में शामिल जिस अधिकारी की नियुक्ति हुई, उसके खिलाफ राज्य सरकार के लिए मतदान प्रभावित करने की शिकायतों पर फिर बदलाव करना पड़ा।

दरअसल, चुनावी आचार संहिता मौजूदा सरकारी गतिविधियों पर किसी तरह की रोक नहीं लगाती है, लेकिन किसी तरह के नए एलान या नई नीति के लिए नई सरकार के गठन तक इंतजार करना पड़ेगा। भले ही किसी विशिष्ट योजना के लिए बजट प्रावधान आवंटित किया गया हो या उसे पहले ही मंजूरी दे दी गई हो, चुनाव अवधि के दौरान घोषणा या उद्घाटन निषिद्ध है। आपातकालीन या अप्रत्याशित आपदाओं से निपटने के लिए, जैसे कि सूखा, बाढ़, महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना, साथ ही वृद्धों और अशक्तों के लिए कल्याणकारी उपायों को लागू करने को लेकर सरकार चुनाव से पूर्व अनुमोदन के साथ ही पहल कर सकती है। गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के मामले में कोई भी निर्णय लेने से पहले चुनाव आयोग से परामर्श किया जाना जरूरी है। यह एहतियाती कदम यह सुनिश्चित करता है कि ऐसे महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय चुनावी विचारों से प्रभावित न हों। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए चुनावों की घोषणा होने के बाद मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को विवेकाधीन निधि से अनुदान या भुगतान को मंजूरी देने से प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी योजना के लिए सांसदों/विधायकों/एमएलसी स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत धन जारी करना चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक निलंबित है। इन उपायों का उद्देश्य चुनावी अवधि के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता और गैर-पक्षपातपूर्णता के सिद्धांतों को बनाए रखना है।

वादा करने की अनुमति नहीं

आयोग के नियमों के मुताबिक मंत्रियों और अन्य अथॉरिटी को किसी तरह के फाइनेंशियल ग्रांट की घोषणा करने या ऐसा कोई वादा करने की अनुमति नहीं होती है। मंत्री और अन्य अथॉरिटी विवेकाधीन फंड से किसी तरह के ग्रांट/भुगतान की मंजूरी नहीं देंगे। अधिकारियों को छोड़कर मंत्री या अन्य अथॉरिटी किसी भी तरह की परियोजना की आधारशिला नहीं रखेंगे। वे विकास से जुड़ी किसी भी परियोजना को शुरू नहीं कर सकते, मसलन सड़कों का निर्माण, पेय जल सुविधाओं आदि। सरकार या पब्लिक सेक्टर इकाइयों में तात्कालिक आधार पर किसी भी तरह की नियुक्ति की अनुमति नहीं होगी, इसके जरिये मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है।

अब ऑनलाइन अनुरोध की सुविधा

पहले पिछले चुनावों में नियमों में ढील और आचार संहिता उल्लंघन के सभी मामले मैन्युअल तरीके से देखे जाते थे, जिसमें बहुत ज्यादा वक्त लगता था। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इन अनुमतियों की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष पोर्टल बनाया गया। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्रालय या विभाग सीधे तौर पर ऑनलाइन अनुरोध कर सकते हैं।

पदोन्नति और वेतनमान को लेकर भेदभाव का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस के पदोन्नति और वेतनमान बढ़ाने में भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। इसे लेकर मांगी गई एक सूचना के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया है।

विमल कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता हाईकोर्ट) ने आरटीआई के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से सूचना मांगी है। सूचना में 1998 में आरक्षी भर्ती, 2008 में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस परीक्षा हुई थी। 2015 में सभी को एक साथ स्टार लगाया गया और सभी कार्मिक एक ही जनपद में नियुक्त भी रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने दिसंबर 2016 में नागरिक पुलिस मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति और 4200 का ग्रेड पे दे दिया। जबकि उसी जनपद में नियुक्त सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षियों को न तो पदोन्नति दी गई और न ही ग्रेड पे। वकौल अधिक्ता विमल के मुताबिक 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली 2015 बनाई गई थी। जिसके अनुसार पुलिस एक्ट धारा-2 के अंतर्गत भर्ती सभी सदस्य नियमावली के सदस्य माने गए हैं। फिर भी पीएसी में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण में एक उच्च अधिकारी की भूमिका रही है।

बाजार में ग्राहकों से प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग अपनी दुकानदारी करते हुए भी बाजार में ग्राहकों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में चर्चा करना न भूलें। देश में लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाना है।

अखिलेश यादव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में एकमत से बूथस्तर तक अपनी भूमिका तय करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प लिया गया कि पीडीए की विचारधारा पर आधारित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में व्यापारी कसर नहीं छोड़ेंगे।

बैठक में अखिलेश यादव ने

▸▸ अखिलेश यादव ने समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को किया संबोधित

▸▸ सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा की विवरण पुस्तिका का किया विमोचन

दानदाता भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। इस दौरान सपा प्रमुख ने समाजवादी व्यापार सभा के मुख्य प्रस्ताव और सपा सरकार में हुए महत्वपूर्ण कार्यों की विवरण पुस्तिका का विमोचन किया तथा सदस्यता प्रमाण पत्र दिए।

बैठक में मुख्यरूप से अजय सूद, वोट सिंह यादव, विजय जायसवाल, यासिर सिद्दीकी, हरदीप सिंह राखड़ा, अजय चौरसिया, रामेश्वर दयाल गुप्त आदि की मौजूदगी रही।

मैनपुरी के अफसरों पर चुनाव आयोग कर सकता है कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी की शिकायत पर मैनपुरी में तैनात पुलिस व प्रशासन के अफसरों पर कार्रवाई होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सपा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र को भारत निर्वाचन आयोग को भेज दिया है। सपा ने बीते दिन अपने शिकायती पत्र में राज्य सरकार पर मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया था। साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्णा, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग की ओर से इस प्रकरण में जल्द कार्रवाई हो सकती है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों कहना है कि वर्ष 2022 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में सपा नेता रामगोपाल यादव ने मैनपुरी के अफसरों के खिलाफ शिकायत की थी, इस पर आयोग ने संबंधित अफसरों को हटाने के निर्देश दिए थे।

रानी लक्ष्मी बाई योजना के तीन और आवेदन निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : रानीलक्ष्मी बाई योजना के तहत आए तीन और आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। आठ पीड़ितों ने आवेदन किया था मगर कोई आवेदन मानकों के अनुरूप नहीं मिला। रानीलक्ष्मी बाई योजना के तहत एसिड अटैक, पॉक्सो, योन शोषण, दहेज हत्या, दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य मामलों में पीड़िता को तीन से दस लाख रुपये की सहायता दी जाती है। महिलाओं के इलाज और पुनर्वास के लिए सहायता दी जाती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि कुल आठ मामले आए थे। इन मामलों में फारेंसिक जांच की रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा था। पिछले माह पांच मामले मानकों के अनुरूप न होने के कारण निरस्त कर दिए गए, जबकि शेष तीन मामलों में फारेंसिक रिपोर्ट आ गई और मानकों के अनुरूप न मिलने के कारण निरस्त किए गए।

उत्तर प्रदेश शिक्षा आयोग के नवनियुक्त सदस्य आरपी सिंह, पूर्व आईएएस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। अमृत विचार

कार्यदायी संस्था पर लगाएं 10 लाख का जुर्माना

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंगलवार को प्रेरणा स्थल में निर्माणधीन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणधीन कार्यों में गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही ग्रीनिंग एरिया का कार्य भी कराते रहे। जिससे निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हो सके।

उन्होंने एलडीए उपाध्यक्ष को निर्देश दिए कि इमाबाड़ा के पास म्यूजियम सेंटर का निरीक्षण कर लें। यदि सिविल कार्य पूरा न मिले तो संबंधित कार्यदाई संस्था पर 10 लाख रुपये जुर्माना लगाया जाए।

भाजपा की तीसरी सूची में हो सकते हैं चौंकाने वाले नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा की प्रदेश में बची हुई अपनी 24 सीटों की तीसरी सूची में कई चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। कई बड़े चेहरों का टिकट भी कट सकता है। इसमें रसूखदार नेताओं के विकल्प में उनकी पत्नी व बेटे हो सकते हैं। मिशन-80 को लेकर सबसे ज्यादा कसमकस रायबरेली, पीलीभीत, कैसरगंज, मेरठ, गाजियाबाद, प्रयागराज, गाजीपुर, बलिया, कानपुर, सहारनपुर के लेकर है। बाराबंकी और लालगंज में पहली सूची के टिकट बदले जा सकते हैं।

भाजपा कोर कमेटी की बैठक सोमवार देर रात तक दिल्ली पार्टी मुख्यालय में चली। पहले लोकसभा प्रभारी बैजयंत पांडा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रत्याशियों के पैनल पर चर्चा करके

▸▸ प्रदेश की कई सीटों पर टिकट कटने और विकल्पों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व गंभीर रसूखदार नेताओं की पत्नी व बेटे पर लग सकता हैं दांव

▸▸ पीलीभीत, कैसरगंज, मेरठ, गाजियाबाद प्रयागराज, गाजीपुर, रायबरेली, बलिया कानपुर, सहारनपुर, बाराबंकी, लालगंज में हो सकते हैं बदलाव

छवि और जातीय समीकरण के साथ जिताऊ होने पर मुहर लगाई। साथ ही टिकट कटने वाले नेताओं के बागी होने पर नफा-नुकसान का आकलन सर्वसम्मति से हुआ। अब इसमें कई पेंच केंद्रीय चुनाव समिति के सामने आने से तीसरी सूची जारी करने से पहले और जमीनी हकीकत खंगाली जा रही है।

पहली सूची में उप्र. से भाजपा 51 सीटों के प्रत्याशियों का नामों का एलान कर दिया है। तीसरी सूची में कई वीवीआईपी सीटें हैं, जिनसे असल में अबकी बार 400 पार और मिशन-80 नारे की परीक्षा होनी है। चौंकाने वाले बदलावों में पहली सूची में घोषित बाराबंकी लोकसभा सीट पर उपेन्द्र रावत की जगह कोई नया चेहरा उतारा जा सकता है। वहीं, एनडीए की सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) को उसकी पुरानी सीटें मिर्ज़ापुर और रॉबर्ट्सगंज सीटें ही दी जाएंगी। चर्चित कैसरगंज लोकसभा सीट पर रसूखदार सांसद बृज भूषण सिंह के विवादों में होने से उनकी पत्नी केतकी देवी सिंह या बेटे उप्र कुश्ती संघ के अध्यक्ष करण भूषण सिंह पर दांव लगाया जाएगा।

भाजपा की नई सूची में मेरठ सीट पर रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल और कैंट विधायक अमित अग्रवाल का नाम चर्चा में हैं। गाजियाबाद सीट से मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह के साथ-साथ अनिल अग्रवाल या अनिल जैन के नाम पर भी चर्चा हुई है। इसके अलावा इलाहाबाद सीट पर पूर्व नौकरशाह संजय मिश्रा और योगी सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी की पत्नी अभिलाषा नंदी का नाम भी चर्चा में है, यहां इस बार रीता बहुगुणा जोशी को टिकट मिलने की संभावना नहीं है।

सपा से उम्मीदवार ग़ाज़ीपुर सीट पर माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अनुभव सिन्हा के नाम पर भी चर्चा है। आजमगढ़ की लालगंज लोकसभा सीट से सांसद रहीं संगीता आजाद के भाजपा में आने पर वहां पहली सूची में घोषित पूर्व सांसद नीलम सोनकर का टिकट कट सकता है। इसके अलावा पीलीभीत को लेकर वरुण के बगावती तेवर को देखते हुए कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार उन्हें टिकट नहीं मिलेगा। उनकी जगह पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद का नाम चर्चा में है। मैनपुरी सीट पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की भी चर्चा है। सहारनपुर सीट पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा और राघव लखनपाल के नाम पर चर्चा चल रही है।

इसी तरह चर्चा है कि रायबरेली सीट पर सपा के बागी डॉ. मनोज पांडेय की जगह अब भाजपा के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह या नूपुर शर्मा को भी मौका मिल सकता है। मौजूदा सांसद मेनका गांधी का टिकट कटने की संभावना भी जताई जा रही है। मौजूदा सांसद रमापतिराम त्रिपाठी को दोबारा मौका मिल सकता है। इसी तरह बलिया से नीरज शेखर या निषाद पार्टी की विधायक केतकी सिंह और पूर्व मंत्री आनंद स्वरुप शुक्ल का नाम चर्चा में है।

कानपुर लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर सांसद सत्यदेव पचौरी, संघ घराने की बहु और पचौरी की बेटी नीतू सिंह आमने-सामने हैं। इसके साथ ही कानपुर सीट से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, लोक गायिका मालिनी अवस्थी और ब्रजेश पाठक भी दावेदारी कर रहे थे, लेकिन मामला अब दिल्ली से तय होगा।

ग्राम्य विकास 12.39 लाख पौधों से लाएगा हरियाली

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में ग्राम्य विकास विभाग 12.39 लाख पौधों से हरियाली लाएगा। पौधरोपण जून व जुलाई में करेगा। कार्ययोजना बनते ही विभाग अप्रैल से प्रक्रिया शुरू करेगा। इस बार भी नगर व ग्रामीण इलाकों में पौधरोपण अभियान चलेगा। इसके लिए ग्राम्य विकास को 12.39 लाख पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। जो मनरेगा के तहत पूर्ति किया जाएगा। जो बनते ही अप्रैल से ग्रामीण इलाकों में स्थल चिह्नित कर गड्ढे खोदने से लेकर अन्य कार्य करेगा। पौधरोपण जून व जुलाई में होगा। इसके लिए वन विभाग फल व छायादार पौधे देगा। यह काम मनरेगा श्रमिक करेंगे। इससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को रोजगार मिलेगा। उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कार्ययोजना बनते ही कार्य शुरू कर देंगे।

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर मीडिया पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मीडिया मतदान संबंधी गोपनीयता बनाए रखे। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को लोक भवन में आदर्श आचार संहिता के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को फेक न्यूज के बारे में सचेत किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फेक न्यूज से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाचार या गलत सूचना और मीडिया स्टोरी की पहचान व त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक नीति

▸▸ मीडिया प्रतिनिधियों को फेक न्यूज के बारे में किया सचेत

तैयार की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित एमसीएमसी द्वारा राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग व मीडिया उल्लंघनों की मॉनीटरिंग की जाएगी, इसलिए सभी विज्ञापन एमसीएमसी द्वारा प्रमाणित किये जाने के बाद ही इलेक्ट्रानिक मीडिया पर प्रसारित किये जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की तारीख से पेड न्यूज मामलों को ध्यान में रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि विशिष्ट समाचार पत्रों के एक ही पृष्ठ पर, प्रतिस्पर्धी उम्मीदवारों की प्रशंसा करते हुए एक के ही चुनाव जीतने की संभावना का दावा संबंधी लेख, ऐसा समाचार जिसमें एक उम्मीदवार को समाज के प्रत्येक वर्ग का समर्थन मिला होना और वह उस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीतेगा, संबंधी प्रकाशित खबर पेड न्यूज की श्रेणी में आयेंगे।

उन्होंने बताया कि पेड न्यूज का प्रकरण सत्यापित होने पर डीएवीपी दरों के आधार पर इसका वास्तविक या अनुमानित व्यय उम्मीदवार के चुनाव व्यय खातों में जोड़ा जायेगा। प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का नाम, पेड न्यूज आइटम के सभी विवरणों के साथ आयोग द्वारा अग्रिम कार्रवाई के लिए भारतीय प्रेस परिषद और न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन को भेजा जायेगा।

मीडिया प्रतिनिधियों के लिए प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर मीडिया केन्द्र स्थापित किए जायेंगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशों के क्रम में निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में निर्वाचन संबंधी कोई भी प्रचार-सामग्री सिनेमा हॉल, टेलीविजन या किसी अन्य विधि से प्रसारित किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रथम चरण के मतदान से लेकर अंतिम चरण के मतदान की समाप्ति के आधे घंटे बाद तक एक्जिट पोल भी प्रतिबंधित रहेगा। एमसीएमसी से प्रमाणन के बाद ही राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के राजनीतिक विज्ञापन प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक ही प्रत्याशी को प्रोजेक्ट नहीं करना है, बल्कि सभी को समान कवरेज देना है।

पंचायती राज बनवाएगा 6,952 फैमली आईडी

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में फैमिली आईडी (एक परिवार एक पहचान) पंचायती राज विभाग बनाएगा। जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल बनाया है।

प्रदेश में अध्यासित परिवारों को लैमिनेटेड फैमिली आईडी उपलब्ध कराने की योजना है। इसके लिए 6952 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। जिन्हें परिवार की पहचान के लिए कार्ड दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर को इसका नोडल बनाया है। जो कंपनी के माध्यम से कार्ड बनवाकर निशुल्क उपलब्ध कराएंगे। हिमांशू ने बताया कि जल्द कंपनी नामित कर इसी माह प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

स्किल डेवलपमेंट पर दिया जाएगा बल : प्रो. अमरपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति ने अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं कि वो छात्रों के बीच स्किल डेवलपमेंट के प्रयास करें। इससे कार्यक्षेत्र ही नहीं व्यवस्थाओं में भी बदलाव देखने को मिलेगा।

विधि विवि के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह का कहना है कि स्किल डेवलपमेंट छात्रों के अध्ययन क्षेत्र में तेजी से बदलाव लाएगा। इसको लेकर हमें प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। विवि में चार्ज लेते ही सभी विभागाध्यक्षों को खास निर्देश दिए गए हैं। बताते हैं कि अध्ययन के अतिरिक्त कोर्स भी कराए जाना आवश्यक है। इसमें कंप्यूटर स्किल्स से लेकर स्पोर्ट्स और कई अन्य एडिशनल वोकेशनल कोर्स शामिल हैं।

अतिरिक्त कोर्सेस की भी सुविधाओं को विस्तार

कुलपति कहते हैं कि विधि क्षेत्र में अतिरिक्त कोर्सेस की सुविधाओं को भी विस्तार दिया जाएगा। इसके सहारे कानून संबंधी जानकारी सीखकर छात्रों को देश- विदेश में अच्छी पैठ बनाने का मौका मिलेगा।

विशेषज्ञों को भी दिए अतिरिक्त निर्देश

नवनियुक्त विवि के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने चार्ज लेते ही संकायाध्यक्षों के अलावा विशेषज्ञों से भी वार्ता की गई। विशेषज्ञों को निर्देश दिये गए कि छात्रों और शोधार्थियों को अतिरिक्त कक्षा की सुविधाएं दी जाएं। कई बार अध्ययन के क्षेत्र में छात्रों के सामने प्रश्नों और शोधों को लेकर समस्या आ जाती है।

लेटे हुए हनुमान जी कराएंगे उद्यमियों के भूखंड फ्री होल्ड

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड कराए जाने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने लेटे हुए हनुमान जी से गुहार लगाई। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं अध्यक्ष अयोध्या डिविजन प्रमित कुमार सिंह, अध्यक्ष देवीपाटन डिविजन अल्केश समेत अन्य के साथ हनुमान जी के मंदिर में मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी को हनुमान जी को संबोधित उद्यमियों के लिए पीड़ा बना लीज होल्ड औद्योगिक भूखंडों को फ्री होल्ड करने का पत्र सौंपा गया। अवधेश अग्रवाल ने कहा कि एमएसएमई का उत्तर प्रदेश में विकास हो रहा है लेकिन लीज औद्योगिक भूमि की नीति के करण उद्यमियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लीज होल्ड औद्योगिक भूखंड को फ्री होल्ड करने के लिए संगठन ने शासन एवं प्रशासन को कई बार आवेदन दिए हैं जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है।

9वां रोजा

शिया
सहरी : 4:39 बजे
इफ्तार : 6:29 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:45 बजे
इफ्तार : 6:20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- एसजीपीजीआई में विश्व सिर चोट दिवस के अवसर पर कार्यशाला -10:00 बजे।
- नवयुग महाविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार-10:00 बजे।
- गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज मैदान पर बालक हॉकी प्रतियोगिता-1:00 बजे।
- राम मनोहर लोहिया पार्क में देशज का आयोजन -5:00बजे।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रंग-ए-एकादशी कार्यक्रम- 5:30 बजे।
- गोमतीनगर संत गाड्गे जी महाराज प्रेक्षागृह में नाटक रानी रूपमती का मंचन -7:00 बजे
- गोमती नगर स्थित वाल्मीकि रंगशाला में एक राग दो स्वर नाटक का मंचन-7:15 बजे

एक नजर

जर्मन कंपनी ने 58 छात्रों को चुना

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सेंट्रल प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। मिनी जॉब फेयर में जर्मन की आठ कंपनियां शामिल हुईं। विवि के 58 छात्रों को चुना गया। डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल प्रो. मधुरिमा लाल नक बताया कि ये इस सत्र का आठवां जॉब फेयर था। विदेशी कंपनियां छात्रों से बेहद प्रभावित हैं।

बाजार और त्योहार को महका रही बेक्ड, नवरतन व काजू-पिस्ता गुझिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- होली पर बाजार में गुझिया की एक दर्जन से ज्यादा वैराइटी मौजूद
- शहद की मिठास वाली बेक्ड गुझिया की जा रही ज्यादा पसंद

अमृत विचारः रंग, गुलाल और उमंग का त्योहार होली गुझिया के बगैर फीका है। होली पर पूजा से मेहमानों के स्वागत तक में आटे से बनी गुझिया की परंपरा रही है। किंतु अब बाजार के साथ त्योहार भी आधुनिक हो गया है।

मेहमानों के स्वागत के लिए बाजार में फ्राई गुजिया के अलावा, बेक्ड गुझिया, चासनी गुझिया, नवरतन गुझिया, काजू पिस्ता गुझिया, काजू केसर गुझिया, तिंरगी गुझिया समेत लगभग एक दर्जन प्रकार की गुझिया उपलब्ध हैं। इनमें बेक्ड गुझिया की मांग ज्यादा है।

बेक्ड गुजिया फ्राई नहीं की जाती। तेल और घी से परहेज करने वाले लोग भी इसका खूब स्वाद ले सकते हैं। इस गुझिया में कई तरह की सूखे मेवा (ड्राईफ्रूट) पड़ते हैं। कुछ बेकर्स इस गुझिया में शक्कर की जगह शहद का इस्तेमाल करते हैं। परम्परा स्वीट के मैनेजर आशीष ने बताया कि हमारे यहां कई तरह की गुझिया हैं। होली नजदीक आने के साथ ही गुझिया की मांग बढ़ती जा रही है। सामान्य गुजिया में खोवा, मैदा पड़ता है। इसे देशी घी में फ्राई करके बनाया जाता है।

बेक्ड गुझिया में सिर्फ सूखे मेवा (ड्राईफ्रूट) पड़ता है। नवरतन गुजिया में गुझिया वर्क होता है। इसमें भी सूखे मेवा (ड्राईफ्रूट) का प्रयोग होता है। काजू केसर गुझिया में सिर्फ काजू और केसर का प्रयोग किया जाता है। तिरंगी गुझिया में काजू, पिस्ता और बादाम का प्रयोग होता है। दो दिन बाद गोल्डन गुझिया, चिलगोजा गुझिया भी मिलने लगेंगी।

गुजिया दाम

बेक्ड गुजिया रुपये प्रति किलो	700
फ्राई गुजिया रुपये प्रति किलो देशी घी निर्मित	800
चासनी गुजिया रुपये प्रति किलो	800
काजू पिस्ता गुजिया रुपये प्रति किलो	1600
तिरंगी गुजिया रुपये प्रति किलो	2400

दुकान में सजी दिखी तिरंगी गुझिया, काजू केसर और काजू पिस्ता गुझिया। अमृत विचार

बकलावा बेक्ड गुझिया की मांग ज्यादा

जेजे बेकर्स के मैनेजर जॉन ने बताया कि उनके यहां बकलावा बेक्ड गुझिया की मांग ज्यादा है। इसकी 1 किलो की कीमत 1750 रुपये प्रति है। इसमें सिर्फ सूखे मेवा (ड्राईफ्रूट) का प्रयोग होता है। मिठास के लिए शहद का इस्तेमाल किया जाता है। शहद ही इस गुझिया को विशेष बनाता है। बेक्ड गुझिया 1 किलो, 750 ग्राम और 200 ग्राम के पैक में उपलब्ध है। सामान्य गुझिया की कीमत 950 रुपये प्रति किलो है।

चीनी में यूरिया खराब कर सकती है किडनी

- मिलावटखोर यूरिया, चाक, खड़िया का भी करते मिश्रण
- इसका सेवन हानिकारक, लोग परखकर ही करें खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होली पर मिलावट करने वाले चीनी में मिठास की जगह जहर घोल रहे हैं। त्योहार पर गुझिया, मिठाई व अन्य पकवान बिना चीनी के फीके हैं। चीनी की अधिक खपत को देखते हुए मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं।

वह मोटे मुनाफे के लिए चीनी में यूरिया, चाक, खड़िया, पिट्ठी चीनी, गुड़ या फिर अन्य पदार्थ मिलाकर बेच रहे हैं। इसमें यूरिया सबसे ज्यादा नुकसानदायक है। यूरिया फसलों के अलावा प्लाई बोर्ड, पेंट आदि बनाने में इस्तेमाल होती है। जानकारों के अनुसार चीनी में यूरिया का मिश्रण शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है। किडनी खराब होने का खतरा ज्यादा रहता है। खड़िया या चाक पाउडर का मिश्रण लीवर के साथ पाचन तंत्र कमजोर करता है। त्योहार पर घर-घर पूड़ी, कचौड़ी व अन्य पकवान के लिए आटा की बिक्री अधिक होती है। आटा में भी बचा आटा या मैदा मिलाकर मात्रा बढ़ाते हैं। मैदा का सेवन भी पेट के लिए हानिकारक बताया जाता है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि विभाग ऐसे लोगों पर टीम बनाकर कार्रवाई कर रहा है, फिर भी लोग जागरूक रहें और जांच-परख कर सामान खरीदें।

ऐसे करें मिलावट की पहचान

- यूरिया : चीनी में यूरिया की मिलावट की पहचान के लिए हथेली पर थोड़ी चीनी लेकर रगड़ें और सूघें। यदि यूरिया की मिलावट होगी तो अमोनिया की गंध आएगी। या फिर थोड़े पानी में एक चम्मच चीनी मिलाएं यदि यूरिया का मिश्रण होगा तो आमोनिया की गंध आएगी।
- चाक, खड़िया व गुड़ : चीनी में चाक, खड़िया, गुड़ व पिट्ठी चीनी की जांच के लिए पानी से भरे कांच के गिलास में एक चम्मच चीनी मिलाएं। जो भी मिलावट होगी वह नीचे जाकर जम जाएगी।
- आटा : बचा हुआ आटा जब गूंधा जाता है तो कम पानी की आवश्यकता होती है। साधारण आटे से बनी रोटियों का स्वाद मीठा होता है। मैदा या अन्य मिश्रण से स्वाद फीका होगा।

जिलों में तैनात होंगी 50 कंपनी पीएसी

अमृत विचार, लखनऊ : 25 मार्च को होने वाले होली त्योहार के मद्देनजर पुलिस विभाग अलर्ट हो गया है। कोई हुड़दंग या फिर दंगा न हो इसके लिए प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पीएसी भेजी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक जिलों में पीएसी 22 मार्च से 27 मार्च तक तैनात रहेगी। होली के उपलक्ष्य में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने जिलों में 50 कंपनी पीएसी तैनात करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों के मुताबिक 22 मार्च की सुबह पीएसी के जवान जिलों में तैनात हो जाएंगे।

नमूना फेल तो अर्थदंड या सजाः

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अभियान विशेष कर मिलावटी खोवा, पनीर, दुध व उससे बनी मिठाई व खाद्य पदार्थ, तेल, घी वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन, बेसन, मैदा की रोकथाम के लिए चलाया है। सभी 23 नमूने प्रयोगशाला भेजे हैं। नमूने परीक्षण में फेल हुए तो अपर जिलाधिकारी न्यायालय (एओ) से जुर्माना और एसीजेएम न्यायालय से सजा व जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

खाद्य पदार्थों की जांच करती टीम। अमृत विचार

छापा मारकर 23 नमूने भरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होली पर मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने और बेचने वालों के खिलाफ मंगलवार से अभियान चलाया गया। पांच स्थानों से कुल 23 नमूने लिए गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने पहले से चिह्नित किए गए रुकमणि कोल्ड स्टोर कुर्सी रोड, खोवा मंडी ठाकुरगंज, राजा खोवा मंडी चारबाग, जयसवाल तेल भंडार एंड संजय किराना स्टोर डंडहिया बाजार अलीगंज व मोती महल रेस्टोरेंट हजरतगंज में छापेमारी की। मिलावट की आशंका पर रुकमिणी कोल्ड स्टोरेज कुर्सी रोड से दाल चीनी, काली मिर्च, कलौंजी, मखाना, हल्दी साबुन, किशमिश व साबुदाना, ठाकुरगंज खोवा मंडी से विक्रेता मोहम्मद जाहिद, रधुवीर, फजल, पुष्पेद्र व मोहम्मद शोएब से खोवा, जयसवाल तेल भंडार एंड संजय किराना स्टोर डंडहिया बाजार अलीगंज से हल्दी पाउडर, बेसन व सरसों का तेल, राजा खोवा मंडी चारबाग से सीताराम मौर्या, राज किशोर, मेवालाल व सुशील कुमार के यहां खोवा, मोती महल रेस्टोरेंट हजरतगंज से दही, सोयाबीन, मैदा व तैयार छोला के नमूने लिए गए।

अस्पतालों में 100 से ज्यादा बेड आरक्षित, तत्काल मिलेगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- होली पर त्वचा व आंख के डॉक्टरों की विशेष तौर पर लगेगी ड्यूटी
- अन्य विशेषज्ञ रहेंगे ऑन कॉल, 102,108 एंबुलेंस भी रहेंगी अलर्ट

अमृत विचार : होली पर किसी अनहोनी से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी गईं है। जिला अस्पताल, चिकित्सा संस्थान और महिला जिला अस्पताल में 100 से ज्यादा बेड आरक्षित किए गए हैं। इनके अतिरिक्त सीएचसी और पीएचसी में भी बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि इमरजेंसी में 10 बेड आरक्षित हैं। त्वचा और आंख के डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। अन्य डॉक्टरों से ऑन कॉल रहने को कहा गया है। वार्ड में सभी विभागों के चिकित्सकों की तैनाती होगी। बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एनबी सिंह के मुताबिक 20 बेड आरक्षित किए गए हैं। इमरजेंसी में विशेषज्ञों की टीम अलर्ट रहेगी।

सिविल अस्पताल में भी आइसोलेशन वार्ड के 15 बेड आरक्षित किए गए हैं। सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि इमरजेंसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। बीकेटी के रामसागर मिश्र, ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय, रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल, महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल सहित सभी सीएचसी और पीएचसी में बेड आरक्षित हैं। 102 और 108 सेवा की एम्बुलेंस भी अलर्ट पर रहेंगी।

केजीएमयू ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि इस बार भी ट्रॉमा की इमरजेंसी में बेड आरक्षित किए गए हैं। नेत्र रोग, चर्म रोग, हड्डी रोग, एनेस्थीसिया व सर्जरी विभाग के डाक्टरों की टीम बनाई गई है। अतिरिक्त नर्स व टेक्नीशियन भी तैनात किए गए हैं। लोहिया संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. एपी जैन के मुताबिक, घायलों को समय से इलाज मुहैया कराने के लिए विशेषज्ञ अलर्ट रहेंगे।

अस्पताल	बेड	हेल्पलाइन
लोकबंधु	10	0522-2421146
सिविल	15	0522-4027513
बलरामपुर	20	9118455570
ठाकुरगंज	15	9415001754

पारा 33 के पार, हवाएं रहीं बेअसर

गर्मी बढ़ने पर आइसक्रीम का आनंद लेती बच्ची। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : मंगलवार को मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिला। दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। सुबह धूप की तेज देखने को मिली। दिन बढ़ने पर हवाएं चलने लगीं, लेकिन तापमान में कोई अंतर नहीं रहा। दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, हवाओं की रफ्तार और बढ़ने की संभावना है। लखनऊ और आसपास हल्की बदली रहेगी। बूंदाबांदी के साथ बिजली भी गिर सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ में न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। बुधवार को तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहेगा। गुरुवार को 21 डिग्री रहेगा। शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सोमवार को 20 डिग्री ही रहेगा। मंगलवार को तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

डीपीआरओ कार्यालय पर नहीं मिला डेड रजिस्टर

अमृत विचार, लखनऊ : प्रशासनिक सुधार विभाग के अधिकारियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया तो डेड रजिस्टर नहीं मिला। जबकि अधिकारियों को कार्यालय संचालन और व्यवस्थाओं में कमी नहीं मिली। मंगलवार को विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का प्रशासनिक सुधार विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय सभी रजिस्टर, फाइलें व अन्य अभिलेख की स्थिति, रखरखाव व ढूंढने का तरीका देखा। जो सब ठीक मिला। लेकिन, निष्प्रयोज्य सामान का ब्योरा दर्ज करने के लिए डेड रजिस्टर नहीं मिला, जो बनाने के निर्देश दिए।

होली पर बनेगा कंट्रोल रूम, मिलेगी तत्काल सहायता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेसीपी ने बैठक लेकर अधिकारियों को 22 तक व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए

अमृत विचारः जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को होली पर व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए नगर निगम, एलडीए, बिजली, जल संस्थान और अन्य विभागों के अधिकारियों साथ बैठक की। अधिकारियों को अपने विभागों की जनता से जुड़ी सेवाएं 22 मार्च तक दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

जेसीपी ने बताया चौक थाने में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। इसमें शहर के लोग बिजली, पानी, सड़क आदि की समस्या की सूचना दे सकते हैं। कंट्रोल रूम में सभी विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

जेसीपी ने बताया होली पर राजधानी में तीन बड़ी शोभायात्रा निकाली जाएंगी। यह चौक और सआदतगंज थाना क्षेत्र के रास्तों से होकर निकलेंगी। शोभायात्रा में हाथी व बैंडबाजा भी होते हैं। ऐसे में शोभायात्रा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये रास्तों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिये डायवर्जन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डन ने होली के सभी कार्यक्रमों में वालंटियर्स लगाकर सहयोग का आश्वासन दिया।

होली की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते जेसीपी उपेंद्र कुमार।

व्यावसायिक गतिविधि चलाने वालों को 20 मार्च तक खाली करना होगा अकबर नगर

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अकबर नगर मामले में दिए अपने 6 मार्च 2024 और 27 फरवरी 2024 के निर्णय को स्पष्ट करते हुए कहा है कि 6 मार्च 2024 को पारित निर्णय सिर्फ झुग्गीवासियों के लिए है न कि अकबर नगर में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने वाले लोगों के लिए। लिहाजा व्यवसायिक गतिविधियां चलाने वाले लोगों को 20 मार्च तक अकबर नगर खाली करना होगा। न्यायालय ने आगे कहा कि झुग्गीवासियों को अकबर नगर खाली करने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया गया है। न्यायालय ने कहा कि जिन्हें पुनर्वास आवंटित हो गए हैं वे शीघ्र अकबर नगर में कब्जा किए गए स्थान को अधिकारियों के समक्ष सरेंडर कर दें।

यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अकबर नगर मामले में एलडीए की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर दिया है। एलडीए ने उक्त प्रार्थना पत्र दाखिल करते हुए, 6 मार्च 2024 के आदेश को स्पष्ट करने का अनुरोध किया था। प्रार्थना पत्र को निस्तारित करते हुए, न्यायालय ने अपने आदेश में झुग्गीवासियों को दिए जा रहे पुनर्वास की कीमत 4.18 लाख रुपये के स्थान पर 4.79 लाख रुपये संशोधित करने का आदेश भी दिया है। एलडीए की ओर से कहा गया था कि 6 मार्च को निर्णित याचिकाओं में कई ऐसी याचिकाएं थीं जिनके याचिकाकर्ता व्यावसायिक गतिविधि चला रहे हैं। इस पर न्यायालय ने कहा कि 6 मार्च का हमारा आदेश व्यावसायिक कार्य करने वालों पर लागू नहीं होगा, उन्हें 20 मार्च तक कब्जा खाली करना है। हालांकि न्यायालय ने यह भी कहा कि पुनर्वास के लाभ का आदेश सभी के लिए है।

सर्वे में 151 अत्यंत गरीब विस्थापित चिन्हित

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण अकबरनगर के 151 अत्यन्त गरीब विस्थापितों को मुफ्त मकान देगा। संयुक्त सर्वे में इन्हें चिन्हित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास देने के लिए प्राधिकरण अकबरनगर प्रथम एवं द्वितीय में पंजीकरण शिविर लगा रहा है। इसके बावजूद शिविर में लोग कम आ रहे हैं। सोमवार तक मात्र 27 विस्थापितों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया है।

मुख्य अभियंता ने ली राजस्व वसूली की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती ने मंगलवार को कई उपकेंद्रों का दौरा कर बकायेदारों से वसूले गये राजस्व की जानकारी ली। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि बीकेटी, जानकीपुरम, विश्वविद्यालय समेत कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इलाकों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किये जा रहे मेंटीनेंस और पेडों की कटाई-छटाई के हो चुके कार्यों को देखा। उपभोक्ताओं की समस्याओं को 24 घंटों में दूर करने के निर्देश भी दिए। अनुरक्षण कार्य के दौरान कर्मचारियों और स्टॉफ को उपकेंद्र पर मौजूद रहने के आदेश दिए।

कल सुबह चार से दोपहर 2 : 30 तक डायवर्जन लागू रहेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिया मुस्लिम के नवरोज त्योहार पर बदले रहेंगे रास्ते

अमृत विचार : राजधानी में शिया मुस्लिम के नवरोज त्योहार पर गुरुवार सुबह चार से दोपहर ढाई बजे तक मेडिकल क्रास चौराहा समेत कई प्रमुख मार्ग पर डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि जाम की समस्या आने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम पर संपर्क कर सकते हैं।

इन रास्तों पर आवाजाही में रहेगा बदलाव

- मेडिकल क्रास चौराहे से अकबरी गेट (मेफेयर), नक्खास तिराहे की तरफ आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग मेडिकल कॉलेज या चौक, कोनेश्वर चौराहा होकर निर्धारित किया गया है।
- नक्खास तिराहे से अकबरी गेट (मेफेयर), मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे की तरफ वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग नादान महल रोड, रकाबगंज पुल होकर निर्धारित किया गया है।
- टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा) तिराहे से नक्खास तिराहा या गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज तरफ वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इन रूट का वैकल्पिक मार्ग हैदरगंज (लालमाधव) होकर तय किया गया है।
- हैदरगंज (लालमाधव) से टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा)/नक्खास की तरफ आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग ऐशबाग, नाका, बुलाकी अड्डा होकर तय किया गया है।

पुल निर्माण के दौरान गिरा गर्डर, बाल-बाल बचे मजदूर

अमृत विचार, लखनऊ : रिंग रोड पर खुर्रम नगर फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान हाइड्रा से गर्डर गिर गया। पीडब्ल्यूडी खुर्रम नगर पुल का निर्माण कर रहा है। मंगलवार को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पास हाइड्रा की मदद से स्टील के गर्डर रखे जा रहे थे। संतुलन बिगड़ने से हाइड्रा पलट गया और गर्डर नीचे गिर गए। पीडब्ल्यूडी को सूचना दी गयी। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद लगभग एक घंटे बाद दोबारा काम शुरू हुआ। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

विश्व गौरैया दिवस | रिहायशी इलाकों में तेजी से लुप्त हो रही है गौरैया, संरक्षण को राजधानी में जुटी कई संस्थाएं

फुलवारी और छत पर अब नहीं फुदकती गौरैया

नीरज अभिषेक, लखनऊ

अमृत विचार : फुलवारी और छत पर फिरती रानी जैसी गौरैया। सारे अक्षत चुन चुन खाती देवी माता गौरैया। नन्हीं नन्हीं चुट-चुट करती अच्छी लगती गौरैया। एक सलोनी बिटिया हो तो नाम रखेंगे गौरैया। यह बातें अब सिर्फ कवियों के काव्य पाठ और कहानीकारों की कहानियों में सिमट कर रह गई है।

> गौरैया हमारे घर के आस-पास कीट पतंगों को खाकर साफ-सफाई रखती हैं। यह चिड़िया आबादी वाले क्षेत्रों में रहती है। साथ ही गौरैया की मौजूदगी स्वस्थ्य पर्यावरण का संकेत है।
>
> -अदिति शर्मा, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान

चमचमाती सड़क, वाहनों से निकल रहे जहरीले धुएं, अंधाधुंध खड़े हो रहे कंक्रीट के भवन ने अब आंगन और मुंडेर पर गौरैया के चहकने की आवाज को बंद कर दिया है।

अब तो चुप-चाप शाम आती है, पहले चिड़ियों के शोर होते थे। मोहम्मद अल्वी का यह शेर आज प्रासंगिक हो जाता है। कभी दौर था कि हमारे घर-आंगन को इधर-उधर फुदकती गौरैया अपनी अप्रतिम सकारात्मक ऊर्जा से भर देती थी। इसकी चहचहाहट से मन आनंदित होता था, लेकिन आज सच यह है कि गौरैया अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। घर-आंगन के इस चहचहाहट को बरकरार रखने के सभी को आगे आना होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलोजी विभाग की प्रो. अमिता कनौजिया ने गौरैया बचाने को अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि तेजी से हो रहे शहरीकरण के चलते चिड़ियों का प्राकृतिक भोजन स्रोत कम हो रहे हैं। पेड़ों को काटा जा रहा है। गगनचुंबी इमारतों में एक कोना ऐसा नहीं होता है जहां गौरैया घोंसला बना सके।

मोबाइल फोन के टॉवर से निकलने वाली इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक किरणें गौरैया के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि कई संस्थाएं गौरैया संरक्षण अभियान से जुड़ गए हैं। इनकी संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने अधिकांश लोगों को फार्म वितरित किए हैं जो विश्व गौरैया दिवस पर अपने आस-पास दिखने वाली गौरैया की संख्या और क्षेत्र लिख कर जानकारी देते तो उनका संरक्षण किया करेंगी।

गौरैया डे पर चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गौरैया के लिए बनाए गए घरोंदे। अमृत विचार

गौरैया संरक्षण के लिए उठाए यह कदम

- घर की छतों या छज्जे पर दाने बिखेरें और बर्तन में पानी भर कर रखे।
- घरों में पेड़-पौधे रखे।
- घरों में गौरैया के घोंसले लगाए।
- उनके लिए कुछ खाद्य पदार्थ रखे
- सभी लोग अपने वाहनों की नियमित जांच कराएं।
- शिक्षा के माध्यम से लोगों को गौरैया संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

गौरैया खत्म होने के कारण

- तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण गौरैया को नुकसान हो रहा है।
- शहर में हरियाली वाले क्षेत्रों की कमी होती जा रही है।
- गगनचुंबी इमारतों में एक झरोखा ऐसा नहीं होता है जहां वे घोंसला बना सके।
- घर से खत्म होते मुंडेर और आंगन।
- आंगन से पेड़ों का खत्म होना।
- बढ़ती सड़क की चौड़ाई और तेज रफ्तार वाहनों से निकल रहे जहरीले धुएं।
- बिजली के हाईवोल्टेज तार का शिकार गौरैया बन रही है।

एक नजर

बीटेक छात्रों को मिलेगा कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक और एमसीए के छात्रों को नौकरी पाने का अवसर मिला है। जल्द ही कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट करने जा रही है। इसमें छात्र सर्विस डेस्क एसोसिएट्स बन सकते हैं। प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए छात्र 21 मार्च तक पंजीकरण करा सकते हैं।

पुनर्वास विवि के छात्र बने ग्रेजुएट ट्रेनी इंजीनियर

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला विवि के 33 छात्रों ग्रेजुएट ट्रेनी इंजीनियर बनाए गए हैं। कार्यवाहक कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा ने बताया है कि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. सीके दीक्षित की उपस्थिति में छात्रों का चयन किया गया है।

भर्ती प्रक्रिया की दी जानकारी

अमृत विचार लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय में भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया विषय पर जानकारी प्रदान करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जोनल भर्ती कार्यालय से जोनल भर्ती मेडिकल ऑफिसर मेजर गौतम कुमार वर्मा ने भर्ती संबंधी जानकारी दी।

दिव्यांग शिक्षक का हौसला देख भावुक हो गए अधिकारी

मूल्यांकन कार्य में बहाने बनाने वाले शिक्षकों के लिए नजीर हैं बीकेटी इंटर कॉलेज के अतुल

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद कॉपियों का मूल्यांकन जारी है। निर्धारित समय में मूल्यांकन हो इसके लिए विभाग से लेकर निदेशालय स्तर के अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। एक ओर जहां अधिकांश शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बना रहे हैं। वहीं बख्शी का तालाब एडेड इंटर कॉलेज के दिव्यांग शिक्षक अतुल मिश्रा मिसाल बनते दिख रहे।

गणित का अध्यापन करने वाले शिक्षक अतुल को कॉपियों का मूल्यांकन करते हुए देखकर जेडी मध्यामिक डॉ. प्रदीप कुमार भी हैरान रह गये। ऐसे में उनकी ओर से ये कहना ही पड़ा कि मिश्रा जी आप मूल्यांकन छोड़कर कुछ दिन अवकाश क्यों नहीं ले लेते हैं? इस पर शिक्षक ने जवाब दिया कि सर ये मेरा कार्य है और बच्चों के हित में मूल्यांकन समय पर पूरा हो ऐसी मेरी कोशिश है। मेरे जीवन का उद्देश्य ही है विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना।

दिव्यांग शिक्षक से बात करते जेडी माध्यमिक शिक्षा डॉ. प्रदीप कुमार। अमृत विचार

▸▸ जेडी ने शिक्षक से कहा, मिश्रा जी आप मूल्यांकन छोड़कर कुछ दिन अवकाश क्यों नहीं ले लेते

दरअसल, जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार की ओर से मूल्यांकन केन्द्रों का दौरा जारी है। मंगलवार को वह गोमती नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक शिक्षक केन्द्र के बाहर कार में बैठकर कॉपियां जांच रहे हैं। बाहर कॉपी जांचने की बात पर केन्द्र के कर्मचारियों ने जेडी को बताया कि उक्त शिक्षक दिव्यांग हैं, वे क्लास में कॉपी नहीं जांच सकते। जेडी ने जब पास जाकर देखा तो शिक्षक अतुल की कर्तव्यपरायणता के कायल हो गए। बताया गया कि अतुल 'मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' से पीड़ित हैं। वह मूल्यांकन ड्यूटी से कभी पीछे नहीं रहते हैं।

शिक्षक ने अवकाश लेने से किया इनकार

जेडी ने शिक्षक अतुल मिश्रा के बारे में बीकेटी इंटर कॉलेज से जानकारी कराई तो पता चला कि वह नियमित विद्यालय आकर बच्चों को पढ़ाते हैं। जल्दी अवकाश भी नहीं लेते हैं। जेडी शिक्षक के हौसले को देखकर दंग रह गए। जेडी ने दोबारा भी कहा आप कृपया मूल्यांकन से छुट्टी ले लीजिए, लेकिन शिक्षक ने अवकाश लेने से इनकार कर दिया।

"उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय जब लोग तरह-तरह के बहाने बनाकर ड्यूटी कटवाने में लगे रहते हैं तो अपने दायित्व के प्रति इस तरह की प्रतिबद्धता गौरवान्वित और रोमांचित करती है। ऐसे शिक्षक माध्यमिक शिक्षा विभाग के गौरव हैं। मैं इनके जज्बे और अपने दायित्व के प्रति इनके समर्पण को सलाम करता हूं। इनके सुखद और समृद्धि भविष्य की कामना करता हूं।

-डॉ. प्रदीप कुमार, जेडी, माध्यमिक लखनऊ मंडल

एक करोड़ के करीब पहुंचा कॉपियों का मूल्यांकन

अमृत विचार : यूपी बोर्ड दसवीं और बारहवीं के कॉपियों का मूल्यांकन जारी है। मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि हड़ताल के बाद दूसरे दिन सभी शिक्षकों ने मूल्यांकन में तेजी पकड़ी है। ऐसे 95,48,940 कॉपियां मूल्यांकन हो चुका है। सचिव ने कहा हम कह सकते हैं कि करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन लगभग हो चुका है। सचिव ने कहा कि ऐसी मूल्यांकन हुआ तो हम डेटलाइन के पहले ही इसे पूरा करवा लेंगे। सचिव ने बताया कि सभी केन्द्रों पर मूल्यांकन प्रक्रिया की आनलाइन निगरानी जारी है।

कोर्ट के आदेश पर होगी रिक्त पदों की भर्ती

कुलपति बोले- प्रकरण हाईकोर्ट में है लंबित, निर्णय के आधार पर स्थितियां होंगी स्पष्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में रिक्त पदों को लेकर समस्या फिलहाल समाप्त होने का नाम नहीं ले रही। कारण, विवि में पदों का प्रकरण हाईकोर्ट में विचाराधीन है। कुलपति का मानना है कि विवि में कई पद रिक्त चल रहे हैं, लेकिन कोर्ट आर्डर के बाद ही कोई व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में हाल दिनों में नौ शिक्षक बर्खास्त किये जा चुके हैं। जिससे कई पद रिक्त हुए हैं। इससे पहले भी विवि के कई विभागों में पद रिक्त चले आ रहे हैं। ऐसे में लेक्चर से लेकर प्रयोगात्मक परीक्षाओं को पूरा करने को लेकर संकट आन खड़ा है। इंजीनियरिंग, फार्मेसी, विधि सहित कई अन्य संकायों में तो स्थितियां और भी खराब हैं। ऐसे में रिक्त पदों को भरे जाना आवश्यक है। विवि के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालय में कई संकायों में पद रिक्त चल रहे हैं। बर्खास्त शिक्षकों के बाद ये संख्या और बढ़ी है लेकिन रेगुलर पदों को लेकर एक प्रकरण हाइकोर्ट में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेशों के बाद ही कोई स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। उसी के बाद बड़े पैमाने पर रिक्त पदों के लिए भर्तियां की जाएंगी।

▸▸ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कई संकायों में पद हो गए हैं रिक्त

चार हजार से अधिक छात्र हैं अध्ययनरत: विवि में अध्ययनरत छात्रों की संख्या चार हजार से अधिक है। इनमें इंजीनियरिंग, फार्मेसी, विधि सहित कई अन्य संकाय शामिल हैं।

जांच समिति को शिकायतकर्ता की तलाश: भाषा विवि से जुड़ी नियुक्ति में एक बड़े फर्जीवाड़े की शिकायत कई वर्ष पूर्व की गई थी। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2013 में हुई नियुक्ति को लेकर कई साक्ष्य भी प्रेषित किये। लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। नौ शिक्षकों की बर्खास्तगी से जुड़े मामले के बाद अमृत विचार ने इस मुद्दे को उठाया तो जांच ने रफ्तार पकड़ी। बताया जाता है कि फोन नंबरों के आधार पर जांच समिति शिकायतकर्ता की तलाश में है।

2 मई से होंगी परीक्षाएं

विवि में परीक्षाएं के लिए 2 मई की तिथि प्रस्तावित है। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा का कहना है कि मिड सेमेस्टर की भी पढ़ाई इसी माह पूरी हो जाएगी। ऐसे में परीक्षाओं की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

कुलपति व परिवार की बढ़ी सुरक्षा, पीएसी तैनात

अमृत विचार, लखनऊ : भाषा विवि के कुलपति और उनके परिवार की सुरक्षा को बढ़ाया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था में पीएसी बल तैनात किया गया है। कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह की पत्नी को बीते दिनों फोन करके परेशान किया गया था। ऐसे में कुलपति ने स्वयं और अपने परिवार को लेकर जान के खतरे की आशंका जताते हुए अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया था। केस दर्ज होने के बाद एक सुरक्षाकर्मी को ड्यूटी पर लगाया गया। लेकिन बढ़ती जांच के बीच पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को विस्तार दिया है। जांच अधिकारी संदीप मिश्रा का कहना है कि कॉल डिटेल खंगाली जा रही हैं। पूछताछ का क्रम जारी है। सुरक्षा व्यवस्था को विस्तार देते हुए पीएसी भी लगाई गई है।

शुरू हुई ऑनलाइन परीक्षा फार्म आवेदन की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने आरंभ हो गए हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि आवेदन की अंतिम तिथि 8 अप्रैल निश्चित की गई है।

लविवि के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर विद्यानंद त्रिपाठी बताते हैं आवेदन करने वाले छात्रों में स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि को सम्मिलित किया गया है। ऑनलाइन परीक्षाफार्म विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। फार्म भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। छात्रों द्वारा शासन के निर्देशानुसार एकेडमिक बैंक ऑफ केडिट पोर्टल पर अनिवार्य रूप से एबीसी बनायी जानी है। बिनाआईडी के परीक्षाफार्म पूर्ण नहीं माना जाएगा।

▸▸ संबद्ध महाविद्यालयों को भी लविवि प्रशासन की ओर से मिले निर्देश

विषय बदलने की सुविधा : परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि इस बार विषय और नाम दोनों ही बदले जाने की सुविधाएं विवि उपलब्ध करा रहा है। इसको लेकर संबद्ध महाविद्यालयों को भी निर्देशित किया जा चुका है। फार्म भरने के बाद उसे संबंधित संकायाध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्षों को कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।वहीं लखनऊ विवि से संबद्ध सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, उन्नाव, हरदोई और रायबरेली सहयुक्त महाविद्यालयों में ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्मों को लॉगिन के सहारे ही आगे बढ़ाया जा सकेगा।

सार-संक्षेप

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के छात्र व शिक्षक। अमृत विचार

छात्रों ने ऐतिहासिक स्थलों को करीब से जाना

अमृत विचार, लखनऊ : विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से एमए इतिहास और पीएचडी विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक दौरे का आयोजन किया। ऐसे में छात्रों को स्थलों की बारीकियों के बारे में भी अवगत कराया गया। विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज के छात्रों को लखनऊ के समृद्ध ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देने के लिए शैक्षणिक दौरे का आयोजन किया गया। मध्यकालीन और आधुनिक विभाग के प्रमुख प्रो. अमित वर्धन के नेतृत्व में बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, रेजीडेंसी, दिलकुशा, ला मार्टिनियर कॉलेज और बिबियापुर कोठी आदि प्रमुख स्थलों का दौरा किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर धरम कौर ने बताया कि छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों पर जाकर कक्षाओं में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। इससे न केवल छात्रों को सीखने के अमूल्य अवसर प्रदान हुए बल्कि ऐतिहासिक संदर्भों के बारे में उनकी समझ को गहरा करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी काम किया। यह शैक्षणिक यात्रा समग्र शिक्षा, बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने और छात्रों को समृद्ध करने के लिए मददगार रहा। इस दौरान छात्र -छात्राओं के साथ नेतृत्व प्रो. आलोक भारद्वाज, प्रो. राकेश कुमार, प्रो. ऊषा देवी, प्रो. ममता भटनागर, प्रो. मनीष श्रीवास्तव, प्रो. रमेश यादव, प्रो. बीबी यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

बच्चों ने प्रवेश उत्सव में दी मनमोहक प्रस्तुति

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय धनुवासांड में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एआरपी सुमन गिरि एवं सर्वेश शुक्ल और एसएमसी अध्यक्ष राकेश आनंद ने की। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तो लोग ताली बजाने पर मजबूर हो गये। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय एनएटी 2023 की परीक्षा में विकासखंड के टॉप10 विद्यालयों में सम्मिलित हुआ एवं दिसंबर 2023 में कक्षा 1, 2 और 3 के छात्रों का निपुण टेस्ट हुआ, जिसमें विद्यालय निपुण घोषित हुआ। मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि ए आर पी सर्वेश शुक्ला व सुमन गिरी ने कक्षा 1, 2 और 3 के दस दस निपुण छात्रों को प्रशस्ति पत्र, स्टेशनरी एवं मैडल दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक दिनेश सिंह,जया बिष्ट, दीपिका, उमेश चन्द्र उपस्थित रहे।

मेधावियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल चौक कैम्पस, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस एवं राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्रों को 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया।

डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स में सम्मानित होने वाले छात्र। अमृत विचार

शोध के सहारे अनन्या की चांद तक चमक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ की चमक चांद तक पहुंच रही है। चन्द्रयान टू के बाद अब अमेरिका में आर्टेमिस तीन पर किया गया शोध नए आयाम तय करने जा रहा है। लखनऊ के आलमबाग की रहने वाली छात्रा को एक्सोमार्स रोवर मिशन परियोजना के सहारे काम करने का मौका मिला है।

आलमबाग की रहने वाली अनन्या श्रीवास्तव बताती हैं कि उन्होंने अमेरिका स्थित 55 वें लूनर एण्ड प्लेनेटरी साइंस कांफ्रेंस में आर्टेमिस-तीन पर अपना शोध प्रस्तुत किया है। इसी को लेकर उन्हें एक्सोमार्स रोवर मिशन परियोजना में काम करने का मौका मिला है। बताती है कि वे उस डाटा को तैयार कर रही हैं, जिसके सहारे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यात्रियों को पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। कुछ तथ्य जुटा लिये गए हैं। साक्ष्यों को संकलित करके अंतिम रूप देना बाकी रह गया है।

▸▸ लखनऊ की छात्रा ने अमेरिका में आर्टेमिस तीन पर किया शोध

▸▸ एक्सोमार्स रोवर मिशन परियोजना पर काम करने का मिला मौका

कनाडा में कर रही हैं पीएचडी

छात्रा अनन्या श्रीवास्तव कनाडा की यूनिवर्सिटी आफ वेस्टर्न ओंटारियो में भूविज्ञान में पीएचडी कर रही हैं। बताती हैं कि उनका शोध ग्रह विज्ञान और अन्वेषण में विशेषता को लिये हुए है।

बीबीएयू से किया है स्नातक: अनन्या ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बीएससी भू-विज्ञान में स्नातक किया है। छात्रा अध्ययन के दौरान कई विषयों में गोल्ड मेडल भी प्राप्त कर चुकी हैं।

बच्चों ने जाना कहां और कैसे बनता है मध्यान्ह भोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से मोहनलालगंज में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय बरबलिया के के बच्चों ने शिक्षको के साथ मध्यान्ह भोजन परोसनी वाली संस्था द अक्षय पात्र फाऊंडेशन के मेगा किचन को बहुत करीब से देखा। इस दौरान बच्चो ने एक साथ सैकड़ों रोटिया बनते देखा और ये भी जाना कि उनके लिए यहां भोजन किस प्रकार से बनाया जाता है।

सरोजिनी नगर स्थापित द अक्षय पात्र के इस किचन के अधिकारियों ने बच्चों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बना भोजन हम लोग को विद्यालय में किस तरह से पहुंचाते हैं और कितनी साफ सफाई और किस तापमान पर मशीन को रखा जाता है। इस दौरान फाउंडेशन के क्वालिटी असिस्टेंट ललित ने बच्चों व शिक्षकों को बहुत अच्छी तरह व विस्तार से एक एक मशीन के पास ले जाकर समझाया इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान यूपीएस बरवलिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह, सहायक शिक्षिका स्मिता उपाध्याय उपस्थित रहे।

मेगा किचन को देखने पहुंचे प्राथमिक विद्यालय बरबलिया के छात्र। अमृत विचार

▸▸ एक साथ सैकड़ों रोटियां बनती देखकर बच्चे हुए हैरान

▸▸ संस्था अक्षय पात्र के मेगा किचन के कार्यों को देखा

मारपीट को लेकर चार पर कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : भाषा विवि में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध कार्रवाई की है। सैरपुर थाना प्रभारी का कहना है कि मारपीट के मामले में चारों छात्रों को शांतिभंग के तहत पाबंद किया गया है। फिलहाल विवि परिसर पुलिस ने गश्त भी की। बता दें कि भाषा विवि में बीते दिन किसी बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। एक पक्ष की ओर से तुषार तिवारी और सुमित सिंह वहीं दूसरे पक्ष की ओर से कायम और यूसुफ अली के बीच गाली-गलौज के साथ हाथापाई हुई। कुल प्रकरण को लेकर कुलपति द्वारा थाना पुलिस को सूचित किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष का कहना है कि तुषार तिवारी, सुमित सिंह, कायम और यूसुफ अली के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सभी को शांति भंग के तहत 151 में पाबंद किया गया है।

कोई बनेगा डॉक्टर, तो कोई पुलिस अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इनमें नया जोश है, उम्मीदों की उड़ान भी लिए हुए हैं। झोपड़पट्टी में रहने वाले यह बच्चे डॉक्टर और पुलिस अधिकारी बनना चाहते हैं। कहते हैं कि बीमारी और समस्या से परिवार को जूझते देखा है, इससे कुछ नया और बड़ा करना चाहते हैं।

झोपड़पट्टी के बच्चों ने ये बात लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व समाज कार्य दिवस पर हुए बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम में कही। विजय लक्ष्मी फाउण्डेशन से जुड़े अलिन्द्र अग्रवाल 80 बच्चों को कार्यक्रम में लेकर गए थे। इनमें कई सड़क पर वाहनों को पोछने का कार्य करते थे, अब पढ़ाई कर रहे हैं।

प्रियंका भी उन्हें बच्चों में एक हैं।कक्षा तीन में पढ़ाई कर रही प्रियंका ने बताया कि पापा बीमार रहते हैं। अब पढ़ने का मौका मिला, इच्छा हैं डॉक्टर बनूं। दीपक कश्यप के पिता होटल पर काम करते हैं। कहते हैं कि पहले पढ़ाई छूट गई थी मौका मिला तो वो पुलिस अधिकारी बनकर आगे बढ़ना चाहता है। विराज का कहना है कि खाने की ही नहीं तमाम समस्याओं को दूर करना तो पढ़ना ही होगा। अनन्या कहती हैं कि वो आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। आयोजित कार्यक्रम के दौरान नाट्य प्रस्तुतीकरण भी हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित कई विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

दीपक | प्रियंका | आयशा | अलिन्द्र अग्रवाल

▸▸ लखनऊ विवि में हुए कार्यक्रम में गरीब छात्रों को मिली नई राह

▸▸ पहले पोंछते थे गाड़ियां, अब कर रहे नियमित पढ़ाई

पढ़ाई ने बदली घरों की तस्वीर

आयशा कहती हैं कि वो झोपड़पट्टी के एक छोर पर सभी के साथ मिलकर अपनी पढ़ाई पूरी करती हैं। घर पहुंचकर पापा और अम्मी को भी शिक्षा की ओर प्रेरित किया तो परिवार में बड़ा बदलाव आया। आसिफ कहते हैं कि वो डाक्टर, गोल्डी शिक्षक और दीपान्ति द्वारा आईएएस बनने की इच्छा जताई गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम MAHESH था अब मैने बदलकर अपना नाम MAHESH KANAUJIYA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: CHANTU R/O: GADIYA KHEDA POST KADSADA PS MALIHABAD, LUCKNOW

सूचना

यह कि मेरे पुत्र अवनीश कुमार का चाल चलन सही न होने कारण उससे संबध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। **अनीता पत्नी स्व. राधेलाल निवासी भखरा, तहसील तिर्वा, जनपद कन्नौज**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र हैं। मेरा तीसरे नंबर का बेटा राम बहादुर सिंह का चाल चलन ठीक नहीं है। वह घर पर भी नहीं रहता है। मेरे कहने सुनने में नहीं है। पैतृक संपत्ति बेच डाला है। अपनी पत्नी व बच्चों से भी कोई वास्ता नहीं रखता है। यदि राम बहादुर सिंह के द्वारा कोई लेनदेन या अनैतिक कृत्य/आपराधिक कृत्य किया जाता है, तो मुझसे व मेरे अन्य बेटों से कोई लेना देना नहीं है। मैं उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करती हूं। **-पारसपती पत्नी स्वर्गीय कालीचरन सिंह, निवासी- ग्राम-मलेथू, बुजुर्ग मजरे जगदीशपुर, थाना इनायत नगर, तहसील-मिल्कीपुर, जिला- अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मैं वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला एवं सुरेन्द्र प्रसाद शुक्ला पुत्रगण स्व0 श्री रामेश्वर प्रसाद शुक्ला, निवासी- 536/265क, मदेहगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ, मकान सं0 एम.एस.- 102, सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ को श्री विजय कुमार पुत्र स्व0 श्री रामेश्वर सहाय एवं श्रीमती ऊषा पत्नी श्री विजय कुमार से दिनांक 19.01.2013 को बजरिये बैनामा क्रय किया था। उक्त मकान का मूल आवंटन पत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मुकेश रावत और पुत्रवधू प्रीति रावत को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति बेदखल कर दिया भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई लेनदेन नहीं होगा। **- जुगरा पत्नी भगवानदीन, निवासी- 307, उत्तरधोना, तिवारीगंज, लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मैं **अश्वनी कुमार, पता-107, बलुआ घाट, प्रयागराज,** मेरी पुत्री का घर में पुकराने वाला नाम (Nitya Kasera) है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम (Anushree Kasera) है जो कि पुत्री के आधार कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरी पुत्री को आज से (Nitya Kasera) के स्थान पर (Anushree Kasera) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं **चांदनी त्रिपाठी पत्नी अभय कुमार त्रिपाठी, निवासी- ग्राम व पोस्ट- जगतापुर, थाना- हुजूरपुर जनपद बहराइच** का आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से 5 लाख रूपया कर्जा हो रहा है। अभय कुमार त्रिपाठी की गाटा संख्या 159 को गारंटी के तौर पर लिया जा रहा है। यदि किसी भी बैंक को आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बहराइच**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1917304 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **- शंशाक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी, निवासी- धन्नी पुरवा नेवादा, थाना- राम गांव, जिला- बहराइच**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अतः मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये। **- शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली, पता - 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच**

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० बी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

गृहकर में पहली बार मिलेगी 15 फीसदी छूट

अमृत विचार, लखनऊ : समय पर गृहकर जमा करने वाले भवन स्वामियों को नगर निगम पहली बार 15 फीसदी की छूट देने जा रहा है। यह व्यवस्था पहली बार शुरू की गयी है। एक अप्रैल से इसे लागू कर दिया जाएगा। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने इस सम्बन्ध में एनआईसी को पत्र भेज दिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 30 जून तक गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत के अलावा पांच प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाएगी। भवन स्वामी का वित्तीय वर्ष 2023-24 का गृहकर 31 मार्च से पहले जमा होना चाहिए। यह छूट आवासीय भवनों पर दी जाएगी। 16 मार्च को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया। गृहकर पर छूट की नई व्यवस्था से समय पर गृहकर जमा करने वालों की संख्या बढ़ेगी। नगर निगम में गृहकर पर अभी तक अधिकतम 10 प्रतिशत छूट का प्रावधान था।

अब मोबाइल पर मिलेगी जांच रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में अब मरीजों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। अब उसके मोबाइल पर ही एक लिंक के माध्यम से रिपोर्ट भेज दी जाएगी। बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब पांच हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। इनमें से करीब डेढ़ हजार मरीजों की रोजाना विभिन्न प्रकार की खून की जांचें की जाती हैं। एक दिन जांच होने के बाद अगले दिन मरीज या तीमारदार को खून की जांच की रिपोर्ट लेने अस्पताल आना पड़ता है। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि नई व्यवस्था के मुताबिक खून की जांच कराने वाले मरीजों को अब मोबाइल पर ही रिपोर्ट मिल जाएगी। उन्हें अस्पताल जाने की जरूरत नहीं होगी। मरीज को पर्चा बनवाने के दौरान अपना सही मोबाइल नंबर लिखवाना होगा। उस पर्चे पर लिखी जांच लैब टेक्नीशियन करेगा। उसके बाद जब रिपोर्ट तैयार हो जाएगी तो मरीज के मोबाइल पर मैसेज के साथ एक लिंक जाएगा। इस लिंक को ओपन करने पर मरीज की रिपोर्ट दिखेगी।

गोमतीनगर के लोहिया पार्क में आयोजित देशज कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करतीं लोक गायिका मालनी अवस्थी।

कार्यक्रम के दौरान लोक नृत्य प्रस्तुत करते राजस्थान के कलाकार। अमृत विचार

सिर पर कलश रखकर नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार।

चकरी लोक नृत्य व उस्मान मीर की गायकी ने जीता दिल

सोन चिरैया की ओर से आयोजित देशज के तीसरे संस्करण की मुख्य सचिव ने की शुरुआत, गायक उस्मान मीर हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता
लखनऊ

अमृत विचार : सोन चिरैया की ओर से आयोजित देशज के तीसरे संस्करण की शुरूआत मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने मंगलवार को की। गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क में शुरू हुए इस कार्यक्रम में पहले दिन देश की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी की कोरियोग्राफी में प्राचीन कत्थक, कश्मीर का राउफ लोक नृत्य, मणिपुर का रस बड़ी-बड़ी कठपुतलियों के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। इसके बाद मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध बधाई नृत्य, राजस्थान के प्रसिद्ध जनजाति कंजर में होने वाला चकरी लोक नृत्य और पूर्वोत्तर के असम का बिहू की कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसके बाद राजस्थान गुजरात के प्रसिद्ध गायक विश्व प्रसिद्ध गायक उस्मान मीर ने अपनी गाय की से लखनऊ का दिल जीत लिया। इससे पहले अपने संबोधन में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने कहा कि हमारा देश विविधताओं में एकता का स्वरूप है। गांवों में किस्म-किस्म के लोक गीत, लोक नृत्य, लोक संस्कार, जिसने सैकड़ों हजारों साल से हमारी संस्कृति और हम लोगों को बचा के रखा है। धीरे-धीरे चीजें खत्म होती चली जाती है। जिससे हम अपने आप को भूल जाते हैं। जब हम अपने आप को भूल जाते हैं, तो हमारी ताकत भी खत्म होती जाती है। हाल के समय में हमने अपने अपनी ताकत को पहचाना है।

देशज सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

देशज सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुजरात के गायक उस्मान मीर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पदमश्री लोक गायिका मालनी आवस्थी, मुख्य मंत्री के सलाहार अवनीश अवस्थी। अमृत विचार

लोक कलाओं के महोत्सव का साक्षी बन रहा सोन चिरैया

पिछले दो सालों से लखनऊ सोन चिरैया द्वारा प्रस्तुत लोक कलाओं के महोत्सव देशज का साक्षी बनता रहा है इस बार फिर से सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री से सम्मानित मालिनी अवस्थी के संयोजन में देशज का तीसरा संस्करण शुरू हुआ है। यहां लोक कलाओं का समृद्ध लोग परंपराओं लोक नृत्य का आनंद ले सकते हैं। यह कार्यक्रम दो दिन तक चलेगा।

गोमती बैराज के फाटक की मरम्मत शुरू करेगा सिंचाई विभाग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : सिंचाई विभाग 1090 चौराहे के पास स्थित गोमती बैराज के फाटक की जल्द मरम्मत शुरू करेगा। जलकल विभाग मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग को जल्द नोटिस जारी करेगा।

बैराज के गेट नंबर एक और नौ से पानी रिस रहा है। इसकी मरम्मत की जरूरत है। सिंचाई विभाग ने गर्मी से पहले इसे सही कराने के लिए जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर कार्य शुरू करने की अनुमति मांगी थी। लेकिन जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता ने त्योहार और लोकसभा चुनाव को देखते हुए अनुमति देने से इंकार कर दिया। इसके बाद सिंचाई विभाग ने जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को भी पत्र लिखा है। नगर आयुक्त ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर सिंचाई विभाग द्वारा गऊघाट पम्पिंग स्टेशन तक पानी पहुंचाने के लिए कुड़ियाघाट के पास बनाये गए बंधे पर कर्मचारी तैनात कर दिये गए हैं, जिससे पानी की दिक्कत नहीं होगी।

बैराज के दोनों गेट खोलने से 10 फिट तक गिर सकता है जलस्तर : बैराज के दोनों गेट खोलने से गऊघाट पम्पिंग स्टेशन के पास गोमती नदी का जलस्तर लगभग 10 फिट तक गिर सकता है। इससे गऊघाट को जरूरत के हिसाब से पानी नहीं मिल पाएगा। गऊघाट से ऐशबाग और बालागंज वाटर वर्क्स को पानी दिया जाता है। इन वाटर वर्क्स से पुराने लखनऊ की लगभग 10 लाख से अधिक आबादी को पानी शोधित करके पहुंचाया जाता है। गऊघाट को जरूरत के अनुसार पानी न मिलने से पुराने लखनऊ में जलापूर्ति प्रभावित होगी।

- जलकल विभाग से जल्द जारी की जाएगी एनओसी
- कुड़ियाघाट के पास बने बंधे से गऊघाट स्टेशन को दिया जाएगा पानी
- जलकल विभाग ने कर्मचारी किये तैनात

मरम्मत में लगेंगे 20 दिन

सिंचाई विभाग पिछले साल बैराज के दोनों गेट की मरम्मत करने जा रहा था। लेकिन गोमती नदी के जलस्तर को मेनटेन रखने की कोई व्यवस्था न होने से काम शुरू नहीं किया। सिंचाई विभाग ने कुड़ियाघाट के पास एक बंधा बनाया है। मरम्मत के दौरान जलस्तर कम होने पर इस बंधे से गऊघाट के पास पानी पहुंचाया जाएगा। जिससे यहां का जलस्तर बनाये रखने में मदद मिलेगी।

आउटसोर्स बिजली कर्मियों ने मनाया काला दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली आउटसोर्स कर्मचारियो की मांगे माने ना जाने के विरोध मे विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति ने मंगलवार को काला दिवस मनाया। इसमे प्रदेश भर के सभी आउटसोर्स कर्मियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की ओर से पूर्व में हुए समझौते को पालन कराने हेतु 16 मार्च 2023 को 72 घंटे का सांकेतिक हड़ताल किया गया। जिसके बाद उर्जा मंत्री की ओर से कर्मचारियो की मांगो को पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया इसके बावजूद कर्मचारियों की किसी भी मांग को पावर कारपोरेशन की ओर से आजतक पूरा नही किया गया है। इस दौरान मांगो के अनुपालन के लिए कारपोरेशन के आला अधिकारियो से कई बार वार्ता भी की गई है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई ना होने के कारण कर्मचारियों को काला दिवस मानने पर मजबूर होना पड़ा है।

गुल रहेगी बिजली, दो लाख लोग होंगे प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी के कई इलाकों में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब दो लाख से ज्यादा आबादी प्रभावित रहेगी।

आरडीएसएस योजना के तहत विकास नगर में 400 केवीए परिवर्तक सैक्टर-13 में खराब कंडक्टर को बदलने का किया जायेगा। इसके साथ ही गुलशन एनक्लेव पर एबी कंडक्टरों को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते गांधीनगर, गुलशन एनक्लेव, विकास नगर के सेक्टर-4,9 और 13 में आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही हुसैनगंज के दरुलशफा उपकेंद्र पर लगे 11 केवी इनकमिंग और भोपाल हाउस फीडर, कैंट रोड़ फीडर और बीएन रोड के साथ लालबाग फीडर पर रिले बदलने और उससे संबंधित कार्य किये जाने के चलते भोपाल हाउस, टीएन रोड, नाजा मार्केट, शुभम सिनेमा, स्मार्ट सिटी ऑफिस, घसियारी मंडी, निर्यात भवन, क्विंटन रोड, बीएन रोड, खंदारी बाजार, लालबाग, बेलदारी लेन, नूर मंजिल, सेफ सिटी ऑफिस की सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

अहिबरनपुर उपकेंद्र के डालीगंज में बागशाह जी फीडर के तहत गोडीयन टोला ट्रांसफॉर्मर, शेर मोहम्मद प्लाटिंग, मोहन मेकिंग के उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों पर कार्य किया जायेगा। जिसके कारण इसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। विश्वविद्यालय उपकेंद्र से पोषित 11केवी फैजाबाद रोड फीडर से पोषित मेवा नर्सरी ट्रांसफार्मर के जर्जर एलटी कंडक्टर को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण मेवा नर्सरी, पांचवीं से सातवीं गली निशातगंज के साथ पुराना बादशाहनगर सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकीपुरम में खुले तार के जगह एबीसी केबल लगाने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते जानकीपुरम के सेक्टर एच दो और सेक्टर एच फोर के साथ सेक्टर आई में आपूर्ति बाधित रहेगी।

- आरडीएसएस योजना के तहत किया जाएगा कार्य

होली और रमजान के त्योहार पर खरीदारी के लिए अमीनाबाद बाजार में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

पर्चा एक रुपये का, दवाएं सैकड़ों की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ये दो उदाहरण महज बानगी भर के है। ऐसी समस्या का सामना ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय (टीबी) अस्पताल में मुफ्त इलाज के आस में आने वाले मरीजों को रोजाना करना पड़ रहा है। डॉक्टर धड़ल्ले से बाहर की दवाइयां लिख रहें हैं। जो आम लोगों की बजट में नहीं होती हैं। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में यदि दवाइयां पर्याप्त नहीं हैं तो सरकार को व्यवस्था करानी चाहिए।

ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की ओपीडी में मुफ्त इलाज की आस में रोजाना करीब डेढ़ हजार मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। यहां मरीज हरदोई तक के आतें हैं। इसमें डॉक्टर मरीजों को दवाएं लिख रहे हैं। डॉक्टर जरिए लिखी गई चार से पांच दवाओं में महज दो या तीन दवाएं अस्पताल से मिल रही है, बाकी दवाएं बाहर से लेनी पड़ रही है। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि कई डॉक्टर ऐसे हैं जो कमीशन के लिए बाहर की दवाइयां लिखते हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा कई डॉक्टरो को चिन्हित कर चेतावनी भी दी जा चुकी है, लेकिन सुधार नहीं हो रहा।

> अस्पताल में सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध हैं, बुधवार को ओपीडी में निरीक्षण किया जाएगा। जो भी डॉक्टर बाहर की दवा लिखेगा, उससे जवाबदेही तय की जाएगी।
>
> –डॉ. एसपी सिंह, सीएमएस ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय

केस 1 हरदोई के रहने वाले मोहित को खांसी, बुखार की शिकायत थी। मुफ्त में इलाज पाने के लिए ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय आए। करीब दो घंटे तक लाइन में लगने के बाद डॉक्टर ने देखा। उन्हें सीरप और दो दवाइयां बाहर की लिख दी गईं। मेडिकल स्टोर में उन दवाओं की कीमत बजट से कहीं ज्यादा होने के कारण खरीदने में असमर्थ हो गए।

केस 2 सहादतगंज के रहने वाले वारिश अपने चार साल के बीमार बच्चे को दिखाने लाए थे। डॉक्टर ने पर्चे पर कुल पांच दवाइयां लिखी। काउंटर पर जाने पर बताया गया कि पर्चे के नीचे के हिस्से में लिखी दो दवाइयां बाहर मिलेंगी।

मोहनलालगंज का उपकार अस्पताल सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मोहनलालगंज इलाके में अवैध तरीके से संचालित ओम उपकरण अस्पताल का संचालन बंद कर सील कर दिया गया है। सीएचसी की टीम ने मंगलवार को बंद कराकर अस्पताल पर नोटिस भी चस्पा किया है।

मोहनलालगंज सीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक का कहना है आईजीआरएस पोर्टल पर अस्पताल की शिकायत हुई थी। जांच में अस्पताल का पंजीकरण नहीं मिला था। लिहाजा अस्पताल के संचालन पर रोक लगाई है। मोहनलालगंज खुजौली स्थित ओम उपकार अस्पताल पर सीएमओ की टीम ने पहले कार्रवाई किया था। जिसके बाद अस्पताल संचालक ने नाम बदलकर संचालन शुरू किया था। अस्पताल प्रशासन ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया था।

उसका पंजीकरण नहीं हो पाया था। अवैध तरीके से अस्पताल का संचालन हो रहा था। सीएचसी की टीम ने सुबह अस्पताल पहुंचकर सेवाएं रोक दी। अस्पताल पर संचालन पर रोक की नोटिस चस्पा किया है।

- अवैध तरीके से संचालित होने पर की गई कार्रवाई

होली स्पेशल ट्रेनों में उपलब्ध हैं सीटें, करा सकते हैं बुकिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: होली यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन विशेष ट्रेनें चला रहे हो। इन ट्रेनों में अभी भी सीटें और बर्थ उपलब्ध है। यात्री इनमें सीट बुक कराकर सुविधा पूर्वक अपना सफर पूरा कर सकते हैं। गोमती नगर से 21 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 05012 गोमती नगर-छपरा विशेष ट्रेन के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 29, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 347, शयनयान श्रेणी में 182 बर्थ एवं द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 363 सीटें उपलब्ध हैं। गोमती नगर से 23 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 05012 गोमती नगर-छपरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 15 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 282 बर्थ उपलब्ध हैं। गोमती नगर से 25 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 05012 गोमती नगर-छपरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 364, शयनयान श्रेणी में 257 बर्थ एवं द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 529 सीटें उपलब्ध हैं।

गोमती नगर से 27 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 05012 गोमती नगर-छपरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 364, शयनयान श्रेणी में 255 बर्थ एवं द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 530 सीट उपलब्ध हैं।

गोरखपुर से 22 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन के द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 1231 सीटें उपलब्ध हैं।

गोरखपुर से 29 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन के द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 1236 सीटें उपलब्ध हैं।

गोरखपुर से 23 मार्च, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष ट्रेन के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 70, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 311 बर्थ एवं द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 02 सीट उपलब्ध है। गोरखपुर से 30 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष ट्रेन के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 27 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 218 बर्थ उपलब्ध हैं। गोरखपुर से 23 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 01104 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष ट्रेन के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 07, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 34 एवं शयनयान श्रेणी में 509 बर्थ उपलब्ध हैं।

गोरखपुर से 30 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 01104 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष ट्रेन के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 19 एवं शयनयान श्रेणी में 459 बर्थ उपलब्ध हैं। गोरखपुर से 22 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ विशेष ट्रेन के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 91, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 334, शयनयान श्रेणी में 459 बर्थ एवं द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 160 सीटें उपलब्ध हैं। गोरखपुर से 29 मार्च को प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ विशेष ट्रेन के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 96, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 302, शयनयान श्रेणी में 73 बर्थ एवं द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 161 सीटें उपलब्ध हैं।गोमती नगर से 22 मार्च जाने वाली ट्रेन नंबर 07220 गोमती नगर-सिकंदराबाद विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 22, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 210, शयनयान श्रेणी में 398 बर्थ एवं द्वितीय श्रेणी चेयरकार में 144 सीटें उपलब्ध हैं।

- छपरा, मुंबई और सिकंदराबाद और चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेनों में बुक करा सकते हैं सीट

रतनसराय स्टेशन पर रुकेगी विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 05012/05011 गोमतीनगर-छपरा-गोमती नगर होली विशेष ट्रेन का संचलन गोमतीनगर से 21, 23, 25 एवं 27 मार्च को और छपरा से 22, 24, 26 एवं 28 मार्च को 04 फेरों के लिये किया जाएगा। इस ट्रेन का ठहराव रतनसराय स्टेशन पर तय किया गया है।

ऐसे में ट्रेन नंबर 05012 गोमतीनगर-छपरा होली विशेष गाड़ी रतनसराय स्टेशन पर 22.12 बजे पहुंचकर 22.14 बजे छूटेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05011 छपरा-गोमतीनगर होली विशेष ट्रेन रतनसराय स्टेशन पर 07.23 बजे पहुंचकर 07.25 बजे छूटेगी।

प्रभावित रहेगा मार्ग: पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल प्रशासन के अनुसार सीतापुर-खैराबाद रेलखण्ड के मध्य समपार संख्या 72 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य बुधवार को कराया जाना है। यह कार्य बुधवार की रात्रि से से 21 मार्च शाम तक किया जाएगा। ऐसे में औद्योगिक संस्थान सीतापुर से खैराबाद को जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहेगा।

तेजस में लगेंगे आज से दो अतिरिक्त कोच

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 82501/82502 लखनऊ जं.-नई दिल्ली-लखनऊ जं. तेजस एक्सप्रेस में 20 मार्च से एक अप्रैल तक वातानुकूलित कुर्सी यान और एक्जीक्यूटिव क्लास का एक-एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। इस गाड़ी में अतिरिक्त कोच लगाए जाने के बाद वातानुकूलित कुर्सी यान श्रेणी के 13, एक्जीक्यूटिव क्लास के 03 और पावर कार के 02 यान सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

एक नजर

नाबालिग लापता, युवक पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां इलाके में नाबालिग के लापता होने के मामले में युवक के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 17 मार्च की देर शाम उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी घरेलू काम से घर से निकली थी। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो खोजबीन की, पता चला कि बक्तखेड़ा निवासी युवक शोभित उसकी बेटी को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। पीड़िता ने बेटी के संग अनहोनी की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर लिया जायेगा।

मामूली विवाद में दो पक्षों मे जमकर मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत बेहसा अमौसी में मामूली विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट गई। सरोजनीनगर के बेहसा अमौसी निवासी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि पड़ोसी विनोद अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर आए दिन उनके परिवार से झगड़ता है। सोमवार शाम पड़ोसी ने पीड़ित व उसकी पत्नी पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में उनकी पत्नी का सिर फट गया। वहीं, विनोद का कहना है कि पड़ोसी रविन्द्र कुमार उन्हें बेवजह अपशब्द कहने लगा। विरोध करने पर पड़ोसी उसके पारिवारिक सदस्यों से मारपीट करने लगा। इस मारपीट में पत्नी और बेटी घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस एफआईआर दर्ज की है।

अधिवक्ता ने लगाया इंस्पेक्टर पर मारपीट का आरोप

संवाददाता, मलिहाबाद

- अधिवक्ता के साथियों ने एसीपी को दी लिखित शिकायत
- दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : माल थाने में दो भाईयों के बीच सुलह समझौता कराना एक अधिवक्ता को भारी पड़ गया। समझौता होने के बाद पुलिस ने रूपयों की मांग की। इसको लेकर अधिवक्ता ऐतराज जताने लगा। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल आधा दर्जन पुलिसकर्मियों के साथ अधिवक्ता की पिटाई कर दी। अधिवक्ता ने यह आरोप लगाते हुए एसीपी मलिहाबाद को शिकायत देकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

माल के नबीपनाह गांव निवासी अधिवक्ता हरिश्चंद्र ने बताया कि गत 16 मार्च को उनकी मौसी के दो पौत्रों के बीच झगड़ा हो गया था। जिसके बाद मामला माल थाने पहुंचा। रिश्तेदारों के कहने पर पीड़ित थाने पहुंचा ओर दोनों पौत्रों के बीच सुलह-समझौता हो गया। अधिवक्ता का आरोप है कि सुलह होने के बाद थाने में तैनात पुलिसकर्मी रुपयों की मांग कर रहे थे। पीड़ित ने रुपये देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक ने सिपाही समेत छह पुलिसकर्मियों के साथ अधिवक्ता की पिटाई कर दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अपमानक जनक शब्दों का इस्तेमाल भी किया। उसके बाद पुलिस ने अधिवक्ता पर शांतिभंग की कार्रवाई भी कर दी। मंगलवार को अधिवक्ता हरिश्चंद्र अपने साथियों को लेकर एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के पास पहुंचा। जहां उसने थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों पर मारपीट, जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कराई जा रही है। जांच में दोष सिद्ध होने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

–वीरेंद्र विक्रम सिंह, एसीपी मलिहाबाद

गत 16 मार्च को हरिश्चंद्र शराब के नशे में धुत होकर थाने आए थे। इसके बाद थाने के सामाने एक राहगीर की पिटाई की उसका गला दबा दिया था। राहगीर ने हरिश्चंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने उन पर शांतिभंग की भी कार्रवाई की थी।

–राजेश त्रिपाठी, माल थाना प्रभारी

वायरल वीडियो मामले में दीवान और सिपाही सस्पेंड

अमृत विचार, लखनऊ : कैंट की तोपखाना चौकी का वायरल वीडियो सोमवार देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें दीवान और सिपाही नशे में धुत बहस करते दिख रहे हैं। वीडियो को संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियों ने एसीपी कैंट पंकज कुमार सिंह को जांच सौंपी थी। उनकी रिपोर्ट पर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया। एसीपी कैंट ने बताया कि वायरल वीडियो में दीवान त्रिलोक बालियान और सिपाही अभिषेक कुमार दिख रहे हैं। जांच में पता चला कि अभिषेक का तबादला होने से त्रिलोक ने चौकी के बगल का कमरा खाली करने को कहा। इससे भड़का अभिषेक शराब की बोतल के साथ त्रिलोक का वीडियो बनाने लगा। विवाद बढ़ने पर मामला कैंट थाना पहुंचा। वहां त्रिलोक ने अभिषेक पर कमरा नहीं खाली करने का आरोप लगाया। दोनों को समझा कर सुबह थाने बुलाया गया था। उससे पहले मामले का वीडियो वायरल हो गया। एसीपी ने बताया कि दोनों की जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

विरोधियों को फंसाने के लिए दर्ज कराई लूट की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस की तस्दीक में फर्जी निकला लूट का आरोप
- 17 को किराना व्यापारी ने अज्ञात बदमाशों पर दर्ज कराई थी रिपोर्ट

अमृत विचार : गोसाईंगंज थाने में किराना व्यापारी ने अज्ञात बदमाशों पर 1.70 लाख रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तस्दीक में पता चला कि व्यापारी ने विरोधियों को फंसाने के लिए लूट का आरोप लगाया है।

16 मार्च की रात करीब 10 बजे पूरनखेड़ा निवासी किराना व्यापारी आदित्य सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम सूचना दी थी। उसका आरोप था कि राधिका पुलिया के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे की बट से उसकी पिटाई कर 1.70 लाख रुपये छीन लिए थे। प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि तस्दीक करने पर यह बात सामने आई कि वारदात में लूट का आरोप निराधार है। किराना व्यापारी के साथ मारपीट की गई थी। जिससे उसके सिर पर चोट आई थी। जिसके बाद पुलिस ने किराना व्यापारी व उसके भाई अर्जुन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अर्जुन सिंह ने पुलिस को बताया कि किराना व्यापार ने 1.70 लाख पहले ही जमा कर दी थी। वारदात में रुपये छीने नहीं गए है। विरोधियों को फंसाने के लिए व्यापारी ने लूट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

होटल के कमरे में मिला बी-फार्मा के छात्र का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्र की पहचान सिद्धार्थनगर के बोहली गांव निवासी अमरेश चौधरी के रूप में हुई

अमृत विचार : नाका थाना क्षेत्र के अमन सारा होटल के कमरे में मंगलवार रात बी-फार्मा के छात्र अमरेश चौधरी का शव मिला।

पुलिस ने घटना स्थल की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि होटल से मिली आइडी के आधार पर छात्र की पहचान सिद्धार्थनगर के बोहली गांव निवासी अमरेश चौधरी के रूप में हुई है। वह लखनऊ किसी काम से आया था। दोपहर 12 बजे होटल में किराये से कमरा लिया था। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो अनहोनी की आंशका होने पर होटल के स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो उसका शव बेड पर पड़ा था। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। छात्र के परिजन को सूचना दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पूर्व डीआईजी के घर के सामने से लोहे की जाली चोरी, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना इलाके के रहने वाले रिटायर्ड डीआईजी के घर के सामने नाली के ऊपर लगी लोहे की जाली चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है।आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया इलाके में रहने वाले रिटायर्ड डीआईजी उदय शंकर जायसवाल ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई था। बताया था कि उनके घर के बाहर से एक हफ्ते पहले नाली के ऊपर लगी जाली चोरी हो गई थी। पुलिस ने छानबीन की तो आलमबाग के नटखेड़ा निवासी सीमा को मामले में संलिप्त पाया। उसे गिरफ्तार कर 12 किलो नट बोल्ट और डेढ़ किलो सफेद एल्युमिनियम बरामद किया है।

युवती ने लगाया सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंटरव्यू के बहाने बुला कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला की वारदात
- शिकायत पर गुडम्बा पुलिस मामले की जांच में जुटी

अमृत विचार: गुडम्बा में युवती ने एक कंपनी के मालिक व उनके दोस्तों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि कंपनी के मालिक ने इंटर व्यू के लिए बुला कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला दुष्कर्म किया। इसके बाद रिवाल्वर दिखा धमकी दी।

30 वर्षीय आर्टिस्ट युवती ने बताया कल्याणपुर स्थित एक कंपनी में नौकरी के लिए अप्लाई किया था। उसे फोन कर बताया गया कि चुन लिया है। कार्यालय आ जाओ। 27 दिसंबर 2023 को अवध बस अड्डे से कंपनी मालिक ने उसे लेने कार भेजी। कार चालक

उसे ऑफिस के बजाय एक घर पर ले गया। जहां से कंपनी मालिक उसे सिनेमा हाल ले गए। जहां पार्टनर से मिलाया। आरोप है कि 1 जनवरी 2024 तक उसे घर में रखा, फिर न्यू ईयर पर नये ऑफिस के उद्घाटन की पार्टी में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला कंपनी मालिक व पार्टनर ने सामूहिक दुष्कर्म किया। होश में आने पर कंपनी मालिक पार्टनर के साथ बैठा था। विरोध पर तीसरे साथी ने रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कई दिनों मकान में बंधक बना सामूहिक दुष्कर्म करते रहे। इसके बाद पीड़िता को बस अड्डे पर छोड़ दिया। शिकायत करने पर आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि मामला पुराना है। लड़की जिस पर आरोप लगा रही है। उसके दोनों मौसेरे भाई हैं। कहा मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप

अमृत विचार , काकोरी : दुबग्गा क्षेत्र के सैदपुर महेरी निवासी किसान विष्णु कुमार ने बताया कि पत्नी माधुरी की तबीयत खराब होने पर पलिया गांव के झोलाछाप के यहां ले गया था। जहां गलत इलाज से हालत बिगड़ने पर आनन फानन में चरक अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विष्णु ने झोला छाप के गलत इलाज से पत्नी की मौत का आरोप लगाया है। विष्णु ने कहा कि चार दिन पहले दुबग्गा पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन अब तक सुनवाई नहीं हुई। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट बनाकर मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी को जांच के लिए भेज दी है। रिपोर्ट आने के कार्रवाई की जाएगी। काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि शिकायत आई है, मेडिकल जांच के आधार पर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज कर कार्रवाई की जाएगी।

मेहदी घाट क्षेत्र में भरे गोमती के पानी से निकलकर जाते क्षेत्रीय निवासी। अमृत विचार

डूबने से हुई एमसीए छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- सोमवार को 1090 चौराहे पर गोमती नदी में मिला था शव

अमृत विचार : पानी में डूबने से हुई एमसीए छात्र मयू सैनी (24) की मौत हुई थी। इस बात की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। फिलहाल, परिजनों की तरफ पुलिस को लिखित शिकायत नहीं मिली है। लाल बाहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट से निकलने के बाद मयू ने गोमती में किस जगह से छलांग लगाई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

अलीगंज के बड़ा चांदगंज निवासी मयू सैनी कुर्सी रोड स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट से एमसीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। गत 15 मार्च को वह परीक्षा देने सीतापुर रोड स्थित बंसल इंस्टीट्यूट गया था। फ्लाइंग

मयू सैनी

स्कवायड ने मयू और उसके पीछे बैठे छात्र की कॉपी एक जैसी मिली थी। फ्लाइंग स्क्वायड ने दोनों छात्रों की कॉफी जमा कर दूसरी कॉपी दी थी। परीक्षा के बाद मयू घर चला आया था।

16 जून को वह अपने इंस्टीट्यूट लाल बहादुर शास्त्री गया था। इंस्टीट्यूट से निकलने के बाद वह कहां गया उसका कुछ पता नहीं चला था। गुडंबा पुलिस मयू की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश कर रही थी। इस बीच सोमवार को मयू का शव चटोरी गली के पास गोमती में मयू का शव उतराता मिला था। गुडंबा प्रभारी निरीक्षक नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों के परिजनों की तरफ से तहरीर नहीं मिली है और न ही किसी पर कोई आरोप लगाया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : इटौंजा थाना अंतर्गत बाहर गांव क्रॉसिंग के समीप 26 वर्षीय अज्ञात की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी। पुलिस ने शव पहचान के लिये मोर्च्युरी में रखवाया है। इटौंजा इंस्पेक्टर मारकंडेय यादव ने बताया शाम सोमवार शाम करीब 7 :30 बजे एक ट्रेन लखनऊ से सीतापुर की तरफ जा रही थी। तभी युवक चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। युवक की शिनाख्त के लिए आसपास के ग्रामीणों को बुलाया किया, लेकिन नहीं हो सकी। बताया पहचान के लिये 72 घंटे के लिये शव मोर्च्युरी में रखवाया है।

नौकरी दिलवाने का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : सचिवालय कर्मी अलीगंज निवासी यशदीप वर्मा पर पीजीआइ निवासी युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोर्ट की मदद से हुसैनगंज थाने में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीड़िता ने बताया कि यशदीप वर्मा खुद को सचिवालय में तैनात बता नौकरी दिलाने की बात कही। युवती के परिवारजन ने कई बार में यशदीप को तीन लाख रुपये दे दिए। 16 जुलाई को यशदीप ने युवती को हुसैनगंज स्थित एक होटल बुला कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ दे दुष्कर्म किया। विरोध करने पर अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद शोषण करने लगा। युवती ने फोन उठाना बंद कर दिया, तो अश्लील वीडियो व फोटो उसके परिवारजन को भेज दी। घटना का पता चला तो वह लोग शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचे। वहां पर आरोपित के पिता ने दोनों की शादी करने का वादा किया और शिकायत न करने की मिन्नत की। युवती के परिवारजन राजी हो गए। आरोप है कि यशदीप सचिवालय कर्मचारी भी नहीं है।

बच्चे को कार से कुचलने वाले चालक पर प्राथमिकी

अमृत विचार, लखनऊ : सैरपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत आईआईएम रोड पर रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने गुमटी में बैठे विकास (11) को रौंद दिया था। बच्चे के मौत के बाद परिजन ने हंगामा कर कार चालक की गिरफ्तारी की मांग की है। सोमवार देर रात पुलिस ने कार चालक धीरेंद्र पर गैर इरादतन हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र गुप्ता के मुताबिक, सीतापुर जनपद के महमूदाबाद निवासी दिनेश कुमार पत्नी रमा देवी व बेटे विकास (11) के साथ रहकर पान-मसाले की गुमटी चलाते हैं। रविवार रात साढ़े दस बजे घैला की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने गुमटी के ऊपर चढ़ गई। हादसे में विकास की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे के चाचा प्रवेश कुमार की लिखित शिकायत पर मड़ियांव का एल्डिको ग्रीन निवासी चालक धीरेंद्र पर गैर-इरादतन हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

गाड़ी ओवरटेक करने के विवाद में क्लीनिक संचालक पर हमला

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-बी में सोमवार रात गाड़ी ओवरटेक करने के विवाद में दबंगों ने एक क्लीनिक संचालक पर हमला कर दिया। अलीगंज के सेक्टर बी निवासी क्लीनिक संचालक सौरभ सोमवार रात करीब 10 बजे क्लीनिक से घर लौट रहे थे। आरोप है कि घर के नजदीक बाइक ओवरटेक करने के विवाद मे दो दबंगों ने उन्हें रोक लिया। फिर आरोपी झगड़ा करने लगा। विरोध करने पर दबंगों ने क्लीनिक संचालक पर लाठी-डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। हंगामा बढ़ने पर हमलावर क्लीनिक संचालक को धक्का देकर घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक विनोद तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की तलाश की जा रही है।

बुजुर्ग महिला का प्लाट कब्जाने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, निगोहां : थाना क्षेत्र के पुरहिया गांव में बुजुर्ग महिला के प्लाट की पर कब्जा करने वाले प्रापर्टी डीलर भाइयों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गांव की महिला दशरथ देई ने पुलिस को बताया प्रापर्टी डीलर अनुज कुमार ने अपने भाइयों बैजनाथ, अतुल कुमार,अवनीश के साथ मिल प्लाट की बाउंड्रीवाल तोड़ पेड़ काट कब्जा कर निर्माण शुरू कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जमीन हड़पने की नीयत से युवकों ने तोड़ी दीवार

अमृत विचार, लखनऊ : निगोहां थानाक्षेत्र अंतर्गत पुरहिया गांव में जमीन हड़पने की नीयत से युवकों ने दीवार गिरा दी। आरोपियों पर कार्रवाई की जाने की मांग को लेकर महिला ने कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अनुज तिवारी के मुताबिक, पुरहिया गांव निवासी दशरथ देई ने अनुज कुमार, बैजनाथ, अतुल और अवनीश पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। लिखित शिकायत में महिला का आरोप है कि सभी लोग उसकी जमीन हड़पना चाहते है। उसकी गैर मौजूदगी में आरोपियों ने साजिश के तहत उनके प्लॉट की दीवार गिरा दी। विरोध करने पर अरोपी धमकाने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

पारा में बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट, मामला दर्ज

अमृत विचार,काकोरी : पारा थाना क्षेत्र के काकोरी मोड़ मोतीझील कालोनी में एफसीआई उपखंड अधिकारी संतोष कुमार पाठक अपने कर्मचारियों में टीजी टू विजय कुमार, कृष्ण पाल और ड्राइवर शकील अहमद के साथ कालोनी में बिजली चोरी चेक करने गए थे। जहां पर श्रवण कुमार के साथ किसी बात को लेकर वाद विवाद शुरू हो गया और कुछ देर बाद श्रवण ने अपने साथियों के साथ मारपीट शुरू कर दिया। इस संबध में पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि एफसीआई काकोरी उपखंड के अधिकारी संतोष कुमार पाठक के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मारपीट करने वाले श्रवण कुमार और तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है।

राजधानी में 17 मई तक धारा 144 लागू, धरना-प्रदर्शन पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में आगामी 17 मई तक के लिये धारा 144 बढ़ाई गई है। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहारों समेत अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के चलते शांति व्यवस्था कायम रखने के मद्देनजर 144 लागू की गई है।

बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बिना अनुमति निर्धारित धरना स्थल छोड़ अन्य स्थान पर प्रदर्शन, सरकारी दफ्तरों व विधान भवन के आसपास एक किलोमीटर परिधि में ड्रोन से शूटिंग आदि प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा असलहा व शस्त्र लेकर भी नहीं चल सकेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर पुतला जलाना, अफवाह फैलाने वाले पर भी कार्रवाई की जायेगी। मकान मालिक बिना पुलिस सत्यापन किरायेदार नहीं रखेंगे। ऐसा नहीं करने पर कोई घटना होने पर मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जेसीपी ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिये ई-रिक्शा चालकों व मालिकों को जल्द से जल्द सत्यापन कराने के निर्देश दिये हैं। जेसीपी ने कहा 19 मार्च से यह व्यवस्था लागू रहेगी।

महिला को जलाने का प्रयास और मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता सरोजनीनगर

- बिजनौर इलाके का मामला, पीड़िता ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

अमृत विचार: बिजनौर इलाके में विवाद के बाद महिला पर जलती तीली फेंकने और पीटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना अंतर्गत न्यू गुड़ौरा निवासी पिंटू यादव की पत्नी उमा यादव (28) सोमवार रात करीब 9:30 बजे सब्जी की दुकान पर बैठी थीं। तभी पड़ोसी गोलू उर्फ रमेश ने माचिस मांगी, और उमा को मकान खाली करने की धमकी दे गाली देने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने बीड़ी जलाकर माचिस की जलती तीली उस पर फेंक मुंह पर घूंसा मार बाइक से भाग निकला। उमा बेहोश होकर गिरी और कपड़ों में आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने आग आनन-फानन बुझा उमा को अस्पताल पहुंचाया। जांच करने पहुंची पुलिस को पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में आरोपी की करतूत पता चल गयी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा ने बताया कि आरोपी गोलू और उमा का पति पिंटू यादव सौतेले भाई हैं। दोनों का संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। गोलू का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। वह अक्सर लोगों से झगड़ा करता है। बताया कि उमा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके में दो महिलाओं के बीच विवाद की दोनों पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेहसा निवासी रवीन्द्र कुमार ने बताया सोमवार को पड़ोसी विनोद कुमार की पत्नी से उसकी पत्नी का विवाद हो गया। विनोद ने रवीन्द्र को पीट दिया। उधर, विनोद ने रवीन्द्र पर झगड़ा कर पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

हाईवे पार कर रहे युवक को कंटेनर ने रौंदा, मौत

अमृत विचार, बख्शी का तालाब: बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाईवे पर नन्दना गांव के सामने तेज रफ्तार कंटेनर ने पैदल हाईवे पार कर रहे युवक को रौंद दिया। हादसे में घायल ने ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने कंटेनर कब्जे में ले लिया है। जबकि आरोपी चालक फरार हो गया। पुलिस के अनुसार नन्दना गांव के सामने मंगलवार शाम करीब 5 बजे 27 वर्षीय युवक पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान सीतापुर से लखनऊ की तरफ जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने युवक को रौंद दिया। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। ट्रक कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

संदिग्ध विस्फोट का मामला | कैंट इलाके की कबाड़ दुकान में 6 फरवरी का हुआ था विस्फोट

आगरा-लखनऊ की टीम ने किया सीन रिक्रिएशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- हरदोई निवासी मजदूर के शरीर के विस्फोट से उड़ गये थे चीथड़े

अमृत विचार: कैंट इलाके में कबाड़ी की दुकान में हुए संदिग्ध विस्फोट मामले में आगरा और लखनऊ की फोरेंसिक टीम ने सीन रिक्रिएशन किया। इसके साथ ही घटना स्थल की वीडियोग्राफी की गई। साक्ष्य एकत्रित कर जांच के लिए आगरा भेजे गए हैं। जिसकी जांच रिपोर्ट आने पर विस्फोटक व कारणों का पता चलेगा।

थाना अंतर्गत लकड़ी मोहाल स्थित कबाड़ी की दुकान में 6 फरवरी को हुए विस्फोट से हरदोई के बेनीगंज निवासी मजदूर रामकृष्ण (34) की मौत हो गई थी। तब बम डिस्पोजल स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को जांच में विस्फोट का कारण पता नहीं चला था। इसके चलते एसीपी कैंट पंकज कुमार सिंह ने फोरेसिंक टीम को जांच के लिए पत्र लिखा था। उसी पत्र के आधार पर 12 मार्च को आगरा से बम डिस्पोजल के एक्सपर्ट के साथ लखनऊ की टीम घटना स्थल पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने रामकृष्ण किस स्थान पर बैठा था, विस्फोट कैसा था, सीन रिक्रिएशन किया। मामले में इंस्पेक्टर कैंट गुरप्रीत चौधरी ने बताया टीम ने साक्ष्य सील कर लैब भेजे हैं। वहां से मिले रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ऐसे किया सीन रिक्रिएशन

वीडियोग्राफी करते फोरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची। मृतक कृष्ण कुमार के स्थान पर उसी के वजन का डमी रखा गया। कुछ विस्फोटक सामग्री का उपयोग कर चेक किया गया। इसके साथ ही फिंगर प्रिंट, विस्फोट से जुड़े पदार्थ, दीवारों पर लगे खून के नमून व अन्य साक्ष्य एकत्रित कर सील किये गये। रिक्रिएशन ब्लास्ट सीनियर वैज्ञानिक की देखरेख में हुआ।

ब्लास्ट की रिपोर्ट और राय भी देगी टीम

विभागीय सूत्रों का कहना है कि घटना स्थल से वैज्ञानिक को जो भी साक्ष्य मिलते हैं। उसके आधार पर रिपोर्ट तैयार करते हैं। इसके अलावा राय भी देते हैं। ताकि जांच में विवेचक को सहयोग मिल सकेगा। करीब एक महीने के अंदर रिपोर्ट आती है।

युवती की मौत के बाद रिश्तेदार पर प्राथमिकी

संवाददाता, मलिहाबाद

- युवती का दूर के रिश्तेदार से चल रहा था प्रेम-प्रसंग
- मां ने आत्महत्या के लिये उकसाने की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : रहीमाबाद थानाक्षेत्र के उतरेहटा गांव में प्रीती (19) की मौत के मामले में पुलिस ने उसके दूर के एक रिश्तेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मां ने रिश्तेदार पर बेटी को आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोप लगाया है।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, मूलरूप हरदोई जनपद के अतरौली थानाक्षेत्र के कठिघरा गांव निवासी मुन्नीदेवी की बेटी प्रीति रहीमाबाद के उतरेहटा गांव में रहती थी। गत 14 मार्च को प्रीति का शव घर में फंदे से लटकता मिला था। सोमवार रात मुन्नीदेवी ने रिश्तेदार रामचंद्र के खिलाफ बेटी को आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि बेटी का प्रेम-प्रसंग रामचंद्र से चल रहा था। इसका विरोध करने पर रामचंद्र व परिवारिक सदस्यों ने महिला को अपशब्द कहकर धमकाया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

एक नजर

पत्र वितरक के पिता का निधन

प्यारेलाल यादव

अमृत विचार, लखनऊ : बीकेटी सेंटर के वितरक अमित यादव के पिता प्यारेलाल यादव का मंगलवार को बीमारी के कारण निधन हो गया। बीकेटी डिपो के संरक्षक सूर्यभान यादव, अध्यक्ष प्रवीण यादव, महामंत्री महीप यादव, दिलीप यादव, कुलदीप यादव व सभी वितरकों द्वारा उनको विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। शोकाकुल परिवार में पत्नी सुजीता यादव, पुत्र अमित यादव, मोनू यादव, शुभम यादव व पुत्री सुधा यादव रहे।

कलाकृतियों का प्रस्तुतिकरण किया गया

अमृत विचार, लखनऊ : ललित कला अकादमी अलीगंज में कलाकारों की कृतियों पर आधारित कार्यक्रम 'वर्धनी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत अरूणेष वासुदेव सिरेमिक, मोहिता शुक्ला मूर्तिकला, शैलेष कुमार वर्मा मूर्तिकला कलाकृतियों का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस कार्यक्रम की अतिथि डीन एवं प्राचार्य डॉ. वन्दना सहगल, वास्तुकला एवं योजना संकाय डॉ. ऐपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के समक्ष सभी कलाकारों ने अपनी विधा में रचित कलाकृतियों का प्रस्तुतिकरण किया। अरूणेष वासुदेव ने अपनी कलाकृतियों को चीनी मिट्टी में फूलदान पर भिन्न भिन्न कपड़ो को सृजित कर प्रस्तुती दी। मोहिता शुक्ला ने अपनी कलाकृतियों में रूद्राक्ष को दर्शाया। वही शैलेष कुमार वर्मा ने अपने मनोभावों को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से दर्शाते हुऐ प्रस्तुति दी।

अभ्यास मैच में दर्शकों को आज निःशुल्क प्रवेश

अपने पसंदीदा खिलाड़ी को खेलते देख सकेंगे दर्शक, कराना होगा पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नेट्स पर अभ्यास करने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों ने मंगलवार को पहला अभ्यास मैच खेल कर तैयारियों को परखा। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी में अभ्यास मैच खेला गया।

इस दौरान टीम के चीफ कोच जस्टिंग लैंगर और सहायक कोच लांस क्लूजनर हर खिलाड़ी पर नजरें जमाए रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को जहां आवश्यक निर्देश दिए, वहीं खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन पर तालियां भी बजाई और उनका उत्साहवर्धन भी किया। खिलाड़ियों ने आज मैच के दौरान जिस तहर का प्रदर्शन किया है, उसे देख कर

अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते क्विंटन डिकॉक व गेंदबाजी करते मयंक यादव। अमृत विचार

▸▸ **इकाना स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी में खेला गया पहला अभ्यास मैच**

एलएसजी को इस बार आईपीएल विनर के रूप में देखा जा रहा है।

टीम प्रबंधन के अनुसार अभ्यास मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के जरिए कंबीनेशन की तस्वीर साफ हो सकेगी। बुधवार की शाम को भी अभ्यास मैच खेला जाएगा जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को निःशुल्क प्रवेश दिये जाने का फैसला किया गया है। इसके लिए दर्शकों को आनलाइन पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण कराने वालों को प्रवेश निःशुल्क दिया जाएगा। इस दौरान प्रशंसक अपने खिलाड़ियों को यहां पर एक्शन में देख सकेंगे।

बुधवार को शाम छह बजे से अभ्यास मैच शुरू होगा। पंजीकरण कराने वाले दर्शकों को गेट नंबर चार से स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों के बैठने को पूर्वी हिस्से के स्टैंड खोले जाएंगे।

आज कप्तान राहुल जुड़ेंगे कैंप से

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल बुधवार को बंगलूरू की नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से हरी झंडी मिलने के बाद कैंप में शामिल होंगे। बताते चले कि वे पिछले आईपीएल सीजन में चोटिल होने के कारण वह कई मैच नहीं खेल सके। इस बार लखनऊ सुपरजायंट्स प्रबंधन ने राहुल से पूरे सीजन में खेलने की उम्मीद लाग रखी है। पिछली सीरीज राहुल के लिए बतौर बल्लेबाज अच्छी नहीं रही।उन्होंने नौ मैच खेलकर महज 274 रन बनाए थे। मंगलवार को वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के जड़ने के साथ लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम पूरी हो गई। बुधवार को होने वाले अभ्यास मुकाबले में राहुल का खेलना फिलहाल तय नहीं है। पूरन और बिश्नोई निश्चित तौर पर इस मुकाबले का हिस्सा होंगे।

शुभम के शतक से आरईपीएल सेमीफाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच शुभम चौबे (112 रन) की बदौलत आरईपीएल क्रूसेडर्स ने 19वीं बीबीडी ए डिवीजन लीग के फाइनल में जगह बना ली है। सेठ जयपुरिया मैदान पर खेले गए सेमीफाइनल में आरईपीएल क्रूसेडर्स ने अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब को 15 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरईपीएल क्रूसेडर्स ने 5 विकेट खोकर 222 रन बनाए। शुभम चौबे ने 112 रनों की नाबाद पारी खेली। अभय द्विवेदी ने 75 रनों को योगदान किया। जवाब में अखिल इंफ्रा की टीम 7 विकेट खोकर 207 रन ही बना सकी। अंकुर मलिक ने 85 और अमित चोपड़ा ने 37 रन बनाए।

लखनऊ छात्रावास सेमीफाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों की तस्वीर साफ हो गई। बुधवार को पहले सेमीफाइनल में झांसी छात्रावास का मुकाबला सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में वाराणसी छात्रावास के सामने लखनऊ छात्रावास की चुनौती होगी। इस प्रतियोगिता में लखनऊ की तीन टीमें शामिल थी, जिनमें लखनऊ छात्रावास की टीम ही अपना अजेय क्रम बरकरार रख सकी।

कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यान चंद स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में मंगलवार को पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झांसी छात्रावास ने रामपुर छात्रावास को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से शिकस्त दी और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज ने लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज को 7-2 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वारणसी मंडल ने प्रयागराज मंडल को एक तरफा मुकाबले में 6-0 से हराया और सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। अंतिम क्वार्टर फाइनल में लखनऊ छात्रावास ने लखनऊ मंडल को 5-0 से हराया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

स्पोर्ट्स कॉलेज, सीएसडी सहारा और हिंदुस्तान क्वार्टर फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रथम एमएल मिश्रा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, सीएसडी सहारा और हिंदुस्तान फायर ने अपने मुकाबले जीतते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इंटरनेशनल स्पोर्ट्स और एलआरसी ने पहले राउंड के मुकाबलों में जीत दर्ज की। पहले मैच में स्पोर्ट्स कॉलेज ने यूथ क्लब को पांच विकेट से हराया। यूथ क्लब के 174 रन के लक्ष्य

▸▸ **स्पोर्ट्स कॉलेज ने यूथ क्लब को पांच विकेट से हराया**

को स्पोर्ट्स कॉलेज ने 33वें ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। विजेता टीम से कुशाग्र सिंह ने 88 रन बनाए, दूसरे प्री क्वार्टर फाइनल में सीएसडी सहारा ने जयपुरिया अकादमी को 65 रन से हराया।

सीएसडी के 244 रन के जवाब में जयपुरिया अकादमी की टीम 34.5 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। सीएसडी की ओर से अंशुमान ने 52 और उत्कर्ष 47 रन की पारी खेली। तीसरे प्री क्वार्टर फाइनल में हिंदुस्तान फायर ने ब्लेज विलो अकादमी को पांच विकेट से परास्त किया। ब्लेज विलो के 138 रन के लक्ष्य को हिंदुस्तान फायर ने 35.3 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। विजेता टीम से सूर्यांश ने 56 रन बनाने के अलावा दो विकेट लिए।

पहले राउंड के मुकाबले में लखनऊ रिक्रिएशन क्लब (एलआरसी) ने डीवीए को 30 रन से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने आशा फाउंडेशन को 62 रन से हराया।

कल्पना फाउंडेशन सेमीफाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच सम्यक त्रिवेदी (118) के उम्दा शतक के बाद धारदार गेंदबाजी की सहायता से कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में गियर क्रिकेट क्लब को 106 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 245 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज सम्यक त्रिवेदी ने 122 गेंदों पर 15 चौके व 3 छक्के की सहायता से 118 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा आकाश रावत ने 35, सचिन सिंह ने 18 व हर्षित तिवारी ने 17 रन का योगदान किया। गियर क्रिकेट क्लब से प्रदीप कुमार यादव ने 8 ओवर में एक मेडन के साथ 28 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। अविरल मिश्रा व अमन सिंह को 2-2 विकेट मिले। जवाब में गियर क्रिकेट क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 27.4 ओवर में 139 रन ही बना सका। टीम ने 39 रन के कुल स्कोर पर शीर्ष तीन विकेट गंवा दिए थे। इस बीच सलामी बल्लेबाज सत्यम ने टिके रहकर 51 गेंदों पर 3 चौके व 5 छक्के से उम्दा 59 रन बनाए। उनके बाद अमन सिंह (31) रन ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन से आकाश गुप्ता ने 6 ओवर में एक मेडन के साथ 34 रन और हर्षित तिवारी ने 7 ओवर में 29 रन देकर 3-3 विकेट हासिल किए। अर्पित कुमार सिंह व अभय राज सिंह को 2-2 विकेट मिले।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र सं.-01
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी खुली ई–निविदा सूचना सं.-NER-BSB-2023-244, Dated 13-03-2024, बन्द होने की तिथि 04-04-2024 के अन्तर्गत Special Technical Criteria में New Items Add किया जाता है।
क्रम सं.-1, Description: Special eligibility conditions-(1) Three completion/performance certificate of different Department/Ministries (from where the firm has worked for 10 years continually) duly obtained from Head of Department/Ministries. Confirmation Required: No, Remarks Allowed: No, Docs. upload: Allowed (Mandatory). **क्रम सं.-2,** Description: Special eligibility conditions-(2) The nursery shall be registered with Govt. Authorities for as last Five years under Department of Labour and must submit/upload the copy of registration certificate and documentary proof for ownership of nursery. Confirmation Required: No, Remarks Allowed: No, Docs. upload: Allowed (Mandatory).
नोटः निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी। उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेब साइट *www.ireps.gov.in* पर भी उपलब्ध है।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी
मुजाधि/डब्लू–592
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

नीरज ने 50 हजार से अधिक विकसित भारत एंबेसडर बनाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने एक सप्ताह में 50 हजार से अधिक नए लोगों को विकसित भारत एंबेसडर अभियान से जोड़कर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनको प्रमाण पत्र भी दिया है।

बता दें कि विकसित भारत के संकल्प के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पार्टी की ओर नमो एंबेसडर अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा महानगर में भी पिछले

▸▸ **इस सप्ताह नमो एप में भाजपा नेता को मिला प्रथम स्थान**

दो महीने से सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता लोगों को नमो एप डाउनलोड कराया और विकसित भारत संकल्प यात्रा में नमो एंबेसडर के रूप में जोड़ा। अभियान में अब तक दो करोड़ से अधिक विकसित भारत एंबेसडर नमो एप से जुड़ चुके हैं। बता दें कि नीरज सिंह सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

एलडीए शिविर में 24 आवंटियों की रजिस्ट्री

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए दो दिवसीय विशेष निबंधन शिविर के पहले दिन मंगलवार को 24 आवंटियों की रजिस्ट्री करायी गयी। 48 सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए पत्रावली तैयार की गयी। रजिस्ट्री के लिए चार नए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि शिविर में विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट, कानपुर रोड योजना, अलीगंज व बसन्तकुंज समेत अन्य योजनाओं की सम्पत्तियों की रजिस्ट्री करायी गयी। उन्होंने बताया कि बुधवार को भी विशेष शिविर प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में आयोजित किया जाएगा।

सिंधु भवन में मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान पुस्तक का विमोचन करते चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

भगवान झूलेलाल की जयंती पर निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 10 अप्रैल को भगवान झूलेलाल की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ शिव शांति आश्रम के संत सांई मोहन लाल और सांई हरीश लाल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

शोभा यात्रा अवध हॉस्पिटल होते हुए श्रंगार नगर आलमबाग, मवैया, चारबाग, नाका हिंडोला,

▸▸ **रास्ते में लगभग 100 से अधिक स्थलों पर होगा प्रसाद वितरण**

गणेश गंज, फतेहगंज, अमीनाबाद होते हुए नजीराबाद कैसरबाग, लालबाग, हजरतगंज होते हुए झूले लाल वाटिका में आयोजित मेले में समाप्त होगी।

सिंधु भवन मवैया में मंगलवार को आयोजित चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, संयुक्त मंत्री सतीश आडवानी, अशोक चांदवानी, राम बालानी, किशन चंद बमबानी, पुनीत चन्दानी, राजू जसवानी, हंस राजपाल, प्रहलाद गुरनानी, इंद्र कलंधी, गुलाब जसवानी, नितेश मांध्यान ने बताया कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुम्बई नील ग्रुप के रॉक स्टार प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा सिंधी व्यंजन के 50 से ज्यादा स्टाल में लजीज व्यंजन का स्वाद ले सकेंगे। रास्ते में लगभग 100 से अधिक स्थलों पर प्रसाद वितरण होगा।

सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में गणेशगंज, फतेहगंज और अमीनाबाद में शोभा यात्रा पर फूलों की वर्षा की जाएगी। सिंधी समाज की युवा टीम रास्ते भर डांडिया नृत्य प्रस्तुत करेगी।वहीं कार्यक्रम के दौरान समाज से जुड़ी पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/यांत्रिक (समाडि)/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई–निविदा सूचना संख्या या/समाडि/10/2023-24 दिनांक 16-03-2024 के माध्यम से एक पैकेट सिस्टम पर आधारित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नामः गाजीपुर स्टेशन–टर्न की आधार पर 03 साल के एएमओसी के साथ 100 केएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेट प्लांट का डिजाइन, डेवलेपमेंट, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमिशनिंग का कार्य। कार्य की अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,07,93,210.13 (रूपये एक करोड़ सात लाख तिरानवे हजार दौ सौ दस व तेरह पैसे मात्र), बिड सिक्योरिटी राशिः ₹ 2,04,000/- (रूपये दो लाख चार हजार मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य (प्राधिकार एसजीसीसी- वर्क्स, अपैल-2022, (रेलवे बोर्ड द्वारा अपने पत्रांक 2022/सीई-I/सीटी/जीसीसी-2022/पालिसी नयी दिल्ली दिनांक 27-04-2022 के माध्यम से जारी), कार्य की अवधिः सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग आफ मशीन आन टर्नकी बेसिस के लिये-स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिन। वारंटी अवधिः कमीशनिंग तिथि से न्यूनतम दो वर्ष। एएमओसी आफ प्लांटः वारंटी अवधि के समाप्ति के उपरान्त से 03 वर्ष तक।
• ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः दिनांक 15-04-2024 को समय 14:30 बजे।
• ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समयः दिनांक 15-04-2024 को समय 15:00 बजे।
• निविदाकार निविदा को दिनांक 15-04-2024 को समय 14:30 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेगें। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।
वमयाइ/समाडि/वाराणसी
मुजाधि/यांत्रिक–138
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

नहीं चल रहे ई–पॉस, फंसा राशन वितरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में राशन वितरण सर्वर की खराबी में फंसा है। कहीं सर्वर ठप तो कहीं रफ्तार न होने के कारण ई-पॉस मशीन काम नहीं कर रहे हैं। इस वजह से चार दिन में न के बराबर राशन बंट पाया है और घंटों इंतजार के बाद ज्यादातर कार्डधारक खाली हाथ लौट रहे हैं।

प्रदेश में 15 मार्च से निशुल्क राशन वितरण शुरू हुआ है। वितरण ई-पॉस मशीन से अंगूठा लगाकर करना है। लेकिन, पहले दिन से अधिकांश जिलों में सर्वर में तकनीकी खराबी है। कहीं सर्वर आता-जाता तो कहीं ठप है। इस कारण

▸▸ **ज्यादातर जिलों में कहीं सर्वर धीमा तो कहीं गायब**

▸▸ **तकनीकी समस्या सुधारने में लगा विभाग, परेशानी**

एक दुकान पर सुबह से शाम पांच से 10 कार्डधारकों को कोटेदार राशन बांट पा रहे हैं और घंटों कतार लगाने के बाद ज्यादातर खाली हाथ लौट रहे हैं। उन्नाव व कानपुर समेत कई जिलों में ज्यादा परेशानी है। जबकि लखनऊ में सर्वर धीमा है। हालांकि यहां एक लाख कार्डधारकों को वितरण हो पाया है। राशन 29 मार्च तक बांटेगा। लेकिन, त्योहार को देखते हुए समय पर सुधार न हुआ तो अधिकांश लोग वंचित हो जाएंगे।

वितरण, ई–केवाईसी आदि कार्य एक साथ होने के कारण सर्वर में तकनीकी समस्या आई थी। मंगलवार को एनआईसी से सुधार कर दिया है। शासन में इस संबंध में बैठक भी थी। प्रदेश में दो दिन में 40 प्रतिशत तक राशन वितरण हो गया है।
– जीपी राय, अपर आयुक्त (आपूर्ति) खाद्य एवं रसद विभाग।

दो सुरक्षा कर्मियों की सेवा समाप्त

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के शताब्दी फेस– टू परिसर में शुक्रवार को कुत्ता द्वारा कटा हाथ लेकर घूमने के मामले में दो सुरक्षा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। एजेंसी को भी नोटिस जारी की गई है। केजीएमयू के शताब्दी फेस –टू परिसर में शुक्रवार की दोपहर एक कुत्ते के मुंह में इंसान का कटा हुआ हाथ देखकर हड़कंप मच गया था। कुत्ता कटे अंग को नोच रहा था। लोगों ने कुत्ते को भगा कर घटना की जानकारी संस्थान प्रशासन को दी थी। घटना की फोटो भी वायरल हुई थी। जांच में पता चला था कि कटा हाथ हरदोई के सुमित का था। आरी मशीन से उसका हाथ कट गया था। कटे हाथ के साथ मरीज को लेकर परिजन केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर आए थे। जहां पर प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने मरीज की जांच कर बताया कि यह हाथ जोड़ा नहीं जा सकता। इसके बाद मरीज को अन्य इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर के प्रथम तल स्थित सर्जरी विभाग में भर्ती कर लिया गया। परिजनों ने कटा हुआ हाथ स्ट्रेचर से बांध रखा था। इसके बाद हाथ गायब हो गया था। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि घटना स्थल तैनात आउटसोर्सिंग के दो गार्डों की लापरवाही सामने आने के बाद उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :–किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:–
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

तकनीक | तीसरी आंख मनचलों व अपराधियों पर रखेगी नजर, तत्काल मिलेगी मदद

महिलाओं के साथ की छेड़खानी तो बच नहीं पाएंगे

गोपाल सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : महिलाओं के साथ छेड़खानी या अपराध करने वाले अब बच नहीं सकेंगे। मनचलों व अपराधियों पर दिन हो या रात तीसरी आंख की नजर रहेगी। संकट की घड़ी में महिलाओं को तत्काल सुरक्षा दी जाएगी। पलक झपकते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंच जाएगी और मनचलों व अपराधियों को धर दबोचेगी।

दिल्ली में निर्भया कांड के बाद केंद्र सरकार ने कामकाजी महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सेफ सिटी प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। लखनऊ देश का 8वां और

▸▸ **96 करोड़ से लखनऊ स्मार्ट सिटी ने लालबाग में बनाया है इंटीग्रेटेड स्मार्ट कंट्रोल रूम**

यूपी का पहला शहर है, जिसे सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। इस योजना के तहत लखनऊ स्मार्ट सिटी ने लालबाग में 96 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड स्मार्ट कंट्रोल रूम बनाया है।

योजना के तहत शहर के लगभग 200 प्रमुख स्थानों पर जहां महिलाओं का ज्यादा आना-जाना रहता है, वहां 1,000 सीसीटीवी लगाए गये हैं। इनमें से 200 पैन टिल्ट जूम (पीटीजेड) कैमरे हैं। इन्हें अलग-अलग ऐंगल पर घुमाया जा सकता है। एआई तकनीक पर आधारित इन कैमरों की खासियत है कि महिलाओं के साथ होने वाली घटना रिकॉर्ड कर लेंगे साथ ही लोकेशन भी आ जाएगी। ये सभी कैमरे कंट्रोल रूम से जुड़े रहेंगे।

ऐसे काम करेगा कंट्रोल रूम

शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोल रूम में बैठी टीम निगरानी करती है। यदि कोई व्यक्ति महिला का पीछा कर रहा है तो कंट्रोल रूम में ऑटोमेटिक अलर्ट आ जाएगा। महिला के साथ छेड़छाड़ या अपराध की घटना पाए जाने पर तुरंत सूचना डायल 112 को भेज दी जाएगी। अलर्ट के साथ उस स्थान की लोकेशन भी जाएगी। आस–पास मौजूद पीआरवी तुरन्त मौके पर पहुंचकर महिला को सहायता पहुंचाएगी।

संकट के समय में एप करेगा महिलाओं की मदद

सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत एक एप भी तैयार किया जा रहा है। इस एप को महिलाएं एंड्रायड मोबाइल फोन में डाउनलोड कर लेंगी। इसमें एक एसओएस बटन रहेगा। संकट के समय महिलाएं इस बटन को जैसे ही पुश करेंगी अलर्ट के साथ लोकेशन भी कंट्रोल रूम में आ जाएगी। कंट्रोल रूम से पुलिस को तत्काल सूचित करके मौके पर मदद पहुंचा दी जाएगी।

राहुल गांधी के साथ युवा और किसान : नरेन्द्र

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव का बिगुल बच गया है। केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने देश में 7 चरणों में चुनाव का एलान किया है। यूपी में लोक सभा की 80 सीटों पर कांग्रेस अपने गठबंधन के साथ पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। यह बात जिला श्रम प्रकोष्ठ की बैठक में जिला श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और राहुल के पांच न्याय जो महिलाओं के साथ, युवाओं के साथ, किसानों के साथ और वनवासी समाज के मुद्दों के साथ चुनाव में उतरेगी। 60 हजार सिपाही भर्ती में 50 लाख लोगों ने आवेदन किया लेकिन पेपर लीक हो गया। जबकि पेपर लीक कराया गया। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में अभ्यर्थियों ने मुलाकात की। जिसके बाद राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL YAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil MACLEODS Cadila
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

एक नजर

जहरीला पदार्थ खाने से युवती की बिगड़ी हालत

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया। जगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने किसी बात को लेकर अपने ही घर में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तब परिजनों ने उसे आनन-फानन जगतपुर सीएचसी ले आए, जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

जहरीला पदार्थ खिलाने से कुत्ते की मौत

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव बाजार निवासी रंजीत पासवान पुत्र रामखेलावन पासवान ने मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कुत्ता बल्लू जिसको 17 मार्च को उसके पड़ोसी ने मीट में जहर दे दिया जिससे उसके कुत्ते की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने सीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

शराब पीने से रोका तो युवक ने खा लिया सिंदूर

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। शराब पीने के बाद परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने घर में रखा सिंदूर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामला क्षेत्र के पूरे तीर मजरे खरौली गांव का है। मंगलवार को गांव निवासी रामआसरे के पुत्र आशीष कुमार ने शराब पी ली थी, जिसके लिए परिजनों ने उसे डांट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने घर में रखा सिंदूर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

फर्जी वैवाहिक आईडी बनाकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

25 हजार का था ईनाम, कौशाम्बी में दर्ज थी एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसटीएफ प्रयागराज इकाई के अफसरों ने किया गिरफ्तार

अमृत विचार: यूपी एसटीएफ के प्रयागराज फील्ड इकाई के अफसरों ने मेट्रीमोनियल साइट पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पति-पत्नी हैं, विभाग ने दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी अश्वनी कुमार वैश्य एवं उसकी पत्नी रीतू वैश्य उर्फ रीतू यादव हीवेट रोड कोतवाली प्रयागराज के निवासी हैं। दोनों मैट्रिमोनियल साइट जीवन साथी डाटकाम एवं शादी डाटकाम जैसी साइटों पर फर्जी आईडी बनाकर युवक-युवतियों को इनवाइट करते थे। फर्जी नाम-पते पर सिम खरीदकर युवक-युवतियों को बरगलाते थे, उनसे पैसे, जेवरात आदि की मांग करते थे। जब उनसे पैसा अथवा जेवरात मिल जाता था तो सिम फेंककर गायब हो जाते थे।

दोनों आरोपी कई लोगों से ठगी कर चुके थे। दोनों के खिलाफ कौशांबी जिले के थाना मंझनपुर और थाना पश्चिम शरीरा में एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस दोनों को इनामिया घोषित कर तलाश रही थी। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह एवं निरीक्षक जय प्रकाश राय ने दोनों आरोपियों को प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणी देवी पार्क से गिरफ्तार कर लिया।

पति-पत्नी के मध्य अनिवार्य है श्रद्धा व विश्वास

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे के महवीरन मुहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने बताया कि जब ध्रुव घर छोड़कर भगवान की भक्ति के लिए चले तो रास्ते में उनसे नारद जी मिले। उन्होंने बालक ध्रुव को समझाया, किंतु ध्रुव भगवान को पाने की जिद पर अड़े रहे। बालक के दृढ़ संकल्प को देखते हुए नारद ने गुरू मंत्र दिया। ध्रुव ने नारद से मिले मंत्र से यमुना किनारे मधुमब स्थान पर भगवान नारायण की तपस्या प्रारंभ कर दी। ध्रुव की कठोर तपस्या देखकर भगवान नारायण ने प्रसन्न होकर ध्रुव को दर्शन दिए। उन्होंने आगे बताया कि पति-पत्नी के रिश्ते में विश्वास व श्रद्धा नहीं है तो वे पति-पत्नी जिंदा तो रहते हैं लेकिन उनकी आत्माएं जलती रहती हैं। इसलिए पति-पत्नी के मध्य में श्रद्धा व विश्वास अनिवार्य है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होने पर संगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु जमकर झूमे।

सिविल और बलरामपुर अस्पताल की लिफ्ट खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 50 लाख की लागत से लगाई गईं थी दो लिफ्ट

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) और बलरामपुर अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों की सुविधा के लिए लगी लाखों की कीमत की लिफ्ट शो-पीस बनी हुई हैं। मरीजों को सीढ़ियों के रास्ते वार्ड में शिफ्ट करना पड़ रहा है।

बलरामपुर अस्पताल में करीब 50 लाख रुपये की दो नई लिफ्ट लगाई गई हैं जिसमें एक लिफ्ट न्यू बिल्डिंग में लगी है। जिसे लगे हुए एक माह से ज्यादा का समय हो चुका है। बावजूद इसके अब तक लिफ्ट का संचालन शुरु नही किया गया है। वहीं पुरानी लिफ्ट भी ठीक से काम नहीं करती किसी भी समय रुक जाती है। वहीं, सिविल अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में लगी लिफ्ट भी खराब है। दो लिफ्ट में से केवल एक लिफ्ट काम कर रही है। दूसरी लिफ्ट काफी समय से खराब पड़ी है इसलिए मरीजों को तीन फ्लोर के अस्पताल में सीढ़ियों से ही आना-जाना पड़ रहा है। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि लिफ्ट बनाने के लिए कर्मचारियों को फोन कर दिया गया है, बुधवार तक लिफ्ट ठीक हो जाएगी। वहीं, बलरामपुर अस्पताल के एमएस डॉ. हिंमांशु चतुर्वेदी का कहना है कि लिफ्ट को हैंडओवर हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, जल्द ही उसे संचालित करा दिया जाएगा।

बलरामपुर अस्पताल में बंद पड़ी लिफ्ट

विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में दिखी बच्चों की प्रतिभा

▸▸ विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद ने आयोजित की मंडल स्तरीय प्रदर्शनी

▸▸ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बढ़ाया प्रतियोगी बच्चों का हौसला

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता -2023 का आयोजन माध्यमिक शिक्षा विभाग के नेतृत्व में मंगलवार को किया गया। विज्ञान भवन आयोजित में इस मॉडल प्रतियोगिता की शुरूआत जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने की।

मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में सम्मानित होने वाले मेधावी बच्चे व साथ में अधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी एक विषय में महारत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहें तो आने वाले समय में विज्ञान क्षेत्र में होने वाली तमाम नई खोजों और नवाचारों को आपके नाम से जाना जाएगा। भविष्य में आप सभी एक श्रेष्ठ वैज्ञानिक के रूप में जाने जायेंगे। इस तरह की प्रतियोगिताएं सभी में वैज्ञानिक स्वभाव को उत्पन्न करने में सहायक होंगी जो कि हमारे संविधान में भी मूल कर्तव्य के रूप में बताया गया है। प्रतियोगिता में 40 मॉडलों को छात्रों ने प्रस्तुत किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. डी के श्रीवास्तव, उप शिक्षा निदेशक डीडीआर रेखा दिवाकर, डीआईओएस राकेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक मनीषा द्विवेदी, जय शंकर श्रीवास्तव प्रोफेसर डॉ डीबी शर्मा और वंदना तिवारी उपस्थित रहीं।

टॉप 5 मेधावियों को मिला सम्मान

- संयुक्त रूप से प्रथम छात्रा अनुष्का प्रजापति, दीपांजलि को मिले 10 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र
- दूसरे स्थान पर शुभि दीक्षित को पुरस्कार में मिले सात हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र
- तीसरे स्थान पर आजम खान को मिले पांच हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र
- चौथे स्थान पर रूपक वर्मा को मिले दो हजार का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र
- पांचवे स्थान पर उत्कर्ष वर्मा को मिला सम्मान दो हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र

ऑनलाइन राशन वितरण में नेटवर्क बना बाधक, कार्डधारक परेशान

▸▸ होली से पहले कोटेदारों को राशन वितरण का निर्देश

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। खाद्य सुरक्षा कानून लागू होने के बाद खाद्यान्न वितरण ऑनलाइन कर दिए जाने के बाद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। गांवों में नेटवर्क की समस्या के कारण राशन वितरण बाधित है। कोटेदार से लाभार्थी तक परेशान है, किंतु अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने में लापरवाह है। होली से पहले कोटेदारों को राशन वितरण का आदेश है। इस बार बाजरा और चीनी का भी वितरण होना है। राशन वितरण ऑनलाइन करने के लिए कोटेदारों को वोडा फोन और एयर टेल का सिम दिया गया है। इन कंपनियों के सिम ग्रामीण क्षेत्रों में बिलकुल काम नहीं करते है, जिसके कारण राशन का वितरण बहुत प्रभावित है। स्थित यह है कि कुछ गांवों में एक दिन में पांच से दस लाभार्थियों को ही राशन का वितरण हो पा रहा है। इस बारे में पूर्ति विभाग के अधिकारियों को सारी जानकारी होने के बावजूद कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई है। होली से पहले राशन का वितरण होना है, किंतु नेटवर्क की जो दशा है, उसे देखते हुए होली से पूर्व राशन का वितरण संभव नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ल का कहना है कि कोटेदारों को दूसरे नेटवर्क की

सिर की मामूली चोट को भी न करें नजरअंदाज : डॉ. सिद्धार्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एसजीपीसी में आज डॉक्टर मरीजों के साथ करेंगे चर्चा, परिजनों का तनाव भी होगा कम

अमृत विचार : अगर आपको सिर में हल्की या मामूली चोट लगी है, तो उसे नजरअंदाज करने के बजाय सबसे पहले किसी परिजन या दोस्त को चोट के बारे में बताएं और किसी व्यक्ति के साथ पहले चौबीस घंटे रहने की कोशिश करें।

आपके साथ रुका हुआ व्यक्ति आपके शरीर में होने वाली किसी भी बदलाव के प्रति सचेत रहना चाहिए। यदि आपको सिर पर चोट, टक्कर या झटका लगने के बाद कुछ हल्के लक्षणों का अनुभव हो रहा है, तो आपको किसी विशेष उपचार की आवश्यकता नहीं है। हालांकि अगले चौबीस से अड़तालीस घंटे आपको अपने लक्षणों की बारीक निगरानी करनी चाहिए।

ये जानकारी एसजीपीजीआई के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभाग के प्रो. सिद्धार्थ राय ने दी। उन्होंने बताया कि सिर की चोट को लेकर बुधवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का आयोजन विश्व सिर चोट दिवस के अवसर पर न्यूरो सर्जरी विभाग के सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रो अरुण श्रीवास्तव, चीफ एटीसी और अन्य डॉक्टरों और पैरामेडिक्स की टीम सिर की चोट से पीड़ित मरीजों और उनकी देखभाल करने वालों के साथ चर्चा करेगी।

चर्चा का उद्देश्य बीमारी, इसके प्रबंधन के बारे में मिथकों और गलतफहमियों को दूर करना और देखभाल करने वालों के तनाव और देखभाल के बोझ को कम करने का प्रयास करना भी होगा। लंबी अवधि में इससे मरीजों और उनके परिवार पर इलाज की लागत कम करने में भी मदद मिलेगी।

सीएससी में पांच महिलाओं की हुई नसबंदी

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच महिलाओं की नसबंदी की गई। मंगलवार को जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्जन डॉ. जेके लाल द्वारा जगतपुर सीएचसी में पांच महिलाओं की नसबंदी की गई। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि महिलाओं को एंबुलेंस से घर से लाया गया और नसबंदी होने के बाद उन्हें एंबुलेंस से घर तक छोड़ा गया है और उन्हें सरकार द्वारा नसबंदी करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन राशि उनके खाते में भेजी जाएगी। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव गुप्ता स्टाफ नर्स सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

झोपड़ी में आग से एक बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर

खीरों, रायबरेली।

▸▸ खीरों थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव का मामला

▸▸ जिला अस्पताल में मौत और जिंदगी से जंग लड़ रहा है नौनिहाल

▸▸ परिवार के साथ झोपड़ी में गुजर-बसर करता है पीड़ित परिवार

अमृत विचार। क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की देर रात एक ईंट भट्ठा श्रमिक की झोपड़ी में आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से डेढ़ वर्षीय मासूम की जलकर दर्दनाक मौत हो गई और सात वर्षीय नौनिहाल गंभीर रूप से झुलस गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गनेशपुर मजरे जसमऊ निवासी शिव बोधन लोधी जम्मू कश्मीर के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी रीना लोधी अपने बेटे आयुष और आर्यन डेढ़ वर्ष के साथ घर पर रहती है। उसके पास कोई आवास न होने के कारण वह एक छप्पर के नीचे अपने परिवार के साथ गुजर बसर करती थी। सोमवार को देर रात उसका बेटा आयुष, आर्यन डेढ़ वर्ष इसी छप्पर के नीचे सो रहे थे। मच्छर भगाने के लिए रीना लोधी ने छप्पर के नीचे धुआं सुलगाने के लिए आग जला दिया था। देर रात वह अपने दोनों सोते हुए बेटों को छोड़कर शौचक्रिया के लिए खेतों की तरफ चली गई।

इसी बीच छप्पर में अचानक आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर उसका बेटा आर्यन और आयुष गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी मिलने पर जब तक ग्रामीण आग बुझाकर रीना के दोनों बेटों को बाहर निकालने का प्रयास करते, तब तक दुधमुंहे आर्यन की मौत हो चुकी थी।

जबकि आयुष गंभीर रूप से झुलस चुका था। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से झुलसे बेटे आयुष को सीएचसी खीरों पहुंचा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से शिव बोधन और उसकी पत्नी रीना का रो-रोकर बुराहाल है।

...तो शायद न होता हादसा

खीरों क्षेत्र के गांव गनेशपुर मजरे जसमऊ निवासी शिव बोधन लोधी और उसकी पत्नी रीना लोधी गरीबी का दंश झेल रहे हैं। उनके सिर पर छत न होने के कारण परिवार छप्पर के नीचे गुजर बसर कर रहा था। पात्र होते हुए भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। यदि समय रहते इस गरीब पात्र परिवार को योजना के तहत आवास उपलब्ध हो जाता तो शायद यह हृदय विदारक घटना न होती। बीडीओ डॉ. अंजू रानी वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। वह स्वयं इस मामले की जांच करेंगी कि पात्र होते हुए भी इस परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ क्यों नहीं मिला। शीघ्र इस परिवार को आवास के साथ ही सरकारी सहायता भी दिलाई जाएगी।

प्लॉट पर मजदूर को जाने से रोका टकराव के दौरान दबंग ने झोंका फायर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आलमबाग के सुजानपुरा क्षेत्र में मंगलवार रात प्लाट पर काम कराने के दौरान दबंगों ने चाय लेने गए नौकर की पिटाई कर दी। इस पर मना करने पर दबंगों ने फायर झोंक दिया, जिससे प्लाट मालिक रहमान का ला छीलते हुए गोली निकल गयी। इस मामले ने देर रात तूल पकड़ा और आलमबाग कोतवाली पहुंच कर हंगामा किया। देर रात तक रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर भीड़ थाने के बाहर जुटी थी।

रहमान ने सुजानपुरा आलमबाग में एक प्लाट मुसारिक, अहमद व अहसान से खरीदा था, जिसपर काम चल रहा था। रात में रहमान ने अपने नौकर को चाय लेने भेजा था। चाय लेकर नौकर जब वापस आ रहा था तो मुसारिक व उसके साथियों ने उसे वहां से आने-जाने के लिए मना किया, जिसपर रहमान ने विरोध जताया। इसी बात को लेकर उसकी नोकझोंक हुई औरर उसी दौरान मुसारिक ने अवैध असलहे से फायर झोंक दिया, जो रहमान का गला रगड़ते हुए गुजर गयी और बाल-बाल उसकी जान बची। हमले के बाद तीनों हमलावर वहां से फरार हो गए। इसके बाद वहां भीड़ जुटने लगी। रहमान अपने साथियों के सात देर रात आलमबाग थाने पहुंचे और तीनों के खिलाफ तहरीर दी।

डीएम-एसपी ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

मतदान के लिए लोगों को जागरूक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

खीरों, रायबरेली।

अमृत विचार। मंगलवार को भीतरगांव पहुंची जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कई प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरुकता रैली निकाली। इससे पहले पूर्व माध्यमिक विद्यालय भीतरगांव में गोष्ठी आयोजित कर मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गई।

इस दौरान सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने विगत लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहने के कारणों पर चर्चा करते हुए राजस्व और विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। लालगंज तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत भीतरगांव में विगत 2019 के लोकसभा चुनाव में मात्र 43.18 प्रतिशत मतदान हुआ था। यह जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के लिए चिन्ता का विषय बन गया। 20 मई को जनपद में 2024 के लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत मतदान होना है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और विगत 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए कम मतदान के कारणों पर चर्चा करने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम हर्षिता माथुर और एसपी अभिषेक अग्रवाल ने तहसीलदार लालगंज मंजुला मिश्रा, बीडीओ डॉ. अंजू रानी वर्मा और राजस्व तथा विकास विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भीतरगांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर एक गोष्ठी का आयोजन किया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए डीएम हर्षिता माथुर ने कहा कि आगामी 20 मई को रायबरेली में लोकतन्त्र का महापर्व मनाया जाएगा।

मतदाता जागरुकता कार्यशाला आयोजित

सरेनी। आगामी लोकसभा चुनाव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बैसवारा पी जी कॉलेज रायबरेली मे आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कमला नेहरू पी जी कॉलेज तेजगांव रायबरेली के नोडल अधिकारी डॉ दुर्गेश प्रताप सिंह ने कहा मतदान करना हमारी जिम्मेदारी है और इसमें बढ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती में सभी लोगों की सहभागिता जरुरी है। छात्र-छात्राएं अपने साथ-साथ अपने परिवार तथा परिचित सदस्यों को भी मतदान के लिये प्रेरित करें।

रंजिश में भिड़े दो पक्ष एक की मौत

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी है। थाना रामपुर मथुरा के ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका में करीब 8 माह पूर्व फूलचंद तथा छोटेलाल के बीच जानवरों को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें फूलचंद को गंभीर चोटे आई थीं। पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्यवाही की थी। उसी रंजिश को लेकर मंगलवार को सुबह पुनः दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और मारपीट होने लगी। सूचना पर पहुंची रामपुर मथुरा पुलिस दोनों पक्षों को थाने लाई और प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा भेज दिया। एक पक्ष के मुरलीधर, तथा दूसरे पक्ष के रामसागर तथा शारदा देवी को गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया था। जहां पर उपचार के दौरान रामसागर की मृत्यु हो गई।

आयोजन | शिक्षक संकुल कार्यशाला में बच्चों को निपुण बनाने का लिया संकल्प

शिक्षक वह चाबी है जो हर ताले में फिट हो जाये : कमल किशोर

प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में आयोजित कार्यशाला में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ अभिभावकों और बच्चों दोनों को शिक्षा का महत्व बताने की जिम्मेदारी शिक्षक की

अमृत विचार। शिक्षक और बच्चा दोनों शिक्षा का महत्व बताना एक शिक्षक का संपूर्ण दायित्य है। शिक्षक को मॉस्टर भी कहने की जो परंपरा है यू नहीं चली आ रही है। दरअसल मास्टर वह चाबी है जो हर ताले में फिट हो जाती है। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सभी सरकारी विद्यालयों में तैनात शिक्षकों का दायित्व है कि एक भी बच्चा पढ़ने से वंचित न रहने पाये। ये बात वरिष्ठ शिक्षक कमल किशोर शुक्ला ने कही। वह विकास खंड सिधौली के अंतर्गत सिंहपुर संकुल के प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में आयोजित शिक्षक संकुल कार्यशाला में आये शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षक संकुल कार्यशाला में विद्यालय के पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सभी संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यशाला में विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों के द्वारा निपुण लक्ष्य गीत, निपुण बालक द्वारा टीएलएम का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें आदर्श पाठ योजना, गणित किट, स्विफ्ट चैट, छात्र शिक्षक के बीच आत्मीय संबंध, गतिविधि आधारित नवाचार, विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने, शिक्षक संदर्शिका का कैसे प्रयोग हो उस पर चर्चा की गई। इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षकाओं को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों को निपुण बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अवधेश त्रिवेदी, कमल किशोर शुक्ला, महेश मिश्रा, मुदस्सिर रिजवी, साबिर अली, आनंद कुमार, सुनील कुमार, पुष्पलता पाठक, शिखा श्रीवास्तव, बबिता श्रीवास्तव, पुष्पा भंडारी, सीमा सिंह, वंदना सिंह, सुधा मिश्रा, विनीता सिंह, रेखा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

दीवार के मलबे में दबकर बालक की मौत

▸▸ बच्चों के साथ खेलते समय फूल तोड़ने समय हुआ हादसा

सीतापुर, अमृत विचार। पिसावां थाना इलाके में दीवार गिरने से अचानक दर्दनाक हादसा हो गया। दीवार के मलबे में दबकर मासूम बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने गम्भीर हालत में जिलाअस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मैनिया गांव निवासी दयाराम का 9 वर्षीय पुत्र मंगलवार सुबह अपने साथियों के साथ गांव के बाहर ब्रम्हदेव स्थान पर खेलने गया था। बताया जाता है कि इस दौरान सभी बच्चे ब्रम्हदेव के चबूतरे पर खेल रहे थे। तभी प्रिंस पक्की दीवार पर चढ़कर फूल तोड़ने लगा, तो इतने में ही पक्की दीवार पलट गयी और वह मलबे में दब गया। बच्चों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक प्रिंस चार भाई बहनों में दूसरे नम्बर का था। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चैहान ने बताया कि घटना की सूचना मिली है कार्रवाई की जा रही है।

बाराबंकी के विद्यालय में अध्यापकों का इंतजार करते रहे बच्चे

हकीकत

▸▸ सुबह 9:20 बजे तक प्राथमिक विद्यालय लालूपुर नहीं पहुंचे थे गुरुजी, बाहर खेल रहे थे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

प्राथमिक विद्यालय लालूपुर में शिक्षकों के इंतजार में बाहर खड़े बच्चे।

बंद मिले प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर चाचूसरांय के मुख्य ब्लैक बोर्ड पर लिखा 26 जनवरी का संदेश।

अमृत विचार : जिले के रामनगर शिक्षा क्षेत्र में कुछ विद्यालयों को छोड़कर बाकी विद्यालय खुलने व बंद होने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समय से 30 से 40 मिनट लेट खुल रहे हैं तथा बंद होने के समय पर गुरुजी बाराबंकी या लखनऊ जाने के लिए सड़क पर खड़े अपनी सवारी का इंतजार या पान खाते नजर आते हैं। प्राथमिक विद्यालय लालूपुर मंगलवार को 9:20 बजे तक नहीं खुला था। कुछ बच्चे विद्यालय के बाहर खड़े होकर अध्यापकों का इंतजार कर रहे थे तो कुछ गुल्ली-डंडा खेल रहे थे।

रामनगर शिक्षा क्षेत्र के कई विद्यालय समय से नहीं खुलते। यह भी पता चला कि विद्यालय का गेट खोलने की जिम्मेदारी रसोइयों या बच्चों की है। समय से अध्यापक के न आने के बारे में पूछने पर गाड़ी खराब हो जाने की बात सामने आयी। प्राथमिक विद्यालय लालूपुर में 9:20 बजे ताला लटक रहा था। बच्चों ने बताया कि विद्यालय रोज देर से खुलता है। अभी कोई आया नहीं है, आते होंगे। वहीं प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर चाचूसरांय के मुख्य बोर्ड पर गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी के बाद कुछ लिखा ही नहीं गया। शिक्षामित्र शिवदेवी उपस्थित थीं। कोई अध्यापक नहीं मिला। प्राथमिक विद्यालय दल सराय में शिक्षामित्र सुमन मिश्रा उपस्थित थीं बाकी यहां भी अध्यापक नदारद थे। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर के सीयूजी नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो पहुंच से बाहर होने की बात सुनाई दे रही थी।

समय से न पहुंचने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है। जिन स्कूलों में शिक्षक समय से नहीं पहुंचते हैं, उनके खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। सभी शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देनी है। जो शिक्षक लापरवाही करेगा, उसके खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

–संतोष देव पाण्डेय, बीएसए

विधायक इरफान पर फैसला टला, अब 22 मार्च की तारीख

कानपुर, अमृत विचार : सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ मंगलवार को आगजनी कांड में आने वाला फैसला न्यायाधीश की अनुपस्थिति के कारण एक बार फिर से टल गया। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 22 मार्च निर्धारित की गई है। उधर, उनके खिलाफ आचार संहिता मामले में भी सुनवाई की गई, जिसमें चार अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई। इसके अलावा जाजमऊ थाने में सपा विधायक के खिलाफ दर्ज रंगदारी मामले में भी आरोप तय किए गए। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड में बीते गुरुवार को फैसला आना था लेकिन टल गया था। एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट ने 19 मार्च की तिथि निर्धारित कर सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत उनके भाई रिजवान सोलंकी व अन्य को कोर्ट में तलब करने के निर्देश दिए थे।

पत्नी और उसके प्रेमी ने सो रहे पति को मारी गोली, मौत

हरदोई, अमृत विचार: घर में आने-जाने के दौरान युवक ने दोस्त की पत्नी से प्रेम संबंध बना लिए। इसके बाद दोस्त को धोखा देते हुए उसकी पत्नी को बेटी के साथ लेकर फरार हो गया। दोस्त की प्रेमिका बनी उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर गहरी नींद में सो रहे पति की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला सोमवार रात अतरौली थाने के रेहरियामाऊ मजरा मंहगवां का है।

अतरौली थाने के रेहरियामाऊ मजरा महगवां निवासी पुत्तू ने बताया कि उसके बेटा सुरेश खेती और मज़दूरी करता था। करीब 8 साल पहले सुरेश गांव के बृज किशोर की पत्नी रामरती उसकी पत्नी बना कर सुरेश के साथ रहने लगी। इसी बीच करीब तीन महीनें पहले चिरंजूखेड़ा निवासी बलराम रेहरियामाऊ पहुंचा और सुरेश से दोस्ती गांठ ली, फिर उसकी पत्नी रामरती को बेटी के साथ लेकर रफूचक्कर हो गया। बलराम रामरती को छोड़ना नहीं चाहता था और रामरती भी उसी के साथ रहना चाहती थी। दोनों ने सुरेश को अपने रास्ते से हटाने का ताना-बाना बुना। सोमवार को सुरेश गांव के बाहर सड़क के किनारे अधबने मकान में सो रहा था, उसी बीच बलराम और रामरती वहां पहुंची और उसकी हत्या कर दी।

हिरासत में युवक की मौत पर लखनऊ एसटीएफ के इंस्पेक्टर निलंबित

प्रतापगढ़ में शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा, एसडीएम व सीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : लखनऊ एसटीएफ की हिरासत में एक मामले में आरोपी युवक की मौत से परिजन का आक्रोश नहीं थम रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने एसटीएफ के इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। करीब पांच घण्टे तक विरोध प्रदर्शन के बाद परिजन शव के अंतिम संस्कार को तैयार हुए।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखहरा निवासी अजय प्रताप सिंह उर्फ शक्ति (45) पुत्र राजनाथ सिंह को लखनऊ एसटीएफ ने हिरासत में लिया था। उनके परिजनों के अनुसार अजय यहां गांव में अपना पोल्ट्री फार्म चलाता था। पुलिस के अनुसार वह मादक पदार्थ की तस्करी का आरोपी भी था। लखनऊ के गोमती नगर कोतवाली में उसके खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के आरोप का मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह वांछित था। रविवार दोपहर एसटीएफ की लखनऊ यूनिट उसके घर पहुंची और गिरफ्तार करके उसे ले जा रही थी। लालगंज में उसकी तबियत खराब होने पर शाम करीब पांच बजे एसटीएफ उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज ले गई। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने अजय को मृत घोषित कर दिया। बेटी जान्हवी ने रविवार शाम एसओ सांगीपुर को तहरीर देकर एसटीएफ की प्रताड़ना से मौत का आरोप लगाया। सोमवार को सांगीपुर पुलिस ने दो अज्ञात महिला सिपाहियों समेत कई अज्ञात एसटीएफ कर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। इसके बाद अब इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की गई है।

अजय की मौत के प्रकरण की होगी मजिस्ट्रीयल जांच

जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने अजय प्रताप सिंह की मौत के प्रकरण में एसपी सतपाल अंतिल के अनुरोध पर मजिस्ट्रीयल जांच का आदेश देते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज प्रवीण द्विवेदी को नामित किया है। वह घटना घटित होने के परिस्थितियों व घटना से जुड़े सभी पक्षों के बयान लेकर सभी पहलुओं की छानबीन करेंगे। वह विस्तृत रिपोर्ट 15 दिन में देंगे।

प्रयागराज में शादी के नाम पर ठगने वाले बंटी-बबली को एसटीएफ ने दबोचा

प्रयागराज, अमृत विचार : फर्जी मेट्रोमोनियल आईडी बनाकर युवक-युवतियों भी अपने जाल में फंसकर ठगने वाले युवक युवती को एसटीएफ सोमवार भी अतरसुईया से गिरफ्तार किया है। दोनो मंझनपुर में ठगी के मामले में वांछित चल रहे थे। थाना पश्चिम शरीरा और मंझनपुर में दर्ज दो मुकदमों में फरारा रहे चल रहे 25-25 हजार के इनामी पति-पत्नी अश्वनी कुमार वैश्य व रीतू उर्फ रीतू यादव को सोमवार को एसटीएफ ने कल्याणी देवी पार्क थाना अतरसुइया से गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली थी कि दोनो कल्याणी देवी पार्क मे टहलने आते है जिसके बाद कोतवाली मंझनपुर व साइबर थाना कौशाम्बी ने दबिश दी।

अंबेडकरनगर में छात्रा के अपहरण का प्रयास

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को महाविद्यालय से घर लौट रही छात्रा का दबंग मनचलों द्वारा अपहरण का प्रयास किया गया। पीड़िता ने अकबरपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता छात्रा अपने मामा के घर पर रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रही है। दबंग किस्म का साधू यादव और शुभम यादव रामनगर जोगापुर के निवासी है। आरोपी पिछले छह माह से महाविद्यालय आते-जाते छात्रा के साथ छेड़खानी करते हुए फब्बितयां कसते थे। मंगलवार को रोज की तरह युवती महाविद्यालय से घर आ रही थी तभी दबंग मनचलों ने शराब के नशे में युवती को रास्ते में जबरन रोक लिया और अपहरण करने की नीयत से हाथ पकड़कर व मुंह दबोच कर युवती को गाड़ी पर बैठाने का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने के बाद लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। मामले की जानकारी पीड़िता ने अपने भाई को दी।

आरोप: बेटी के सास व ससुर को जिंदा जलाया

प्रयागराज, अमृत विचार : प्रयागराज में सोमवार की देर रात हुई बड़ी घटना ने जिले को दहला दिया। मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के सत्तीचौरा मोहल्ले में सोमवार रात ससुराल में बेटी के खुदकुशी करने की जानकारी के बाद जमकर बवाल हुआ। आरोप है कि मायके वालों ने बेटी के ससुराल में घुसकर पेट्रोल छिड़ककर पूरे मकान में आग लगा दी। इसमें सास-ससुर की मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

मुट्ठीगंज सत्ती चौरा के रहने वाले राजेंद्र केसरवानी फर्नीचर कारोबारी थे। उनके बेटे अंशु की शादी धूमनगंज के झलवा निवासी सरदारी लाल की बेटी अंशिका से एक साल पहले 13 फरवरी 2023 को हुई थी। मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। अंशु चार मंजिला मकान के सबसे ऊपरी तल पर रहता है जबकि नीचे फर्नीचर की दुकान खोल रखी हैं। सोमवार की रात अंशिका ने अपने कमरे में रस्सी के फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। काफी देर तक घरवाले और पति आवाज देता रहा पर अंशिका बाहर नहीं आई। अंशु ने जाकर देखा तो कोई आहट नहीं मिली जिसके बाद खिड़की का शीशा तोड़कर देखा तो वह फंदे से झूल रही थी। अंशु ने शोर मचाया और घरवालों के साथ मायके वालों को जानकारी देते हुए थाने पहुंच गया। मायके पक्ष के काफी लोग बेटी के ससुराल पहुंच गए। ससुराल और मायके वालों में जमकर विवाद और मारपीट हुई। अंशिका के मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे थे। आरोप है कि मायके वालों की भीड़ ने ससुराल वालों को घर में बंदकर आग लगा दी। घटना के बाद मुट्ठीगंज समेत कई थानों की फोर्स पहुंच गई। ससुर राजेंद्र व साल शोभा देवी की जलकर मौत हो गई।

सहेली के साथ लापता किशोरी कन्नौज में मिली

कानपुर, अमृत विचार मां की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी अपनी सहेली संग सोमवार शाम घर से लापता हो गई। परिजनों ने तलाश शुरू की तो परिचित ने उन्हें एक साथ जाते हुए देखने की जानकारी दी। परिजनों ने बर्रा पुलिस को सूचना दी। मंगलवार को कन्नौज में किशोरियां बरामद हुईं, पुलिस ने उन्हें चाइल्ड केयर को सौंप दिया।

बर्रा सात निवासी प्राइवेट कर्मी ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी की पड़ोस में रहने वाली हमउम्र किशोरी से मित्रता है। मंगलवार शाम पत्नी सो रही थी, इसी दौरान घर के बगल में रहने वाली किशोरी घर आई और बेटी को साथ ले गई। शाम पांच बजे पत्नी की आंख खुली तो बेटी की तलाश शुरू की। परिजनों ने मामले की जानकारी बर्रा पुलिस को दी। मंगलवार को कन्नौज पुलिस ने दोनों किशोरियों को बरामद कर चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर बर्रा पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने मुताबिक पड़ोसी किशोरी मां की डांट से क्षुब्ध रहती थी।

वसीम बरेलवी समेत 13 सुप्रसिद्ध शायर अयोध्या में करेंगे अदब-ए-श्रीराम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उ.प्र. संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा अयोध्या में चल रहे रामोत्सव के तुलसी उद्यान मंच पर 22 मार्च को सायं 6 बजे से एक बड़ा मुशायरा होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध शायर प्रभु राम द्वारा स्थापित आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे, अदब और मुशायरे की इस महफ़िल को अदब-ए-श्रीराम नाम दिया गया है। मशहूर शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शायरा अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल आदि रौनक बढ़ाएंगे।

11 राज्यों के 200 कलाकारों ने बनाया विश्व कीर्तिमान

अयोध्या कार्यालय

शौर्य पर्व पर गतका की प्रस्तुति देते पंजाब के कलाकार। अमृत विचार

अमृत विचार : लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित शौर्य पर्व में 11 प्रदेशों से आए 250 लोक कलाकारों ने पारंपरिक लोक नृत्य जिसमें शस्त्र, योग या युद्ध कौशल का प्रदर्शन एक ही मंच पर कर विश्व कीर्तिमान बना दिया।

इस विश्व कीर्तिमान का आंकलन करने और कीर्तिमानों के समस्त मानकों की पूर्णता की जांच करने के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बुक आफ़ इंडिया की चीफ एडिटर सुषमा नार्वेकर अपनी टीम के साथ उपस्थित रहीं। विश्व कीर्तिमान के समस्त मानकों की पूर्णता से संतुष्ट होने पर लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी को प्रमाण पत्र व पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर अतुल द्विवेदी ने भावुक होते हुए कहा भगवान राम ने धर्म की रक्षा को समाज के हर वर्ग के लोगों से सहयोग लेकर उन्हें पहचान दिलाई उसी प्रेरणा का परिणाम है कि लोक कलाकार अपनी संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करके पीढ़ियों तक पहुंचाने में लगे है। केरल से लेकर मणिपुर, गुजरात से लेकर पश्चिम बंगाल, तेलंगाना से लेकर झारखंड तक यानी पूरे भारतवर्ष से कलाकारों ने आकर अपनी समृद्ध विरासत को दिखाया। पंजाब का गतका गुरु गोविंद सिंह जी की युद्ध शैली का स्मरण दिला रहा था तो केरल का कलरिपट्टू अपने अद्भुत संतुलन और कौशल से जमीनी युद्ध शैली का प्रतिनिधित्व कर रहा था।

धर्मशास्त्र व वेदांत प्रतिस्पर्धा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

आयोजन

▸▸ अयोध्या में अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

अयोध्या कार्यालय

प्रो. सदाशिव द्विवेदी, प्रो. केशवंत, प्रो. पराग जोशी का सम्मान करते हुए डॉ. प्रफुल्ल गडपाल।

अमृत विचार : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन मंगलवार को मणिराम दास छावनी का श्रीराम सत्संग भवन 28 राज्यों से आए 600 प्रतिभागियों की प्रतिभा का गवाह बना। विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी के निर्देशन में शास्त्रीय प्रतिस्पर्धाओं की शुरुआत मंगल आरती और और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ।

पहले दिन की प्रतिस्पर्धाओं में सुबह 8:30 बजे मीमांसा भाषण, व्याकरण भाषण, धर्मशास्त्र समेत ज्योतिष और न्याय भाषण पर प्रतिस्पर्धा हुई। इन प्रतिस्पर्धाओं में विभिन्न प्रदेशों से आए 100 से अधिक संस्कृत छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने आधारित विषयों पर अपनी प्रस्तुति देते हुए कंठस्थ वेद पाठों का उच्चारण किया। इसके बाद दोपहर अर्थशास्त्र शलाका, वेदांत शलाका, न्याय शलाका, ज्योति शलाका पर प्रतिस्पर्धा हुई। पहले दिन रामनगरी के विभिन्न स्थानों पर तृतीय सोपान में अष्टाध्यायी कण्ठ पाठ, धातु रुप कण्ठ पाठ और शास्त्रार्थ विचार विषयों पर प्रतिस्पर्धा हुई। संयोजन वेद शास्त्री प्रो लोकमान्य मिश्र द्वारा किया गया।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में मंगलवार वकीलों के प्रस्ताव के कारण तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट में अगली नियत तारीख पर मामले में तलबी बहस होगी। दायर परिवाद में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

वर्ग पहेली-15

बाएं से दाएं

1. एक वजनी धातु जो मटमैले रंग की होती है, (लेड)।
3. 1. (पुराण) दुर्गा का एक रूप
6. काशी की परिक्रमा जिसमें पांच पड़ाव हैं- कंदवा
7. 1. मकड़ी द्वारा बनाया गया जाला 2. जाल, जंजाल 3. किसी के द्वारा किया गया षड्यंत्र, साजिश, फ़रेब।
9. 1. पंथ, संप्रदाय 2. जमात, समुदाय 3. वर्ग 4. गुट, दल, गिरोह, जत्था 5. जाति।
10. 1. शनि नामक ग्रह, शनैश्चर 2. (ज्योतिष) एक देवता 3. शनिवार 4. जिसके आने से कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता हो।

ऊपर से नीचे

2. 1. (काव्यशास्त्र) आर्या छंद का तेइसवां भेद जिसमें पांच गुरु और अड़तालीस लघु मात्राएं होती हैं 2. मादा सारस पक्षी।
4. 1. चमकीला, जिसमें ख़ूब चमक-दमक हो, भड़कीला 2. अलंकृत, शब्दाडंबरपूर्ण।
5. 1. जो चलायमान या गतिशील हो, चपल, जिसमें स्थायित्व न हो 2. जो किसी एक स्थिति या एक स्थान पर न रहता हो, जो स्थिर न हो
6. पंजाब राज्य की भाषा।
8. 1. पूछने वाला व्यक्ति 2. आदर करने वाला व्यक्ति 3. देखरेख या ख़ोज-ख़बर लेने वाला व्यक्ति।



वर्ग पहेली -14 का हल

	1 रो	2 मि	3 ल		4 ब	
5 रू		6 स	ट	क	ना	
ह			के		ना	
	7 स	8 ज़ी	दा			9 घ
		10 न	र	मा	ह	ट
11 पू	जि	त				वा
			12 ब	रा	ब	र

सुडोकू-94

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5	9		2		3	
	3							9
		8				5	4	
6		2		8		3		
		1			3	9		
		4		7				2
5	8					2		
7							1	
	1		3		6	4		

सुडोकू -93 का हल

1	3	2	6	9	5	4	7	8
9	7	4	3	8	1	5	6	2
8	6	5	7	4	2	9	3	1
3	5	9	8	6	7	1	2	4
6	4	8	2	1	3	7	9	5
2	1	7	9	5	4	6	8	3
7	8	1	5	3	6	2	4	9
4	2	3	1	7	9	8	5	6
5	9	6	4	2	8	3	1	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 21 मार्च 02.22 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 22.38 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाज़ी न करें। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। शरीर में कोई समस्या या कमजोरी महसूस हों तो चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

वृष — आज आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। अपने बुद्धि-विवेक और कौशल का परिचय देंगे। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पा लेंगे।

मिथुन — आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेन्स को लेकर स्थिति मजबूत होगी। घर-परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। लोग पीठ-पीछे आपकी आलोचना करेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें।

कर्क — आज कार्यशैली में सार्थक बदलाव ला सकते हैं। ऑफिस में आपको सीनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानी दूर होगी। आज समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

सिंह — आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। अपने काम पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। लवमेट्स से किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। अपने खानपान को लेकर सावधानी रखें।

कन्या — आज संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। आपको शरीर को काफी आराम देने की आवश्यकता है। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है।

तुला — आज आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर सुधार करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनायेंगे। उच्च शिक्षा संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी।

वृश्चिक — आज धार्मिक यात्राओं की प्लानिंग कर सकते हैं। आज अपने प्रेमी से दिल की बात कह सकते हैं। यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो यह दिन बहुत ही अच्छा है। बॉस से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

धनु — आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने कि संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता जगह ले सकती है। सेहत में थोड़ी खराबी आने की आशंका है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

मकर — आज आप अपने कार्यों को तय समय पर पूरा कर लेंगे। जीवनसाथी आपसे काफी आकर्षित रहेगा। अविवाहित जातकों का विवाह तय हो सकता है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कुंभ — आज पुराना कर्ज चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। रक्त विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें फिलहाल ज्यादा अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों और सुझाव की प्रशन्सा होगी। शाम के समय परिजनों की किसी बात पर आपको गुस्सा आ सकता है। किसी भी तरह के व्यसन व बुरी आदत से दूर रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता — दोपहर : 12.00
धड़कन — शाम : 06.59

SONY MAX
बाटला हाउस — सुबह : 11.06
फैंटम — रात : 09.23

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 09.23 बजे

SONY PIX
जुमांजी : द नेक्स्ट लेवल — सुबह : 11.26
जस्टिस लीग — शाम : 06.54

ZEE CINEMA
अपहरण — सुबह : 10.30
अनजाना अनजानी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
चमत्कार — सुबह : 08.24
आर राजकुमार — रात : 09.36

जोक्स ऑफ द डे

पति- आज ये रोटियां जली हुई कैसी हैं?
पत्नी- क्योंकि मैं आजकल खूबसूरत होती जा रही हूं।
पति- तुम्हारे खूबसूरत होने से रोटी जलने का क्या लेना-देना है?
पत्नी- रोटियां भी मेरी खूबसूरती को देखकर जलने लगी हैं।
पत्नी की बात सुनकर पति रह गया दंग।

अध्यापक ने एक छात्र से पूछा - बताओ, शाहजहां कौन था?
छात्र- जी, वह एक मजदूर था...
अध्यापक- कैसे?
छात्र- आपने ही तो कहा था कि शाहजहां ने कई इमारतों का निर्माण किया था...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य पुत्रो वशीभूतो भार्या छन्दानुगामिनी।
विभवे यस्य सन्तुष्टिस्तस्य स्वर्ग इहैव हि ॥

जिसका पुत्र वशीभूत हो, पत्नी वेदों के मार्ग पर चलने वाली हो और जो वैभव से सन्तुष्ट हो, उसके लिए यहीं स्वर्ग है ।

संपादकीय

भारत-रूस संबंध

चुनाव में मिली जीत के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस यूक्रेन में अपने आक्रमण से पीछे नहीं हटेगा और उसकी सीमा पार हमलों से रक्षा करने के लिए एक 'बफर जोन' बनाने की योजना है। उन्होंने चेताया कि रूस और नाटो के बीच संभावित संघर्ष से दुनिया तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' रह जाएगी। यानि अपनी व्यापक जीत के साथ पुतिन संभवतः और अधिक ताकत का प्रदर्शन करेंगे और यथास्थिति बनाए रखेंगे। यह निर्विवाद है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध का घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आलोचकों की अपेक्षा से बेहतर मुकाबला किया है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लाई गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी, विशेष और विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में वे एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वास्तव में भारत के लिए पुतिन का पुनः चुना जाना एक महत्वपूर्ण रिश्ते की स्थिरता सुनिश्चित करेगा। रूसी नेता ने भारत के स्वतंत्र इतिहास के लगभग एक तिहाई समय तक उसके साथ संबंध बनाए रखा है और अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है। जानकारों का कहना है कि पश्चिमी देश रूस को लेकर चाहे कितना ही सख्त रुख अपना लें लेकिन भारत दोस्ती के बाद भी उनका पिछलग्गू नहीं बनने जा रहा है।

2010 से भारत-रूस के बीच खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मज़बूत इतिहास की ठोस बुनियाद पर विकसित हुई है और ये राजनीतिक ज़रूरत के माध्यमों से बनी हुई है। रूस ने शंघाई सहयोग संगठन में भारत की सदस्यता का समर्थन किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और इसमें भारत को शामिल करने की अपील की। इस तरह रूस ने व्यापक रूप से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार किया। तकनीकी संकीर्णता की तरफ अमेरिका के धीरे-धीरे लेकिन साफ झुकाव के बीच भारत की कंपनियां रूस के साथ सहयोग को लेकर सावधानी बरत रही हैं। इसके अलावा रूस से आयात में बढ़ोतरी के साथ-साथ भारतीय निर्यात में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसलिए दोनों देशों के संबंधों को विक्रेता-खरीदार रिश्तों के रूप से हटकर अधिक रणनीतिक बुनियाद पर एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

विज्ञान कथाओं की कोख से ही निकलेगी स्पेस-शब्दावली

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं।

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) की कार्य प्रणालियों की रिपोर्टिंग और इसकी उपलब्धियों और इतिहास के बारे में हिंदी मीडिया में लेखन के विविध पाठ पढ़ने से टर्मिनोलॉजी को लेकर कुछ सवाल उठने स्वाभाविक हैं। शब्द सामर्थ्य के अनुसार अपनी शैली में विषय से संबंधित सामग्री का प्रस्तुतिकरण आमजन के लिए एक लेखक जब करता है तब भारतीय भाषाओं में लिखी हुई इबारत में तद्भव वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों के प्रयोग करने को कितनी उदारता से प्रयोग करना चाहिए? साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित शब्दावली से सामना होने पर लोकरुचि लेखन के लिए अतिरिक्त जागरूकता से काम लेने की जरूरत महसूस होने लगी है। विज्ञान की समझ को आमजन में बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि एकाधिक शब्द एक ख़ास संदर्भ में वाक्य रचना के लिए वर्नाक्यूलार स्क्रिप्ट्स में इस्तेमाल किए जाएं। जैसे कि स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी की गूढ़तम बातों को लोकशैली में समझाने के लिए जब अपरिहार्य कारण मौजूद हैं तब नए शब्द गढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उदाहरण के लिए अमरीका ने अपने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए 'एस्ट्रोनॉट' टर्म गढ़ी थी और पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने कॉस्मोनॉट। सन 1905 में रूसी साम्राज्य में पैदा हुए एक पोलिश इंजीनियर एरी स्टर्नफेल्ड ने 'कॉस्मोनॉटिका' शब्द गढ़ा था जो कि रूसी भाषा के उपयुक्त शब्द का अंग्रेजी में निकटतम विकल्प है जबकि कुछ विज्ञान इतिहासकारों के कहना है कि 'कॉस्मोनॉट' शब्द को निकिता ख्रुश्चेव ने गढ़ा था। एक रूसी शब्द 'ज्वेदोप्लावनी' है जिसका अर्थ एस्ट्रोनॉमी है। भारत के हिंदी भाषा के एक समाचार पत्र में एक लेखक ने 'गगननॉट' शब्द इस्तेमाल किया है जिसने मुझे इस आशय के अन्य शब्द ढूंढने के लिए प्रेरित किया। भारतीय लोग ही क्यों अंतरिक्ष अध्ययन और अंतरिक्ष में टेक्नोलॉजिकल उपस्थिति दर्ज करने वाले सभी समर्थ देश अपनी सांस्कृतिक विरासत में प्रत्येक नए कार्य के लिए ऐसे शब्दों की तलाश करते हैं जो इनके सांस्कृतिक परिवेश के अनुकूल प्रतीत होते हैं।

> साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं।

विज्ञान लेखन की लोकप्रिय शैली में नई शब्दावली का प्रयोग अच्छी बात है। हिंदीतर और विदेशी भाषाओं से शब्द उधार लेने या भावार्थिक हाइब्रिड शब्द बनाने में दिक्कत नहीं है, खासतौर से जब भारत के बहुभाषी लोग 'एस्ट्रोनॉट' और 'कॉस्मोनॉट' दोनों ही शब्दों से अच्छे से परिचित हैं। इसरो द्वारा प्रस्तुत स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी से संबंधित एक 'ग्लोसरी' में विज्ञान कथा साहित्य से कोई शब्द लिया गया है, मुझे नहीं लगा। एस्ट्रोनॉट्स के भारतीय नामकरण के लिए 'गगननॉट' एक नवीन और हाइब्रिड शब्द है। एक सम-ध्वन्यात्मक शब्द की स्वीकार्यता तब तक नहीं बनेगी जब तक यह लोकप्रचलन में न आए। हमारे एस्ट्रोनॉट्स के लिए 'गगनदेव' या '-देवी' और 'व्योमबाला' या'- पुरुष' शब्द भी हो सकते हैं। समुद्र और आकाश में दो बिंदुओं के बीच की दूरी को नापने की इकाई 'नॉट' है जिसका मूल ग्रीक भाषा में है। यह नॉटिकल की शार्ट फॉर्म है अर्थात, नेविगेशन करने वाला व्यक्ति या नाविक। स्पेस ट्रेवलर के लिए नाविक शब्द हम इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि एस्ट्रोनॉट की भूमिका में वे नेविगेटर अर्थात स्पेस शिप के चालक और मार्गदर्शक की भूमिका में होने के अलावा अन्य कार्य भी करते हैं। एक समुद्री मील और अन्तरिक्षीय मील का नाप का नाप धरती के मील के नाप से हमेशा अधिक लंबाई का होता है जिसे 'नॉट' में नापा जाता है। 'कॉसमॉस' या ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए स्पेस शिप के लिए दूरी नापने हेतु 'नॉट' शब्द का प्रयोग होता है। थ्योरेटिकल फिजिसिस्ट अलबर्ट आइंस्टीन के भौतिकी विषय में दर्शन से जो व्यक्ति परिचित हैं और वे जिन्होंने स्टीवन हॉकिन्ग रचित 'अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम' पढ़ी है, स्पेस स्पेस ट्रेवल और समय और प्रकाश की गति के आशय को शीघ्र समझ लेंगे।

सन 1979 में प्रोग्रेस पब्लिशर्स मास्को से प्रकाशित 'इंग्लिश एंड अमरीकन शार्ट स्टोरीज' नाम से विज्ञान कथा संग्रह दिल्ली के पीपल्ज़ पब्लिशिंग हाउस से मैंने खरीदा था जिसमें सत्रह लेखकों की कहानियों की कथा-वस्तु नवीनतम आइडियाज से सराबोर और अत्यंत रोमांचक प्रतीत हुई थी। संग्रहकर्ता ने 16 पेज में रूसी भाषा में इसके लिए भूमिका लिखी। रूसी मैं नहीं पढ़ पाया। इस समस्या को आईआईटी दिल्ली के प्रो. वागीश शुक्ल ने दो साल बाद, 13 दिसंबर सन 1981 के, साप्ताहिक हिन्दुस्तान के अंक में अपने लेख -'विज्ञान, विज्ञान कथाओं का', प्रकाशन से सुलझाया और बताया कि रूसी भाषा में लिखी गई भूमिका का आशय क्या है।

साइंस फिक्शन या विज्ञान कथानकों के ताने-बाने में कुछेक ऐसी अपरिचित और जटिल-सी प्रतीत होने वाली शब्दावली जैसे कि 'क्वांटम जंप', 'लूप जंप', 'टेक्यान', 'हाइपरक्यूब', 'पॉज़िट्रान ब्रेन' एवं बहुत से अन्य शब्द जो पात्रों के अजीब से नाम रखने के लिए और ऐसे शब्द-युग्म जो किसी घटना या परिस्थिति विशेष के बारे में बताने के लिए, गढ़े गए का इस्तेमाल किया जाता रहा है। पाठकों का इन अजीबोगरीब शब्दों से परिचय नहीं होता। न ही ये आम प्रचलित शब्दकोष में मिलते हैं। इनके बेहतरीन उदाहरण आईज़क एसिमौफ़ जैसे लेखकों की कथाओं और उपन्यासों के अलावा यूनाइटेड किंग्डम के ख्यात लेखन फिलिप के. डिक की कथाओं में तो मिलेंगे ही, रशियन साइंस फिक्शन लेखक के बहुपठनीय उपन्यास 'एंड्रोमेडा स्ट्रेन' के अलावा पोलिश साइंस फिक्शन लेखकों की कहानियों और उपन्यासों में भी मिलेंगे। आकाश शब्द के लिए क्षुद्र या तात्कालिक अर्थरूप में ब्रह्मांड का प्रयोग असावधानीवश ही सही, अनुपयुक्त है। भारत में संस्कृत, हिंदी में अधिक उपयुक्त शब्द अंतरिक्ष, ब्रह्मांड और आकाश ही हैं जिनकी वर्तनी अलग तरीके से है। 'एस्ट्रो' और 'कॉस्मो' के पर्याय बनाने के लिए नए शब्द निर्माण का सामर्थ्य अन्य भारतीय भाषाओं में या फिर हिंदू वांग्मय में कहीं हो सकता है, लेकिन हमें अभी मालूम नहीं। गगनयान के कवचयुक्त पैसेंजर मॉडयूल को धरती के ऊपर के आकाश में 450 किलोमीटर के उच्चतम बिंदु (एपोजी) पर स्थापित किए जाने की योजना है। निकट अंतरिक्ष में धरती की परिक्रमा करने वाले एक स्पेस स्टेशन की ऊंचाई धरती के ज्योग्राफिकल ध्रुवों (पेरिजी) पर घट कर 175-250 किलोमीटर ही रह जाती है। अंतरिक्ष नाविकों का स्पेस शिप हमारे सोलर सिस्टम से बाहर अगर जाता है तब उसमें बैठे हुए मानव को आकाशयात्री नहीं अपितु ब्रह्मांड यात्री कहेंगे। पृथ्वी की कक्षा में 400-500 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अपेक्षाकृत-स्थिर प्रतीत होने वाले स्पेश स्टेशन में से जो मानव सुरक्षित कवच पहन कर मॉडयूल से बाहर आकर आकाश विचरण करता है तभी इसे अंतरिक्ष विचरण कहेंगे। हमारे सोलर सिस्टम से परे गहन या सुदूर अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले को हम ब्रह्माण्ड यात्री कह सकते हैं, परन्तु अंतरिक्ष में रहकर मंगल गृह तक की दूरस्थ यात्रा को भी अभी संभव नहीं बनाया जा सकता है। धरती से दूर की यात्रा की समयावधि को प्रकाशवर्ष में मापने वाले विज्ञान कथाकार हमारा सामना अद्भुत स्थितियों से करवाते रहे हैं। यह भी मानव अपनी और नित विकसित होते अद्भुत बौद्धिक क्षमताओं से अनजानी और अद्भुत समस्यायों से कैसे निपटता है।

प्रसंगवश

बैलट में बुराई क्या

चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। मतदान ईवीएम मशीनों से ही होने जा रहा है। इस पद्धति पर ऊंगलियां उठती रही हैं। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों को एक वर्ग ने शंकास्पद दृष्टि से देखा था। परिणाम घोषित हो जाने पर जनता किसी की सुनती नहीं है, इसलिए विपक्ष ने मौन रहना ही श्रेयस्कर समझा था। हां! दबी जुबान शत्रुघ्न सिन्हा कुछ यों बोले थे, 'कुछ है तो जरूर लेकिन अब तो!' बात आई गई हो गई थी। संप्रति इस मुद्दे पर विपक्ष पस्त है। चुनाव आयोग पर सरकारी शिकंजा इस कदर है कि पिछले आठ मास से विपक्ष उससे मिलने का समय मांगता रहा, जो नहीं दिया गया, तब फिर नीतिगत मामले में उनकी क्या चलेगी। ऐसे में यह चुनाव अब विवादास्पद ईवीएम से ही होना है। लालू यादव बिहार के प्रादेशिक चुनाव अधिकारियों से बार-बार यह कह रहे हैं कि मतगणना पहले पोस्टल बैलटों की करा ली जाय, फिर मशीन के वोटों की। लेकिन अभी तक उनकी यह बात भी नहीं मानी गई है। जमीनी सच्चाई उपर्युक्तानुसार होते हुए भी, मैं समझता हूं बैलट पेपर से चुनाव

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कराना श्रेयस्कर रहता। दुनियां में लगभग सौ देशों में वोट पद्धति से चुनाव होते हैं, जिनमें केवल 25 में ही मशीनों का प्रयोग होता है। शेष बैलट का ही प्रयोग करते हैं। अमेरिका विश्व का सर्वाधिक समृद्ध लोकतांत्रिक देश है, जहां आधुनिकतम तकनीक विद्यमान है, किंतु चुनाव बैलट से ही होते हैं। एक बात यह भी है कि जब ऊंगली उठ जाय, और पद्धति संदेह के घेरे में हो, तो निर्विवाद पद्धति अपनाने में हर्ज क्या है? न्याय की दुनियां का एक मशहूर सिद्धांत है कि 'न्याय न सिर्फ किया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रतीति भी कराई जानी चाहिए कि न्याय किया जा रहा है'। भगवान कृष्ण पर भी जब सत्राजित की स्यमंतक मणि के अपहृत करने का मिथ्या आरोप लगा था,तो उन्होंने उस आवाज़ का दमन नहीं किया था, बल्कि सच्चाई का पता लगाकर समाज के सामने रख दिया था। जब वर्तमान सरकार परंपराओं और पुरातन संस्कृति को सहेजने वाले कार्य कर रही है और सिंगोल(प्राचीन राजदंड) को नए संसद भवन भें स्थापित कर चुकी है, तो बैलट वाली मतदान की पारंपरिक पद्धति अपनाने में क्या हर्ज है? शंका और विवाद की कोई गुंजाइश ही क्यों रखा जाए।

आज के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है।

मोबाइल या लैपटॉप के कुछ बटन टीपिये, पलक झपकते लाखों करोड़ों रुपये इधर से उधर। तकनीक में आई इस क्रांति ने अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी तो वित्तीय शक्तियों और राजनीति के अनैतिक गठजोड़ ने इसी क्रांति के गहरे अंधेरों में नई रहस्यमयी दुनिया का सृजन भी किया। अब तो ऐसा है कि न जाने कितनी कंपनियां लैपटॉप में ही जन्म लेती हैं, करोड़ों, अरबों का वारा न्यारा करती हैं और फिर लैपटॉप में ही खत्म हो जाती हैं। गीता में वर्णित आत्मा की तरह पूंजी किसी नई कंपनी के रूप में पुनर्जन्म ले लेती है।

कंपनी... अब के दौर में इसका अर्थ व्यापक हो गया है। पहले के जमाने में, जिसे औद्योगिक दौर कहा जाता था, कंपनी का मतलब था कोई भौतिक ढांचा, जिसमें लोग काम करते थे, रोजी रोजगार पाते थे। लोग-बाग उस कंपनी को जानते थे। वह जन्म लेती थी तो कितने घर रोशन होते थे, मरती थी तो कितने घरों में अंधेरा छा जाता था। अब उत्तर औद्योगिक दौर है। विश्लेषक कहते हैं कि यह "फाइनांसियलाइजेशन" का दौर है। वित्त का असीमित और अबाध प्रवाह है। सत्ता और कारपोरेट की जुगलबंदी हो जाए तो वित्त का यह प्रवाह कानून की आंखों में धूल झोंकते पल भर में जाने कहां से कहां तक की यात्रा कर लेता है। अब ऐसी कंपनियां भी हैं जो नजर ही नहीं आती, लेकिन हैं। वे हैं और अरबों की पूंजी के साथ हैं। लेकिन न वे देश के लिए हैं, न मानवता के लिए हैं। वित्तीय शक्तियां अपने छद्म के साथ नए रूप में सामने आई हैं। अलग स्वभाव, अलग चरित्र के साथ। अब के दौर में पूंजी का एक बड़ा हिस्सा बांझ है। वह रोजगार पैदा नहीं करती। वह किसी कंपनी का रूप लेती है लेकिन किसी को रोजगार नहीं देती। उसका होना रहस्य को जन्म देता है, उसका मरना अगले रहस्य की ओर ले जाता है। बटन की टीप पर जन्म लेने वाली कंपनियों में पूंजी का यह रहस्यमय प्रवाह न जाने कितने गोरखधंधों की राह आसान करता है। ऐसी ऐसी कंपनियां, जिनमें पूंजी तो हजारों करोड़ है, लेकिन कर्मचारी एक भी नहीं। ऐसी अधिकतर कंपनियां अक्सर किसी फ्रॉड अरबपति की उंगलियों पर चलती हैं, नाचती हैं और फिर खत्म कर दी जाती हैं। टैक्स की चोरी और अवैध पूंजी को वैध का कुर्ता पहनाने में ऐसी कंपनियां बहुत काम आती हैं। कई बड़े कारपोरेट घराने ऐसी कंपनियों का खेल खेलते हैं और संस्थाओं की आंखों में धूल झोंक कर, या उन्हें बेबस करके जनता के पैसों की लूट करते हैं। टीवी पर एक किसान नेता एक हाथ में आलू और दूसरे हाथ में किसी ब्रांडेड चिप्स का रैपर लिए बोल रहे थे, 'हमसे चार रुपये किलो आलू खरीद कर कंपनियां उसके कई गुने दाम पर मुनाफा कमाती हैं।' बड़ी आबादी की आहों को समेटते इस मुनाफे का अर्थशास्त्र कोई जटिल मामला नहीं है। सब समझते हैं लेकिन जैसे किसी जकड़बंदी में यह सभ्यता बेबस सी नजर आ रही है। सारे आलम को आंदोलन विरोधी, बौद्धिक विमर्श विरोधी बना देने की साजिशों का पहला शिकार भारत का मिडिल क्लास है, दूसरा शिकार रील्स में डूबा हाशिए के तबकों का बेरोजगार युवा वर्ग है। ये मिल कर सुनिश्चित करते हैं कि कारपोरेट और राजनीति की जुगलबंदी से अमानवीय बनते जा रहे सिस्टम के खिलाफ कोई आंदोलन जोर न पकड़े। चंद बटनों पर उंगलियों के स्पर्श से जन्म लेने वाली और तिरोहित होने वाली कंपनियों से सिर्फ अरबों की टैक्स चोरी ही नहीं होती, वैध को अवैध और अवैध को वैध बनाने का खुला खेल ही नहीं होता, ये कंपनियां राजनीतिक दलों को करोड़ों का चंदा भी देती हैं। अब तो आरोप लग रहे हैं कि गोरखधंधा बदस्तूर चलता रहे, इसके लिए भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ इधर उधर किए गए। ऊपर के लेवल पर वित्त का यह तीव्र और सघन प्रवाह नीचे के लेवल पर घोर शोषण और ठगी से ऊर्जा प्राप्त करता है। अब शोषण ही पर्याप्त शब्द नहीं है। यह शब्द औद्योगिक दौर में केंद्र में था। उत्तर औद्योगिक दौर में तो शोषण के साथ ठगी भी अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में आ चुकी है। यह संगठित ठगी का दौर है।

किसी देश की विकास दर का अधिकतम हिस्सा कुछ खास मुट्ठियों में कैद हो जाए तो यह सिर्फ शोषण से संभव नहीं, इसके लिए ठगी की भी जरूरत है। तकनीकी क्रांति और तीव्र वित्तीय प्रवाह ने इस ठगी को बेहद आसान बना दिया है। पूंजी और राजनीति की जुगलबंदी अगर नापाक होने पर उतारू हो जाए तो शोषण और ठगी, दोनों अर्थव्यवस्था के केंद्रीय कारक बन ही जाएंगे। तभी तो, इस देश के किसान, श्रमिक से लेकर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी इस दौर की एक मुख्य प्रवृत्ति बन गई है। और, खुद को सयाना समझ रहा मिडिल क्लास भी इस शोषण और ठगी का कितना बड़ा शिकार है, यह आंखें और दिमाग खोलते ही समझ में आने लगता है। तभी तो, आंखों पर पर्दा और दिमाग पर कब्जा करने का खेल सांस्थानिक रूप अख्तियार कर चुका है।

सोशल फोरम

धोखा

कभी-कभी लोग धोखा शब्द का अर्थ समझने में भी धोखा खा जाते हैं। इसलिए नहीं कि धोखा का अर्थ कठिन है। इसलिए कि अपना अर्थ समझना कठिन है। अपने को समझना कठिन है। धोखा शब्द के प्रयोक्ता अपने को समझने में चूक जाते हैं, इसलिए धोखा का सही अर्थ नहीं समझ पाते हैं। धोखा का सीधा अर्थ है, जो दिखाई पड़ रहा है, वह सच नहीं है। जो छिपा है, वही सच है। जब उचित समय पर छिपा प्रकट हो जाता है, तब एहसास होता है कि जा.. मैं तो धोखा खा गया।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

धोखा वहीं होता है, जहां किसी न किसी प्रकार का संबंध होता है। जहां संबंध नहीं, वहां धोखा भी नहीं। व्यापारिक और प्रेम संबंधों में धोखे की चर्चा ज्यादा होती है। व्यापार से भी ज्यादा प्रेम में धोखे की संभावना रहती है, क्योंकि प्रेम के नशे में हम अंदरूनी सच नहीं देख पाते। व्यापारिक संबंध में हम जब प्रेम को घुसा देते हैं तो धोखे का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रेम के कारण आप उनके सामने रुपए नहीं गिनेंगे, बाद में गिनेंगे, हो सकता है वह कम निकले। प्रेम के कारण आप वस्तु तो दे देंगे, लेकिन पैसे मांगने में संकोच कर जाएंगे। हो सकता है बाद में वह पैसा आपको न मिले। तो व्यापारिक संबंध और प्रेम संबंध को अलग कर देना चाहिए।

नकली प्रेम में धोखे पाए जाते हैं, असली प्रेम में धोखे का नामोनिशान नहीं होता। टिकाऊ होना असली प्रेम की पहचान नहीं है। असली प्रेम की पहचान है बेशर्त होना। एक-दूसरे को पूरी स्वतंत्रता देना। जहां शर्त है, वहां धोखे की संभावना है।

कल्पना कर लीजिए कि स्त्री-पुरुष आपस में प्रेम कर रहे हैं। यह प्रेम दो प्रकार से हो सकता है। एक बंधन वाला प्रेम, दूसरा स्वतंत्रता देने वाला प्रेम। बंधन वाले प्रेम में धोखे की संभावना है। दोनों में से कोई एक दूसरे की तरफ आकृष्ट होकर पहले को छोड़ सकता है। यहां कहा जाएगा कि एक ने दूसरे के साथ धोखा किया। लेकिन जहां स्वतंत्रता है, कभी भी कोई किसी के साथ जा सकता है, इस तरह की अंडरस्टैंडिंग है, वहां धोखा कहां? हां, यह बात अलग है कि इस तरह का प्रेम करने वाला विरला ही होता है। इसलिए ऐसे प्रेम के अलगाव को जन सामान्य धोखा ही नाम देते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह के प्रेम का अनुभव नहीं होता।

-फेसबुक वॉल से

काशी में शिव की रंगभरी यात्रा

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं।

काशी में रंगभरी एकादशी का विशेष महत्व है। जिस तरह होलाष्टक से ब्रज में होली उत्सव शुरू होता है, उसी तरह काशी में रंगभरी एकादशी से होली पर्व की शुरुआत होती है, जो लगातार छह दिनों तक चलता है। रंगभरी एकादशी शिव के स्वागत में ही मनाई जाती है। यह वह दिन है, जब वाराणसी की सड़कों पर गुलाल बरसते हैं। शिव इसी दिन माता पार्वती को विदा कराकर ले जाने के लिए शादी के बाद पहली बार बनारस आए थे।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब माता सती ने आत्मदाह कर लिया था, तो उसके बाद शिव क्रुद्ध हो गए थे और वे बड़े दुखी भी हुए थे। यही वजह थी कि इसके बाद उन्होंने चिर साधना शुरू कर दी थी। उनकी यह साधना तब तक जारी रही, जब तक कि माता पार्वती के रूप में माता सती ने फिर से जन्म नहीं ले लिया। शिव जिस दिन उन्हें विदा कराकर ले जाने के लिए यानी कि गौने की रस्म करवाने के लिए पहली बार वाराणसी पहुंचे थे, उसी दिन से रंगभरी एकादशी मनाने की शुरुआत हुई थी। रंगभरी एकादशी काशी के लोगों के लिए बड़ी मायने रखती है, क्योंकि वाराणसी में होली के उत्सव का आरंभ इसी दिन से हो जाता है। माता पार्वती के गौने की वजह से इस दिन का वाराणसी के लोगों के लिए खास महत्व है और इस दिन व्रत करके और उत्सव मनाकर लोग अपने जीवन में न केवल अपने घरों में खुशियां और समृद्धि के आगमन को निमंत्रण देते हैं, बल्कि पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ इसे मना कर शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। खासकर शादीशुदा जोड़े रंगभरी एकादशी को विशेष रुप से मनाते हैं, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि पूरी श्रद्धा के साथ इस त्योहार को मनाने से उनकी जिंदगी प्यार से भर जाती है और शिव एवं माता पार्वती की कृपा हमेशा उन पर बनी रहती है।

शुरुआत काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत के घर से होती है और शिव की रजत यानी चांदी वाली मूर्ति को त्योहार के एक दिन पहले शाम को महंत के घर पहुंचा दिया जाता है और रात भर शिव यही महंत के घर में विराजमान रहते हैं। इसके बाद सूर्योदय से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्तियों का पुजारियों द्वारा दूध से अभिषेक किया जाता है। इनकी मूर्तियों का पंचामृत से भी अभिषेक होता है और इस तरह से रुद्राभिषेक का कार्यक्रम चलता है। इसके बाद फूलों और आभूषणों से दोनों मूर्तियों का श्रृंगार किया जाता है बाबा विश्वनाथ को विशेष पोशाक पहनाई जाती है और श्रृंगार किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की रजत प्रतिमा को राजशाही पगड़ी और धोती-कुर्ता एवं दुपट्टा पहनाया जाता है। इस दौरान परंपरागत गीत भी महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं।

जैसे-जैसे दोपहर का वक्त आता है, बारात निकालने की तैयारी पूरी हो जाती है। एक पालकी पर शिव और माता पार्वती की मूर्तियों को सजा कर रखा जाता है और इस बारात की शुरुआत महंत के घर से होती है, जो कि काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होती है। इस पालकी को शिव के भक्त उठाते हैं, जिन्हें कि बम के नाम से हम जानते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचने से पहले यह पालकी शहर के कई हिस्सों में घूमती है और इस दौरान पूरे रास्ते में भक्तगण गीत गाते हैं। शिव और माता पार्वती पर लोग खूब अबीर-गुलाल उड़ाते हैं।

भक्तगण खुद भी रंगों में रंग जाते हैं। नगाड़े बजाते हैं। हर-हर महादेव का जयघोष करते हैं। वे डमरू बजाते हैं। तरह-तरह के वाद्य यंत्र बजाते हैं। इनकी धुनों पर भक्त खूब थिरकते और झूमते हैं। इस दौरान पूरा वातावरण खुशी से सराबोर हो जाता है। हर-हर महादेव के जयकारे से काशी नगरी गूंज उठती है। कुंवारी महिलाएं इस दौरान खासकर भगवान शिव को रंग लगाने की कोशिश करती हैं और वे उन्हीं के जैसा वर प्राप्त करने का आशीर्वाद भी उनसे मांगती हैं। वाराणसी में होली की यह न केवल धमाकेदार, बल्कि बेहद पवित्र शुरुआत होती है, जिसका साक्षी बनने के लिए केवल अपने देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचते हैं। यह उत्सव धुलंडी तक जारी रहता है।

लड़कियों की नौकरी : मुसीबत का सबब

इन दिनों एक नई सामाजिक समस्या उत्पन्न होने लगी है जिसकी घुटन अब अधिकांश घरों में देखने को मिलने लगी है। बेटी को विवाह पूर्व नौकरी करवाना माता-पिता व बेटियां दोनों के लिए ही अब एक बड़ी मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। आज अधिकांश लोग अपनी पुत्रियों से विवाह पूर्व बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उनसे नौकरी करवाकर अपने लिए एक समस्या तैयार कर रहे हैं। ऐसा करने के कारण ऐसी लड़कियों के विवाह में जो समस्याएं आती हैं, उसका हल निकालना उनके लिए अब दुष्कर होने जा रहा है। नौकरियों में उनका वेतन अधिक होने से उनसे कम वेतन वाले लड़के प्रायः उन्हें पसन्द नहीं आते हैं। अन्य शहर में नौकरी कर अकेले रहने के कारण, घर से दूर होने के कारण उन्हें लोक-लाज़ का भय भी नहीं रह जाता है।

शिवनाथ भारती
सदस्य, वरिष्ठ नागरिक
सलाहकार परिषद

एक बार नौकरी करने पर वे नौकरी छोड़ने को तैयार नहीं होती। वह जिस शहर में नौकरी करती हैं, उन्हें उसी शहर में ही कार्यरत उनसे अधिक पैकेज वाला सजातीय वर चाहिए जिसे ढूंढ़ पाना माता-पिता के लिए एक जटिल समस्या है। शादी से पहले पढ़-लिखकर, नौकरी पकड़ने की मानसिकता के कारण ऐसे ही विवाह में देरी हो जाती है, ऐसे वरों की तलाश में उनकी विवाह की उम्र ही निकल जाती है।

फिर होती है बेमेल शादियां जिस कारण गृहस्थी बसने से पहले उजड़ने की संभावना रहती है। अगर शादी टिक भी गई तो अधिक उम्र के कारण गर्भ धारण व संतानोत्पत्ति में भी समस्याएं आने लगती हैं और मातृत्व सुख से वंचित रहने के आसार बढ़ जाते हैं। उम्र का तकाजा कहें या शारीरिक बदलाव, बच्चियों में हुए हार्मोनल परिवर्तन और समय पर शादी नहीं होना उसे पुरुषों की ओर आकर्षित करते हैं। उसके साथ घर का कोई सदस्य नहीं होने से उन पर कोई रोक-टोक नहीं रहती जिससे वे अक्सर गलत मार्ग पर चल पड़ती हैं। ये उचित और अनुचित मार्ग का निर्णय नहीं ले पाती। आज के माता-पिता, जो यह सोचते हैं कि कन्या को कुछ वर्ष नौकरी करा लेते हैं, फिर उनकी शादी कर देंगे, उनकी यह सोच उन पर आगे चलकर भारी पड़ने लगती है। मेरा मानना है कि लड़कियों को पढ़ाने-लिखाने में कोई बुराई नहीं है पर शादी से पहले उन्हें नौकरी करने से रोकना चाहिए। अगर लड़की को कोई सरकारी नौकरी मिल गई है तब तो उस पर जरूर विचार किया जा सकता है।

अतः लड़कियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, उन्हें खूब स्किल फुल बनाएं पर शादी से पहले नौकरी को यथासंभव टालें। डिग्री के साथ ही अगर नॉलेज व स्किल भी होगा तो नौकरी तो जरूरत पड़ने पर शादी के बाद भी की जा सकती है। इसलिए बेटियों का विवाह स्वयं के विवेक से सही समय (21 से 25) पर करें और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। विवाह के उपरांत जॉब करने व पढ़ाई जारी रखने में कोई समस्या नहीं आती।

एक नजर

धर्मनिरपेक्ष हैं, तो राहुल धर्म के आधार पर चुनाव न लड़ें

नयी दिल्ली : केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुद को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं तो उन्हें धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर (चुनाव) लड़ना चाहिए। ईरानी ने कहा कि किसी देश की मंजिल का फैसला उस व्यक्ति द्वारा तय नहीं किया जा सकता, जो अमेठी में हार से डरता है। मंत्री ने कहा कि यह पहला मौका नहीं है, जब उन्होंने मेरे हिंदू धर्म के खिलाफ कोई बयान दिया है। लेकिन, मेरा मानना है कि अगर वह धर्मनिरपेक्ष हैं, तो उन्हें धर्म के आधार पर नहीं लड़ना चाहिये, बल्कि उन्हें मुद्दों पर लड़ना चाहिये।

बर्बरता करने वाले अधिकारियों पर भी दर्ज हों मुकदमे

नैनीताल। राज्य आंदोलनकारियों पर बर्बरता के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के बाद से यहां खुशी देखने को मिल रही है। मंगलवार को नैनीताल में राज्य आंदोलनकारियों ने पत्रकार वार्ता कर सीबीआई कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। इस दौरान आंदोलनकारी पूरन मेहरा ने कहा कि घटना में शामिल तत्कालीन डीएम, एसएसपी समेत आईजी पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न ही बर्बरता करने वाले आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज हो सका है। केवल दो कांस्टेबलों पर कार्रवाई कर दी। वार्ता में मुन्नी तिवारी, शाकिर अली, मुकेश जोशी मंटू आदि मौजूद रहे।

कार से पांच किग्रा अफीम बरामद, एक गिरफ्तार

अजमेर। राजस्थान में अजमेर संभाग के केकड़ी जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को कार से पांच किलोग्राम अफीम बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग से एक कार में मादक पदार्थ परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 बांदनवाड़ा सीमा से निकल रही कार को रुकवा कर जब तलाशी ली तो उसमें से मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई।

भाजपा है वाशिंग मशीन, इसमें शामिल हो जाने से धुल जाते हैं सारे पाप : राय

जौनपुर, एजेंसी

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वो वाशिंग मशीन है, जिसमें चले जाने से सारे पाप धुल जाते हैं।

पाराकमाल गांव में पूर्व विधायक नदीम जावेद की माता के निधन पर श्रद्धांजलि देने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में राय ने आरोप लगाया केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, विपक्षी दलों को परेशान करने के लिए ईडी, आईटी, सीबीआई को वसूली एजेंट बना दिया है । इलेक्ट्रोरल बॉन्ड में कई सौ करोड़ का घपला कर बीजेपी पूरी तरह बेनक़ाब हो गई है । बीजेपी के सहयोगी दलों के लोग उनके एलायंस से इस्तीफ़ा दे रहे हैं। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बे पटरी हो चुकी है। वाराणसी के शिक्षक की मुजफ्फरनगर में हत्या से सूबे में शिक्षक आंदोलन कर रहे है, इसका असर सीधे मूल्यांकन पर पड़ रहा है। राय ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के दख़ल के चलते बांड घोटाले में पांच सौ करोड़ घोटाले का पर्दाफ़ाश हुआ है। राय ने कहा कि बीजेपी के इशारे पर बड़े उधोग घरानों और उद्योगपतियों के ठिकानों पर केंद्रीय एजेंसियों से छापा मारी कराई जाती है, फ़िर उनसे हजारों करोड़ रुपये का चंदा मांगा जाता है। सांसद डिंपल यादव के ईवीएम के बजाए बैलेट पेपर के वकालत पर कहा कि राहुल गांधी ने यह मांग पहले ही चुके हैं। कांग्रेस जोड़ो का यात्रा का खौफ यूपी सरकार पर साफ़ दिख रहा है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को कड़ा सबक सिखायेगी। अमेठी से राहुल के चुनाव पर लड़ने के सवाल पर कहा कि वहां की जनता खुद मांग कर रही है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से जनता ऊब चुकी है। कांग्रेस का घोषणा पत्र जनता के लिए ही समर्पित होगा। पार्टी के वर्किंग कमेटी के बैठक में पंच सूत्री फ़ार्मूला तैयार हो रहा है पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

▸▸ उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर किए तीखे प्रहार

कण्वाश्रम को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जाएगा : बलूनी

कोटद्वार, एजेंसी

गढ़वाल (पौड़ी) लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार अनिल बलूनी ने कहा है कि यहां से 14 किलोमीटर दूर स्थित पवित्र स्थल कण्वाश्रम को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। कण्वाश्रम का उल्लेख प्राचीन हिंदू ग्रंथों में राजा भरत के जन्मस्थान के रूप में किया गया है, जिनके नाम पर भारत का नाम भारतवर्ष पड़ा।

इसी स्थान पर ऋषि विश्वामित्र और कण्व ने ध्यान एवं तप किया था। भाजपा द्वारा लोकसभा सीट के लिए बलूनी को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद उन्होंने रविवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र के पहले दौरे में यह घोषणा की। उन्होंने कौड़िया शिविर से झंडा चौक तक एक रोड शो किया जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। बलूनी ने कहा कि अगर उन्हें कोटद्वार की जनता का आशीर्वाद मिला तो वह कण्वाश्रम को अयोध्या की तर्ज पर विकसित करेंगे ताकि देश-विदेश से लोग इसे देखने आएं। उन्होंने कोटद्वार से अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि 20 साल पहले उन्होंने विधानसभा के लिए अपना पहला चुनाव पौड़ी गढ़वाल जिले के शहर से लड़ा था। उन्होंने कहा कि उनके रोड शो में बड़ी संख्या में भीड़ का एकत्र होना और लोगों का उत्साह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनके अटूट विश्वास को दर्शाता है। बलूनी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। राज्य के लोग देश के सर्वोच्च पदों पर आसीन हैं। उन्होंने घोषणा की है कि यह दशक उत्तराखंड का है और प्रधानमंत्री का सपना अगले पांच वर्ष में राज्य को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जाना है।

▸▸ प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार गढ़वाल पहुंचे भाजपा नेता

जन सेवा मेरी जिंदगी का मिशन : शिवराज

विदिशा, एजेंसी

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि देश और जनता की सेवा उनकी जिंदगी का एक मिशन है। जनता की सेवा ही उनके लिए भगवान की पूजा है, क्योंकि वे मानते हैं यह जीवित व जागृत देवी-देवता बैठे हैं और उन्हें वे बारंबार प्रणाम करते हैं।

चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र की खातेगांव विधानसभा के ग्राम बोरदा में लाड़ली बहना सम्मेलन में सम्मिलित हुए। उन्होंने मां नर्मदा मैया की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां उनके लिए साक्षात देवियां हैं, इसलिए भारत की राजनीति में हर कार्यक्रम बेटियों का पूजन करके ही शुरू करें, यह पहल भी मध्यप्रदेश में हमने प्रारंभ की है। उन्होंने कहा कि वे आनंदित और प्रसन्न हैं कि उन्हें आपकी सेवा करने का मौका मिला है। वहीं, खातेगांव के अलग-अलग गांवों में चौहान का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही उन्होंने दीवार लेखन और घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क भी किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, जिन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने की ठानी है और संपूर्ण विकसित भारत का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। एक तरफ मोदी सरकार की योजना और दूसरी तरफ मध्यप्रदेश सरकार की योजना है। चौहान ने विदिशा लोकसभा की खातेगांव विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में प्रचार किया। इस दौरान बहनें अपने साथ गुल्लक लेकर पहुंचीं। इन गुल्लक पर विजय भवः लिखा हुआ था। बहनों ने चौहान को पैसों से भरे गुल्लक के साथ ही विजय भवः का आशीर्वाद दिया।

▸▸ विदिशा संसदीय क्षेत्र में चौहान का हुआ भव्य स्वागत

केन्द्र में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार : धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : भाजपा ने मंगलवार को प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश बंसल तथा महामंत्री संगठन अजय कुमार की मौजूदगी भाजपा ने चुनाव मीडिया सेंटर की शुरुआत हुई।

इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि चुनाव वातावरण से साफ है कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। आम लोगों में भाजपा के 400, 370, 375 पार की चर्चा है। पीएम मोदी और भाजपा के पक्ष में देश में शानदार माहौल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों के दिल में मोदी हैं। हम सब मोदी का परिवार हैं, इसलिए सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए पांचों सीट उनकी झोली में डालनी हैं। धामी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास एवं जन कल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि उत्तराखंड की जनता में उत्साह है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता बूथ और पन्ना स्तर तक चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जिक्र करते हुए धामी ने कहा कि हमने लक्ष्य से अधिक 3 लाख 54 हजार करोड़ रुपये के निवेश एमओयू साइन किए हैं। इसमें से 11 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की अब तक ग्राउंडिंग हो चुकी है। उधमसिंह नगर में अब तक 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा चुके हैं। सीएम धामी ने कहा कि हम देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लेकर आए। हम यूसीसी को कानून बनाने वाले पहले राज्य बने हैं। बीते माह हल्द्वानी में हुए बवाल का जिक्र करते हुए धामी ने कहा सरकार ने तत्काल हालात पर नियंत्रण किया। हम कठोर दंगा रोधी कानून लेकर आए ताकि ऐसी घटनाओं में हुए नुकसान की पाई पाई दंगाइयों व उपद्रवियों से वसूली जाए।

देहरादून में भाजपा के प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर का उद्घाटन करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

▸▸ देहरादून में भाजपा के प्रदेश चुनाव मीडिया सेंटर का उद्घाटन

शुआट्स के निदेशक को कोर्ट से मिली राहत

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में सैम हिगिन बॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के निदेशक विनोद बिहारी लाल को कथित तौर पर हत्या के प्रायस में एक व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में दर्ज मामले में सशर्त जमानत दे दी है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की पीठ ने रिहाई से पहले ट्रायल कोर्ट में 10 लाख रुपए जमा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा की जमानत शर्तों के किसी भी उल्लंघन के परिणाम स्वरुप जमानत स्वतः रद हो जाएगी। निदेशक के अधिवक्ता ने तर्क दिया था कि शिकायतकर्ता याची से पूर्व व्यक्तिगत द्वेष रखता है।

तौकीर रजा को निचली कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भड़काऊ बयानों के लिए चर्चित और वर्ष 2010 में बरेली में हुए दंगों के मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपी 27 मार्च 2024 को या उससे पहले ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो और जमानत के लिए आवेदन दाखिल करें।

इसके साथ ही सरकारी अधिवक्ता को दो सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देने के साथ ही उसके दो सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए आदेश दिया है। तौकीर रज़ा के खिलाफ एडीजे, फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) रवि कुमार दिवाकर ने 13 मार्च को एनबीडब्ल्यू नोटिस जारी कर दिया था। गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट में मौलाना के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा। सरकार की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ताओं ने भी हाईकोर्ट में तौकीर रजा के बयानों का जिक्र कर कई साक्ष्य प्रस्तुत किए।

सरकारी अधिवक्ता ने जमानत याचिका का पूर जोर विरोध करते हुए कहा कि आरोपी बरेली में हुए सांप्रदायिक दंगों का मास्टरमाइंड है और इसके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। शहर में मौजूद होने के बावजूद वह निर्धारित तिथि पर निचली अदालत में उपस्थित नहीं हुआ।

इसके परिणाम स्वरुप उसके खिलाफ दंडात्मक प्रक्रिया जारी की गई। अतः उपरोक्त कार्यवाही पर रोक लगाने की आवश्यकता नहीं है। आरोपी का कृत्य सामाजिक ताने-बाने और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने की प्रकृति का है। वर्तमान मामला मंगलवार को न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकल पीठ के समक्ष हुई। मामले के अनुसार आईपीसी की गंभीर धाराओं के साथ लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 और क्रिमिनल लॉ (अमेंडमेंट) एक्ट, 1932 की धारा 7 के तहत बरेली के प्रेम नगर थाने में वर्ष 2010 में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के चीफ मौलाना तौकीर रजा की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। बरेली कोर्ट ने 2 मार्च 2010 में हुए बरेली दंगों के लिए तौकीर रजा को आरोपी बनाया है। आईएमसी प्रमुख की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।

▸▸ वर्ष 2010 में बरेली में हुए दंगों का मामला

नरेंद्र गिरी आत्महत्या मामले में रवींद्र पुरी का बयान दर्ज

प्रयागराज : अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी की आत्महत्या के मामले में गवाह अखाड़ा परिषद के वर्तमान रविंद्र पुरी का बयान न्यायालय में दर्ज किया गया। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से उन्हें महंत नरेंद्र गिरी की आवाज की ऑडियो कैसेट सुनाई गई तथा वीडियो फुटेज भी दिखाई गई जिसकी रवींद्र पुरी ने शिनाख्त की। वर्तमान कार्यवाही अपर सत्र न्यायाधीश राम प्रताप सिंह राणा के न्यायालय कक्ष में चल रही है। न्यायालय के समक्ष एडीजीसी हरिनारायण शुक्ला एवं भानु प्रताप सिंह, वहीं दूसरी तरफ सीबीआई के विशेष अधिवक्ता तथा आरोपितों के अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

बकाया भुगतान के लिए मंदिरों का कोर्ट से गुहार लगाना दुखद

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर, वृंदावन और आठ अन्य मंदिरों की पिछले 4 वर्षों से रोकी गई एन्युटी (वार्षिकी) के मामले में आयुक्त/सचिव, राजस्व बोर्ड उत्तर प्रदेश को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि यह चिंता का विषय है की मंदिरों और ट्रस्टों को राज्य सरकार से अपना बकाया जारी करने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, जो कि राज्य के खजाने से स्वचालित रूप से मंदिर के खाते में प्रवाहित होना चाहिए था। यह एक वार्षिक सुविधा है और संबंधित अधिकारी को मंदिर की वार्षिकी जारी करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए थी। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। इसके अलावा कोर्ट ने उचित कार्रवाई के लिए मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखने का भी निर्देश दिया है। याचिका के अनुसार ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर, वृंदावन के साथ अन्य मंदिरों ने अपनी अनन्युटी जारी करने की मांग करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की, जिसे जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी ने विगत 4 वर्षों से रोक रखा था। उक्त व्यवस्था उत्तर प्रदेश जमीदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम,1950 की धारा 99 के तहत जनवरी 2020 से दिसंबर 2023 तक के लिए निर्धारित किया गया था। मालूम हो कि पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने आयुक्त/सचिव राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश को निर्देश दिया था कि वह अनन्युटी जारी करने की अनुमति न देने के कारण को बताते हुए अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें। कोर्ट को हलफनामा के माध्यम से जो कारण बताए गए वे धन की कमी थे।

कोर्ट ने याचिका पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा लखनऊ में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा गया पत्र इस बात का सूचक है कि लखनऊ में बैठे अधिकारी को ट्रस्टों और मंदिरों की एन्युटी (वार्षिकी) जारी करने की कोई परवाह नहीं है। इसके अलावा सरकार से आवश्यक बजट स्वीकृत करने के लिए भी कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। मुकदमे की अगली सुनवाई आगामी 20 मार्च को सुनिश्चित की गई है।

▸▸ कोर्ट ने उचित कार्रवाई के लिए मामले को मुख्यमंत्री योगी के समक्ष रखने का भी दिया निर्देश

रंगों के त्योहार होली के उत्सव के लिए चहुंओर तेजी से तैयारियां चल रही हैं। उत्सव को रंगमय बनाने के लिए मंगलवार को जयपुर स्थित एक फैक्ट्री में गुलाल तैयार करतीं महिला श्रमिक।

तुम हमारा साथ दो, हम तुम्हें हिंदू राष्ट्र देंगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दिल्ली रोड स्थित नया मुरादाबाद के लोहिया स्टेट में तीन दिवसीय हनुमंत कथा के दूसरे दिन श्रीबागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ कष्टों के निवारण के लिए उमड़ी।

कथा के दूसरे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बातों-बातों में मुरादाबाद को माधव नगर बनाने की ही नहीं दोहराई इससे आगे जाकर बोले तुम हमारा साथ दो, हम तुम्हें हिंदू राष्ट्र देंगे। पंडाल में बैठे लोगों से उन्होंने कहा कि चादर चढ़ाना बंद करो, तुम्हारे हनुमान जी बहुत पावरफुल है। उन्होंने गरीबों की बेबसी का जिक्र करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और चिकित्सा आजकल बहुत महंगी हो गई है। जिसके कारण कमजोर और गरीब लोग टोने टोटके और मजारों पर चादर चढ़ाने के चक्कर में पड़ गए हैं। फिर उन्होंने सरकार को संदेश देते कहा की सरकार देश में शिक्षा और चिकित्सा मुफ्त कर दे। जिससे गरीब लोग टोने-टोटकों से बच सकें और मजारों पर चादर चढ़ाना बंद कर इलाज करा सकें।

उन्होंने कहा कि अब वैज्ञानिकों को भी सन्यासी बाबा राह दिखाएंगे। चंदे की धनराशि से मंदिर निर्माण के स्थान पर गरीब बेटियों की शादियां कराने का उन्होंने संकल्प दोहराया। तीन बजे प्रेतराज सरकार का दरबार लगा तो पंडाल में बैठे लोगों पर सवार प्रेतों को सजा दी गई। वहीं कुछ लोग अपने बीमार परिजन को लेकर आए। जिसके बारे में जादू टोने का शक था। दिव्य दरबार में आकर खत्म हुआ।



▸▸ धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़

गोल्फ कोर्स भूमि मामले में यथास्थिति के निर्देश

नैनीताल, एजेंसी

- कोर्ट ने कहा- वैकल्पिक भूमि के बारे में 22 मई तक कराएं अवगत

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार के औद्योगिक आस्थान (सिडकुल) में गोल्फ कोर्स के लिये प्रस्तावित लगभग 78 एकड़ भूमि पर आवासीय कालोनी बनाये जाने के मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी कर दिए।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने हरिद्वार निवासी अरूण कुमार की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए। अदालत ने सिडकुल को गोल्फ कोर्स के लिए वैकल्पिक भूमि के बारे में भी 22 मई तक जवाब देने को कहा है। सिडकुल की ओर कहा गया कि गोल्फ कोर्स के लिए प्रस्तावित 78 एकड़ भूमि पर आवासीय कालोनी बनाए जाने का प्रस्ताव है। दूसरी याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि औद्योगिक नीति के अनुसार पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिये प्रत्येक सिडकुल में ग्रीन बेल्ट का प्रावधान किया जाना आवश्यक है। पीठ ने अंत में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

मिली सफलता

पूर्व डीन वेटरिनरी डॉ. एनएस जादौन दस वर्षों से पशुओं पर आजमा रहे थे तकनीक, ऊतक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में गेम चेंजर साबित हो रही है यह खोज

पशुओं की पुनर्योजी चिकित्सा में सार्थक हुई 'स्टेम सेल थेरेपी'

मृगांक मौली, पंतनगर

अमृत विचार: मनुष्य की पुनर्योजी (रीजेनरेटिव) चिकित्सा में स्टेम सेल थेरेपी बहुत कारगर साबित हो रही है। इससे प्रेरित होकर पंतनगर विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक ने दस वर्षों के परिश्रम के बाद अलग-अलग जानवरों के उपचार में इसका प्रयोग कर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ करने में सफलता हासिल की है।

जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. एनएस जादौन ने बताया कि पिछले एक दशक के दौरान कई प्रयोग करने के बाद उन्होंने पाया कि स्टेम सेल थेरेपी ने पुनर्योजी चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं में अपनी सार्थकता साबित की है। यह तकनीक ऊतक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक गेम चेंजर के रूप में कार्य कर रही है।

जब पारंपरिक उपचार के तौर-तरीके कम प्रभावी हुए, तब उन्होंने प्रत्येक प्रयोग के साथ प्रयोगशाला में अलगाव, प्रसार, विभेदन, समर्पण, लक्षण, वर्णन, सत्यापन और पुनर्वेधीकरण के लिए आवश्यकतानुसार मानकीकरण और अनुकूलन किया। जिससे आशाजनक परिणाम प्राप्त हुए। इसमें स्टेम सेल आधारित चिकित्सीय व मानकीकरण का अनुकूलन काफी प्रभावी पाया गया। जो पशुओं के शरीर पर कम से कम प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

क्या है स्टेम सेल

प्रारंभिक जीवन और विकास के दौरान शरीर में विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं के रूप में विकसित होने की विशिष्ट क्षमता स्टेम सेल्स में होती है। इन सेल्स को हड्डी, उपास्थि, कंडरा, लिगामेंट, कंकाल व हृदय की मांसपेशी की मरम्मत में प्रयोग किया जा सकता है। सेल्स उपयोगी वृद्धि कारक और साइटोकिंस का उत्पादन करती हैं, जो क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत में मदद करती हैं। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए डॉ. जादौन ने अस्थि मज्जा मूल के मेसेनकाइमल स्टेम कोशिकाओं को अलग करने, प्रचारित और विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में अंतर जानने सहित विशिष्ट जीनों की अभिव्यक्ति और सतह मार्कर नैदानिक की खोज करने के लिए इस पर शोध करने की सोची और दस वर्षों में सफलता हासिल की।



विभिन्न जानवरों पर यह रहे परिणाम

अस्थि मज्जा मोनोन्यूक्लिएटेड कोशिकाओं और टीजीएफ-बीटा वन का उपयोग क्षतिग्रस्त परिधीय तंत्रिका की चोटों के इलाज में सफलतापूर्वक किया गया। एक्स-विवो युक्त ऑटोलॉगस बोनमैरो से उत्पन्न मेसेनकाइमल स्टेम सेल का उपयोग बकरियों में कंडरा की मरम्मत के लिए किया गया। जिससे उपचारित पशुओं में घायल कंडरा की जल्द और बेहतर रिकवरी हुई। साथ ही हेपेटोसाइटिक स्टेम सेल और सोने के नैनोकणों के संयोजन ने यकृत की कमी वाले कैनाइन रोगियों में जल्द और बेहतर रिकवरी की। जबकि हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल थेरेपी का उपचारित पशुओं के शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं मिला। कॉर्नियल घाव और अल्सर से पीड़ित जानवरों में केराटोप्लास्टी के साथ मेसेनकाइमल स्टेम सेल का इस्तेमाल किया गया। इसी तरह खरगोश समेत कई अन्य जानवरों पर भी शोध किए गए जो सफल रहे।

डॉ. एनएस जादौन

संविधान में नहीं है आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लेख

- आदर्श चुनाव आचार संहिता राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के लिये बनायी गयी एकनियमावलीहै जिसका पालन चुनाव के समय आवश्यक है। चुनाव आचार संहिता चुनाव की तिथि की घोषणा से लागू होता है और यह मतदान के परिणाम आने पर समाप्त हो जाता है। इसका भारतीय संविधान में कोई उल्लेख नहीं है।
- सरकार लोक लुभावन घोषणाएँ नहीं करेगी।
- सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग की पाबंदी।
- जाति, धर्म व क्षेत्र से संबंधित मुद्दे नही उठा सकेंगे राजनीतिक दल
- चुनाव के दौरान धन-बल व बाहु-बल के प्रयोग पर रोक।
- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी व्यक्ति को धन का लोभ न देना।
- आचार संहिता लागू हो जाने के बाद किसी भी योजनाओ को लागू नहीं कर सकते।

मेरा पहला वोट

विकास के मुद्दे पर करेंगे वोट

लोकतंत्र के महासमर में पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पहली ही बार में केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिल रहा है। पहला वोट विकास के मुद्दे पर करुंगा। जिले में रोजगार के अवसर सृजित करने वाला सांसद और केन्द्र में शिक्षा, समानता, सुरक्षा व रोजगार दे सकने सक्षम सरकार चुनने के लिए मतदान करुंगा।

अरिन कुमार पांडेय
बझना, सदर विधानसभा क्षेत्र सुलतानपुर

बसपा को लोकसभा में चमत्कार की उम्मीद

टिमटिमा रही है दलित चेतना की लौ, बसपा की रणनीति पर टिकी राजनीतिक दलों की निगाहें

● लखनऊ कार्यालय

अमृत विचार : तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने जिस बहुजन समाज पार्टी के प्रदर्शन को लोकतंत्र के चमत्कार की संज्ञा दी थी। वह चमत्कार 2022 के विधानसभा चुनाव में नहीं दिखा। कारण काशीराम ने दलित चेतना की जो मशाल जलाई थी। वह अब दीपक बनकर टिमटिमा रहा है। बावजूद इसके सभी राजनीतिक दलों की निगाहें बसपा की रणनीति पर टिकी हुई हैं।

तीन बार उत्तर प्रदेश में सरकार बना चुकी बसपा 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर सिमट गई थी। उसके समक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में 2019 का प्रदर्शन दोहराने के लिए चमत्कार करने जैसी चुनौती होगी। आंकड़े बताते हैं कि बसपा की दलित वोट बैंक पर वह पकड़ नहीं रही जो 2009 के लोकसभा चुनाव तक थी।

2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि उसे 19.43 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब उसने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया तो जरूर उसके सीटों की संख्या 10 तक पहुंच गई। चुनाव खत्म होते ही या गठबंधन टूट गया। जिसका खामियाजा बसपा को विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते बसपा की टिकट पर चुनाव जीतने वाले सांसद दूसरे दलों में भागने लगे। कोई भाजपा में गया तो कोई कांग्रेस में तो किसी ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। जो बचे हैं वह भी जाने की जुगत लगा रहे हैं। अब ऐसे सांसदों को चुनाव मैदान में शिकस्त देने के लिए बसपा चुनावी बिसात हर दांव आजमा रही है। यह चुनाव सिर्फ़ मायावती के लिए ही नहीं बल्कि उनके भतीजे जिसे उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है के लिए भी अग्नि परीक्षा साबित होने जा रहा है। प्रत्याशी में घोषणा में सबसे आगे रहने वाली बसपा इस चुनाव में अभी तक चंद सीटों पर ही अपना उम्मीदवार उतार सकी है।2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने अंबेडकर नगर, अमरोहा, बिजनौर, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर लालगंज, सहारनपुर, श्रावस्ती तथा नगीना सीट जीती थी। इन सीटों पर फिर से काबिज होने के लिए बसपा की जद्दोजहद जातीय समीकरणों पर ही टिकी हुई है। बसपा इस बात के लिए पूरा प्रयास कर रही है कि जो सांसद पार्टी छोड़कर गए वह किसी तरह भी दोबारा सदन में न पहुंच सकें। फिलहाल बहुजन समाज पार्टी इस बार पूरे उत्तर प्रदेश में अकेले दम पर चुनाव लड़ने जा रही हैं। इसका मूल कारण यह है कि समाजवादी पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ने के दौरान उनके कई नेता और कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के ही होकर रह गए। पार्टी एक बार फिर से नए सिरे से पूरे प्रदेश में संगठन खड़ा करना चाहती है। ताकि अगले विधानसभा चुनाव में वह पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतर सके।

बसपा का प्रदर्शन एक नजर में

1996	6 सीट	20.6
1998	4 सीट	20.9
1999	14 सीट	22.08
2004	19 सीट	24.67
2009	20 सीट	27.42
2014	00 सीट	19.77
2019	10 सीट	19.43

2019 में बसपा से जीते सांसद

अंबेडकर नगर	रितेश पांडे
अमरोहा	कुंवर दानिश अली
बिजनौर	चौधरी बृजेंद्र सिंह
गाजीपुर	अफजाल अंसारी
घोसी	अतुल कुमार सिंह
जौनपुर	श्याम सिंह यादव
लालगंज	संगीता आजाद
सहारनपुर	हाजी फजलुर रहमान
श्रावस्ती	राम शिरोमणि
नगीना	गिरीश चंद्र

विधानसभा उपचुनाव की सभी सीटों पर लड़ेंगे सपा के प्रत्याशी



राज्य ब्यूरो, लखनऊ। लोकसभा के साथ प्रदेश की खाली विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच सीटों को लेकर अभी समझौता नहीं हुआ है, पर सभी सीटों पर सपा प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारे जाने की चर्चा है। प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों के साथ ही विधानसभा की खाली पड़ी चार सीटों पर उप चुनाव होने हैं। खाली सीटों में राजधानी की लखनऊ पूर्व सीट के साथ ही ददरौल, बलरामपुर की गैंसड़ी और सोनभद्र की दुद्धी सेट शामिल है। ददरौल में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ पूर्वी सीट पर पांचवें चरण 20 मई को मतदान होगा। वहीं गैंसड़ी में छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। दुद्धी सीट पर आखिरी और सातवें चरण 1 जून में मतदान होगा। विधानसभा उपचुनाव का परिणाम भी 4 जून को आएगा।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस व सपा के बीच विधानसभा सीटों को लेकर समझौता न होने पर सभी सीटों पर सपा के प्रत्याशियों के लड़ाई जाने की चर्चा हो रही है। हालांकि कांग्रेस के नेता चर्चाओं की बात से साफ इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की बैठक के बाद स्थिति साफ होगी।

साइकिल से वोट मांगते थे रामप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किसी भी चुनाव में अब प्रत्याशी के साथ कारों का काफिला होता है और सैकड़ों लोग उसके आगे-पीछे होते हैं। हाईटेक प्रचार होता है तो सोशल मीडिया पर मनुहार होती है। पहले ऐसा नहीं होता था। प्रत्याशी अपने कुछ समर्थकों के साथ गांव जाते थे और पैदल घर-घर जाकर और खेत-खलिहानों में वोट मांगते थे। कन्नौज से सांसद रहे रामप्रकाश त्रिपाठी तो साइकिल से वोट मांगने जाते थे और जहां रात हो जाती थी, उसी गांव में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाते थे।

बात 1977 के लोकसभा चुनाव की है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से लोकदल से रामप्रकाश त्रिपाठी उम्मीदवार थे। क्षेत्र के बुजुर्ग बताते थे कि रामप्रकाश त्रिपाठी ने नामांकन करने के बाद घर का मुंह नहीं देखा था और साइकिल से ही क्षेत्र का भ्रमण करते थे। वह साइकिल से कुछ कार्यकर्ताओं के साथ सुबह निकलते थे। उस समय अधिकतर लोग खेतों और खलिहानों में रहते थे तो वोट मांगने के लिए वहां जाना पड़ता था। जिस गांव में रात हो जाती उनका डेरा वहीं जम जाता था। रात में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर चुनावी चर्चा करते थे। यही वजह थी कि उस चुनाव में वह सबसे अधिक वोटों से जीते थे।

पूर्व मंत्री रामप्रकाश त्रिपाठी।

गुड़ व सत्तू साथ लेकर चलते थे

भारतीय जनसंघ के पूर्व कार्यकर्ता 88 वर्षीय मन्नीलाल द्विवेदी बताते हैं कि रामप्रकाश त्रिपाठी हमेशा अपने साथ देसी गुड़ और सत्तू लेकर चलते थे। प्रचार के दौरान भूख लगने पर किसी कुएं या रहट के पास सत्तू बनाकर खाते थे। उनके साथ कार्यकर्ता भी सत्तू खाकर अपनी भूख मिटाते थे।

पेट्रोमेक्स की रोशनी में लगती थी चौपाल

राजकिशोर द्विवेदी बताते हैं कि पहले गांवों में बिजली नहीं थी। ऐसे में रात के समय किसी सार्वजनिक स्थान पर चौपाल लगती थी, जिसमें रोशनी के इंतजाम के लिए गांव के लोग मिट्टी के तेल से जलने वाली पेट्रोमेक्स जलाते थे, जिसमें रेशम के धागों से बना मेंटल बर्नर लगता था और पंप से हवा भरी जाती थी। गांव के मुखिया इसका इंतजाम करते थे।

विरोधियों में दिखता था राजनीतिक शिष्टाचार

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देवप्रकाश पालीवाल बताते हैं कि उस दौर में विरोधियों में राजनीतिक शिष्टाचार प्रबल था। लोकदल प्रत्याशी रामप्रकाश त्रिपाठी और जनता दल के प्रत्याशी छोटे सिंह यादव जब प्रचार के दौरान आमने-सामने आ जाते थे, तो छोटे सिंह उनके पैर छूकर जीत का आशीर्वाद मांगते थे और सहृदय रामप्रकाश त्रिपाठी उन्हें खुले मन से आशीर्वाद दे देते थे।

55 साल से मचल रही रियासत की सियासत

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार : लोकसभा के 72 साल के चुनावी सफर में बाहर से लेकर अंदर तक के कई सूरमा आए और जीत कर इतिहास रचा, लेकिन इस 72 साल के इतिहास में 55 साल पहले मनकापुर रियासत की राजनीति में इंट्री हुई तो आज तक जारी है। पहले चार कार्यकाल मनकापुर के कुंवर आनंद सिंह फिर उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह सियासत के मैदान में उतरे। पिता के बराबर कीर्तिवर्धन सिंह भी चार बार सांसदी का चुनाव जीत चुके हैं। 1998 में राजनीतिक सफर शुरू करने वाले कीर्तिवर्धन सिंह को दो बार हार का भी सामना करना पड़ा। अब 2024 में सातवीं बार भाजपा के टिकट पर फिर मैदान में हैं। इस बार हैट्रिक लगेगी या नहीं यह मतदाताओं के मूड पर है।1951-52 में जब पहला चुनाव हुआ तो वैरिस्टर हैदर हुसैन, 1957 में दिनेश प्रताप सिंह, 1962 में रामरतन गुप्ता, 1967 में सुचेता कृपलानी ने जीत हासिल की। ये सभी लोग गोंडा जिले के बाहर के थे। लेकिन मनकापुर रियासत के राजा कुंवर आनंद सिंह का चुनाव में प्रवेश हुआ और 1971 में कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने जीत हासिल की। आनंद सिंह भारतीय जनता दल के प्रत्याशी रहे देवेंद्र प्रताप सिंह से मात्र 631 मत से जीते और राजनीति में अपनी भागीदार तय कर दी। लेकिन 1977 में बीएलडी से प्रत्याशी रहे सत्यदेव सिंह से चुनाव हार गए। सत्यदेव सिंह ने आनंद सिंह को 71 हजार के करीब वोटों से शिकस्त दी। लेकिन राजनीति के इस उतार चढ़ाव में आनंद सिंह ने हौसला नहीं छोड़ा और 1980 में गोंडा सीट पर फिर काबिज हो गए। इस बार उन्होंने जेएनपी से कौशलेंद्र दत्त को भारी मतों से शिकस्त दी। इसके बाद 1984 तथा 1989 में भी हैट्रिक लगाकर चुनाव जीत गए। 1984 में एलकेडी से लड़ रहे दीप नरायन को चुनाव हराया और 89 में जनता दल से फजलुलबारी उर्फ बन्ने भाई को शिकस्त दी। 1991 भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से उदय हो गया और राम जन्मभूमि आंदोलन में शिरकत करने वाले बृजभूषण शरण सिंह की राजनीति में इंट्री हुई। इसमें बृजभूषण शरण सिंह ने आनंद सिंह से कुर्सी छीन ली। इसके बाद कुंवर आनंद सिंह कांग्रेस छोड़ समाजवादी पार्टी में चले गए और 1996 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े। इस बार भी उन्हें बृजभूषण शरण सिंह की पत्नी केतकी सिंह के हाथ से शिकस्त मिली। इसे देख राजनीति के पितामह कहे जाने वाले आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह ने राजनीति में प्रवेश किया। और 1998 में कीर्तिवर्धन सिंह ने बृजभूषण शरण सिंह को हराकर अपने पिता की हार का बदला ले लिया। कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा से चुनाव लड़ा था। लेकिन एक साल बाद 1999 में फिर हुए चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह को बृजभूषण सिंह ने फिर चुनाव हरा दिया। 2004 के आते ही भाजपा ने बृजभूषण सिंह को बलरामपुर सीट से चुनाव लड़ाया और गोंडा से घनश्याम शुक्ला भाजपा से चुनाव लड़े लेकिन इसमें कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए। 2009 में हुए परिसीमन से गोंडा लोकसभा का परिदृश्य बदल गया। इसमें बेनी मात्र 23 हजार वोट से जीत गए। इसके बाद रियासत खानदान को बसपा रास नहीं आई और वह 2014 में पलटी मारते हुए भाजपा का दामन थाम लिया। 2014, 2019 में वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीते और भाजपा के टिकट पर तीसरी बार मैदान में हैं। जिनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा से होगा।

पिता पुत्र के हाथ में रही आठ बार सांसद की कुर्सी

कुंवर आनंद सिंह।

रियासत की इमारत।

कीर्तिवर्धन सिंह।

भगवा प्रेम में गंवानी पड़ी थी राजा को कुर्सी

2014 में समाजवादी पार्टी की सूबे में सपा की सरकार थी। इसमें कुंवर आनंद सिंह कृषि मंत्री रहे और सपा में उनकी कद्दावर नेताओं में गिनती थी। लेकिन पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह के भगवा प्रेम के कारण आनंद सिंह को कृषि मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद आनंद सिंह ने राजनीति से सन्यास ही ले लिया।

वर्ष	सांसद	दल
1951	चौधरी हैदर हुसैन	कांग्रेस
1957	दिनेश प्रताप सिंह	कांग्रेस
1962	राम रतन गुप्ता	कांग्रेस
1967	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस
1971	आनंद सिंह	कांग्रेस
1977	सत्यदेव सिंह	बीएलडी
1980	आनंद सिंह	कांग्रेस
1984	आनंद सिंह	कांग्रेस
1989	आनंद सिंह	कांग्रेस
1991	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1996	केतकी सिंह	भाजपा
1998	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1999	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2004	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
2009	बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस
2014	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
2019	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा

85 साल, 17 लोकसभा चुनाव, संसद पहुंची मात्र दो महिलाएं

गंगादेवी पहली तो प्रियंका रावत चुनीं गईं थी दूसरी महिला सांसद

आधा आबादी का प्रतिनिधित्व करने का पार्टियों में नहीं रहा विश्वास

बाराबंकी

अमृत विचार: बाराबंकी लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इस समय यह सीट भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। पहले इस सीट को कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था। इस आम चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया की साख दांव पर लगी हुई है। प्रमुख दलों की बात करें तो इसमें से पांच बार कांग्रेस ने इस सीट पर विजय पताका फहरायी है। दो बार समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की है जबकि दो बार भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। एक बार बसपा प्रत्याशी भी यहां से जीतने में कामयाब रहा है। अब तक सिर्फ दो बार महिलाएं सांसद के रुप में चुनकर संसद पहुंची हैं। बाराबंकी लोकसभा सीट पर सूखे को खत्म किया था। 1989, 1991 और 1996 में रामसागर रावत ने इस सीट पर जीत दर्ज करके जीत की हैट्रिक लगाई थी। वर्ष 1998 में पहली बार भाजपा का इस सीट पर खाता खुला था। तब बैजनाथ रावत ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। अगले चुनाव में राम सागर रावत ने सपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। 2004 के चुनाव में यहां से बसपा के कमला प्रसाद को जीत मिली थी लेकिन 2009 में कांग्रेस के पीएल पुनिया 25 साल बाद इस सीट से जीत दर्ज करके सांसद निर्वाचित हुए। लेकिन 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने इस सीट पर कब्जा जमा लिया।

आधी आबादी को पूरी भागीदारी का वादा भले ही सभी राजनीतिक दल कर रहे हों। लेकिन आजादी के बाद हुए सत्रह चुनाओं में सिर्फ दो बार महिलाओं को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। उनमें भी जीतकर सदन में पहुंची महिला सांसद को दोबारा चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं दिया गया। प्रस्तुत है बाराबंकी से **रीतेश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...**

पिंक पन्ना

गंगा देवी

प्रियंका सिंह रावत

53 लोकसभा सीट बाराबंकी से अब तक चुने गए सांसद

वर्ष	प्रत्याशी का नाम	पार्टी	वोट
2019	उपेद्र सिंह रावत	भाजपा	5,35,917
2014	प्रियंका सिंह रावत	भाजपा	4,54,214
2009	डॉ.पीएल पुनिया	कांग्रेस	328418
2004	कमला प्रसाद	बीएसपी	1,96,370
1999	राम सागर	समाजवादी	2,10,958
1998	बैजनाथ रावत	भाजपा	2,28,368
1996	राम सागर	समाजवादी	1,80,912
1991	राम सागर	जेपी	1,21,803
1989	राम सागर	जेडी	1,99,180
1984	कमला प्रसाद	कांग्रेस	2,02,790
1980	राम किंकर	जेएनपी(एस)	1,35,481
1977	राम किंकर	बीएलडी	2,06,061
1971	कुंवर रुद्र प्रताप सिंह	कांग्रेस	1,52,477
1967	आर एस यादव	एसएसपी	1,18,233
1962	राम सेवक यादव	एसओसी	76,545
1957	स्वामी रामानंद	कांग्रेस	1,58,270
1952	गंगा देवी	कांग्रेस	1,23,427

इंडिया गठबंधन का ट्रंप कार्ड बन सकते हैं वरुण

- अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य और वरुण को लोस चुनाव लड़ाने के दिए संकेत
- गांधी परिवार की परंपरागत सीट अमेठी से वरुण के पिता संजय गांधी भी चुनाव लड़ चुके हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी नेतृत्व से स्वामी प्रसाद मौर्य ने भले नाराजगी जताकर अपनी अलग पार्टी बना ली हो पर अखिलेश यादव उनको लेकर 'सॉफ्ट कॉर्नर' रखते हैं। यही कारण है कि अखिलेश उनको अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाने की संभावनाओं से इंकार नहीं कर रहे। वहीं, सपा प्रमुख अगर वरुण गांधी को भी ट्रंपकार्ड बनाकर सामने ले आएं तो आश्चर्य न होगा।

दरअसल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी पद से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को सपा से टिकट देने के संकेत दिए हैं। इस दौरान अखिलेश ने वरुण गांधी को भी टिकट देने से इंकार नहीं किया।

अखिलेश ने स्वामी प्रसाद को टिकट देने पर उल्टा सवाल किया किया कि, क्या स्वामी प्रसाद कभी सपा छोड़कर गए थे? वहीं, जब उनसे पूछा गया कि आपने स्वामी प्रसाद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तो वो बोले, हमारी कमेटी विचार कर रही होगी। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। उधर, स्वामी प्रसाद ने भी बीते दिनों अखिलेश को लेकर नर्म रुख अपनाते हुए कहा था कि उन्हें अखिलेश से कुछ भी शिकायत नहीं है।

इस बीच दो कयास चर्चा में हैं। एक तो इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में वरुण गांधी के अमेठी या पीलीभीत सीट से चुनाव लड़ने और दूसरा मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव के भाजपा के टिकट पर मैनपुरी से चुनावी मैदान में आने की चर्चा है। दोनों के लेकर भाजपा-सपा नेताओं से सवाल भी पूछे जा रहे हैं।

रामपुर में मो. आजम खां की चलेगी

लखनऊ। संकेत मिल रहे हैं कि समाजवादी पार्टी अपने घोषित कुछ प्रत्याशियों को बदलना चाहती है। वहीं मुरादाबाद और रामपुर संसदीय सीट के लिये उम्मीदवार तय करने में जेल में कैद आजम खान की सुनी जायेगी। उनकी इच्छा से ही प्रत्याशी तय किये जायेगें। हालांकि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन 20 मार्च यानि बुधवार से शुरू होंगे, पर अभी तक सपा ने रामपुर, मुरादाबाद और पीलीभीत के टिकट फाइनल नहीं किए हैं।

भाजपा प्रत्याशी पर टिकीं सबकी निगाहें

हाईप्रोफाइल सीट सुलतानपुर में मेनका या फिर कोई और ...

गठबंधन से सपा ने भीम निषाद को बनाया है उम्मीदवार, भाजपा की जारी दो सूची में मेनका गांधी का नाम न होने से मिल रही हवा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। सभी राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन तकरीबन अंतिम चरण में है। भाजपा की दो सूची में सांसद मेनका गांधी का नाम नहीं होने से सुलतानपुर लोकसभा सीट सर्वाधिक चर्चित सीटों में शुमार हो गई है। भाजपा के दावेदारों से लेकर अन्य दलों तक की निगाह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के रुख पर टिकी है। सब पर पल-पल भारी पड़ रहा है। चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पूर्व में अमेठी का जिला मुख्यालय होने के कारण गांधी-नेहरू फैमिली की आमद-रफ्त यहां होती रही है। संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी से लेकर राहुल गांधी तक नामांकन के लिए यहां आते रहे हैं। अमेठी से बिल्कुल सटी होने के कारण इसका खास रुतबा रहा। रायबरेली, अमेठी के साथ ही इस सीट के प्रत्याशी पर भी गांधी नेहरू परिवार ही अंतिम मुहर लगाता था। वरुण गांधी और मेनका गांधी के यहां से चुनाव लड़ने के बाद सियासी लिहाज से यह सीट और अहम हो गयी। वर्तमान में मेनका संजय गांधी यहां से सांसद हैं, लेकिन मौजूदा चुनाव में उनकी उम्मीदवारी चर्चा का विषय बनी है। नेपथ्य में इसकी वजह उनके पुत्र वरुण गांधी को माना जा रहा है। पिछले पांच सालों में उन्होंने कई बार अपनी ही सरकार के खिलाफ बोलकर पार्टी को असहज किया है। वरुण के रुख से भाजपा में ही मेनका गांधी के विरोधियों के साथ ही नए दावेदार भी टिकट के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। यहां से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सरोजनीनगर लखनऊ के विधायक राजेश्वर सिंह, पिछली बार गठबंधन से बसपा उम्मीदवार रहे पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रायबरेली के ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज पांडेय, लंभुआ के पूर्व भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व जिले के मूल निवासी प्रेम शुक्ला, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. वीणा पांडेय समेत कुछ अन्य नाम चर्चा में हैं। फिलहाल भाजपा यहां से अगर फिर जीतती है तो उसकी हैट्रिक के साथ ही एक नया रिकॉर्ड भी बनेगा।

मां मेनका गांधी के साथ वरुण गांधी।

दो बार भाजपा ने दर्ज की जीत

2014	
वरुण फिरोज गांधी भाजपा	4,10,348
पवन पांडेय बसपा	2,31446
शकील अहमद सपा	2,28144
अमिता सिंह कांग्रेस	41,983
2019	
मेनका संजय गांधी भाजपा	4,58,196
चंद्रभद्र सिंह सोनू बसपा	4,44,670
डॉक्टर संजय सिंह कांग्रेस	41,681

कब कौन बना सांसद

सन	विजयी प्रत्याशी	पार्टी
1952	काजिम अली	कांग्रेस
1957	गोविंद मालवीय	कांग्रेस
1961	गनपत सहाय (उप चुनाव)	निर्दलीय
1962	कुंवर कृष्ण वर्मा	कांग्रेस
1967	गनपत सहाय	निर्दलीय
1969	श्रीपति मिश्र (उप चुनाव)	बीकेडी
1971	केदारनाथ सिंह	कांग्रेस
1977	जुल्फिकार उल्ला	जनता पार्टी
1980	गिरिराज सिंह	कांग्रेस
1984	राज करन सिंह	कांग्रेस
1989	रामसिंह	जनता दल
1991	विश्वनाथ दास शास्त्री	भाजपा
1996	देवेंद्र बहादुर राय	भाजपा
1998	देवेन्द्र बहादुर राय	भाजपा
1999	जयभद्र सिंह	बसपा
2004	मो. ताहिर खान	बसपा
2009	संजय सिंह	कांग्रेस
2014	वरुण गांधी	भाजपा
2019	मेनका संजय गांधी	भाजपा

सपा ने भीम निषाद पर लगाया दांव तो बसपा कर रही इंतजार

समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के फार्मूले के तहत सुलतानपुर लोकसभा सीट से भीम निषाद को प्रत्याशी घोषित कर इसमें सबसे आगे चल रही है। हालांकि, भीम निषाद मूलतः अंबेडकरनगर के निवासी है। यहां के लिए उनका सियासी सफर नया है। फिर भी इंडिया गठबंधन से सपा के टिकट पर निषादों का नेता माने जाने वाले भीम निषाद यहां कितना असर डाल पाएंगे, यह वक्त ही बताएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी की निगाह भी भाजपा के प्रत्याशी पर लगी है। माना जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के बाद ही बसपा अपने पत्ते खोलेगी।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र: 10 में 10 जीतने का ब्लूप्रिंट तैयार

● महेश शर्मा, कानपुर

यूपी में मिशन 80 फतह के लिए भाजपा ने 2019 के चुनाव की तरह कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भगवा फहराने की तैयारी कर ली है। पिछली बार सभी 10 सीटें जीती थी। इसमें कन्नौज लोकसभा सीट भी है जहां से स्व.मुलायम सिंह यादव की बहू अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव 2014 में सांसद चुनी गयीं थी। पर उन्हें भी 2019 में भाजपा के सुब्रत पाठक ने शिकस्त दे दी थी। डिम्पल मैनपुरी सीट से प्रत्याशी हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव के लड़ने की चर्चा है। उनके आने का असर पड़ सकता है।

मिशन 80 को पूरा करने के लिए जहां एक तरफ भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन भी चुनावी रणनीति की धार पैनी कर रहा है। कानपुर सीट पर न भाजपा और न ही विपक्षी गठबंधन का प्रत्याशी अब तक घोषित किया गया है। जीत की रणनीति के तहत भाजपा ने छह महीने पहले ही 10 लोकसभा क्षेत्रों और इनमें आने वाले 52 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारकों की तैनाती कर दी है।

कानपुर-बुंदेलखंड की 10 लोकसभा सीटों को तीन क्लस्टर में बांटा गया है। कानपुर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में बैठकों, कार्यशाला, संपर्क कार्यक्रम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सघन दौरा कर रहे हैं। संगठन ने तीन क्लस्टर में क्षेत्र को बांटा है। बांदा क्लस्टर में हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर लोकसभा की सीट शामिल हैं। कानपुर क्लस्टर में कानपुर महानगर, अकबरपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा लोकसभा क्षेत्र को रखा गया है। झांसी क्लस्टर में झांसी व जालौन लोकसभा सीटें हैं। इनके केंद्रीय चुनाव कार्यालय जनवरी में ही खोल दिए गए थे।

भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में है। यूपी का मिशन 80 पूरा करने में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों का योगदान होगा। यहां हर सीट 5 लाख के अंतर से जीतेंगे। माहौल राममय, मोदीमय है। सरकार के कार्य जीत का प्रमुख आधार होंगे।

प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष



कानपुर महानगर छोड़कर बाकी नौ सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए गए हैं। प्रत्याशी वहीं हैं जो 2019 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इन क्षेत्रों में विपक्ष के मुद्दे जैसे इलेक्टोरल बॉंड, सीएए, महंगाई, बेरोजगारी बहुत ज्यादा असर नहीं डालते हैं। लोगों के दिलो-दिमाग पर रामलला मंदिर बसा हुआ है। इसके अलावा लाभार्थी वोट बैंक बहुत ज्यादा इस चुनाव में भी प्रभावी है जो भाजपा को मजबूती दे सकता है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के ठाकुर, और गठबंधन के पिछड़ा प्रत्याशी के मुकाबले बसपा ने ब्राह्मण प्रत्याशी उतारकर त्रिकोणीय संघर्ष जैसी स्थिति बना दी है। हालांकि सपा-कांग्रेस गठबंधन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद बसपा के भी विपक्षी फोल्ड में आने की उम्मीद पाले बैठा है। लेकिन इस क्षेत्र में राम मंदिर की काट आसानी से ढूंढ़ पाना विपक्ष के लिए थोड़ा मुश्किल दिखता है।

दूसरे भाजपा की तैयारियां जमीन पर हैं तो विपक्ष अभी प्रत्याशी चयन में ही उलझा हुआ है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल पांच लाख के अंतर से सभी 10 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था तो अबकी सपा-कांग्रेस का। मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि भाजपा के प्रति वोटरों के विश्वास के चलते समाजवादियों कन्नौज इटावा जैसे गढ़ में 2019 में भगवा फहरा दिया था। 10 में 10 जीत ली थी। अबकी भी यही रिजल्ट होगा। इनती तैनाती 2019 लोस और 2022 विस चुनाव में विस्तारकों की भूमिका कारगर साबित रही। यहां की 52 विधासभा सीटों में से भाजपा ने 41 जीत ली थी। जबकि 11 सपा ने जीती। विस्तारकों की तैनाती छह महीने पहले ही सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों व इनमें आने वाली 52 विधानसभा क्षेत्रों में की जा चुकी है। यानी 62 विस्तारक भेजे जा चुके हैं। यह कार्य लखनऊ से एमएलसी विजयबहादुर पाठक और उनकी टीम करती है। विधायक, सांसद, पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख का कामकाज कैसा है, विस्तारक फीडबैक लेकर इसकी रिपोर्ट बनाकर संगठन को भेजते हैं। क्षेत्र के नौ लोकसभा क्षेत्रों में सांसदों को ही टिकट देने का फैसला विस्तारकों की रिपोर्ट के आधार पर लिया बताया जाता है। फिलहाल अखिलेश यादव के कन्नौज से लड़ने की चर्चा भाजपा के लिए थोड़ा परेशानी का सबब है।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2014

लोकसभात्र	विजयी प्रत्याशी	प्राप्त मत	पराजित प्रत्याशी	प्राप्तमत
फर्रुखाबाद	मुकेश राजपूत(भाजपा)	4,06,195	रामेश्वर यादव(सपा)	2,55,693
इटावा (सु)	अशोक दोहरे (भाजपा)	4,31,646	प्रेमदास कठेरिया(सपा)	2,66,700
कन्नौज	डिंपल यादव (सपा)	4,89,164	सुब्रत पाठक (भाजपा)	4,69,258
कानपुर	एमएम जोशी (भाजपा)	4,74,712	एसपी जायसवाल(कांग्रेस)	2,51,766
अकबरपुर	देवेंद्रसिंह भोले(भाजपा)	4,81,584	अनिलशुक्ल वारसी(बसपा)	2,02,587
जालौन(सु)	भानुप्रताप वर्मा(भाजपा)	5,48,631	ब्रजलाल खाबरी (बसपा)	2,61,429
झांसी	उमा भारती (भाजपा)	5,75,889	चंद्रपाल यादव (सपा)	3,85,422
हमीरपुर	पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा)	4,53,884	विश्वंभर निषाद (सपा)	1,87,095
बांदा	भैरोप्रसाद मिश्र(भाजपा)	3,42,066	आरके पटेल (बसपा)	2,26,278
फतेहपुर	निरंजनज्योति (भाजपा)	4,85,954	अफजाल (बसपा)	2,98,778
मिश्रिख(आंशिक)	अंजूबाला(भाजपा)	4,12,575	अशोक रावत(बसपा)	3,25,212

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों नतीजा 2019

लोकसभात्र	विजयी प्रत्याशी	प्राप्त मत	पराजित प्रत्याशी	प्राप्त मत
फर्रुखाबाद	मुकेश राजपूत(भाजपा)	5,69,880	मनोजअग्रवाल(बसपा)	3,48,178
इटावा (सु)	आरएसकठेरिया (भाजपा)	5,22,119	कमलेश कठेरिया(सपा)	4,57,682
कन्नौज	सुब्रतपाठक (भाजपा)	5,63,087	डिंपलयादव(सपा)	5,50,734
कानपुर	सत्यदेव पचौरी (भाजपा)	4,68,937	एसपी जायसवाल(कांग्रेस)	3,13,003
अकबरपुर	देवेंद्रसिंह भोले(भाजपा)	5,81,282	निशा सचान (बसपा)	3,06,140
जालौन(सु)	भानुप्रताप वर्मा(भाजपा)	5,81,763	अजयसिंह पंकज(बसपा)	4,23,386
झांसी	अनुराग शर्मा(भाजपा)	8,09,272	श्यामसुंदर यादव (सपा)	4,43,589
हमीरपुर	पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा)	5,75,122	दिलीप सिंह (बसपा)	3,36,470
बांदा	आरके सिंह पटेल भाजपा)	4,77,996	श्यामचरण गुप्ता (सपा)	2,26,278
फतेहपुर	निरंजनज्योति (भाजपा)	5,66,040	सुखदेव वर्मा (बसपा)	3,67,835
मिश्रिख(आंशिक)	अशोक रावत(भाजपा)	5,34,429	नीलू सत्यार्थी(बसपा)	4,33,757

चुनाव कमाल का...

- 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के दौर तक कोई भी पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर नहीं दे सकी थी।
- 1962 का आम चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के देहांत से लेकर इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने का गवाह रहा। कांग्रेस ने 494 सीटों में से 361 सीटें जीतीं।
- 1984 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित कर दिया था। इस चुनाव में 415 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस इतिहास में रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी है।

चुनावी तीर

यह विडंबना है कि वायनाड में राहुल गांधी की उम्मीदवारी के बारे में शिकायत करने वाली भाकपा तिरुवनंतपुरम में भाजपा की तरफ से खेल रही है। पिछले सप्ताह भाकपा महासचिव डी राजा ने कहा था कि राहुल गांधी को केरल के वायनाड से चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए था, जहां वह सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे सकें।

- शशि थरूर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता

भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को अशोक चौहान की फाइल भी निकालवानी चाहिए।

-गोपाल राय, प्रदेश संयोजक, आप

इस बार का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम संपूर्ण भारत होगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया को केंद्र में सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिलेगा, कांग्रेस को छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा पर जीत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी 400 के पार जाने का दावा खोखला है।

- भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

मतदाताओं की बेरूखी बढ़ा रही सियासी दलों की बेचैनी

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार। कुमाऊं मंडल के हिमालयी रीजन की अल्मोड़ा सीट पर पिछले 67 सालों के इतिहास में हुए 18 लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की मतदान को लेकर बेरूखी सियासी दलों के रणनीतिकारों की पेशानी पर हमेशा से बल डालती आई है। इस सीट पर सिर्फ एक बार के मिथक को छोड़ दें तो कभी भी सांसद चुनने के लिए कुल पंजीकृत मतदाताओं में से पचास प्रतिशत मतदाताओं तक ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। मतदाताओं की यह बेरूखी कई बार दोनों मुख्य दलों की उम्मीदों पर पानी भी फेर चुकी है।

आजादी के बाद की बात करें तो अल्मोड़ा सीट पर पहली बार 1952 में सांसद चुनने के लिए पहली बार चुनाव कराए गए और इस चुनाव में महज 27 फीसद मतदान हुआ। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए वर्ष 1957 में हुए स्वतंत्र मतदान में प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए गए। लेकिन परिणाम बेहतर आने के बजाय निराशाजनक साबित हुए और इस बार मतदान का प्रतिशत केवल 19 फीसद रहा। उसके बाद 1962 में 27.30 प्रतिशत, 1967 में 28 प्रतिशत, 1971 में 29 प्रतिशत, 1977 में 44 प्रतिशत, 1980 में 38 प्रतिशत, 1984 में 45 प्रतिशत, 1989 में 44 प्रतिशत, 1996 में 43.38 प्रतिशत, 1998 में 46.45 प्रतिशत और 1999 में केवल 41.82 प्रतिशत लोगों ने लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वर्ष 2000 में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद यहां वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव हुए। राज्य के इस पहले चुनाव में 49.89 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों तक पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया। फिर 2009 में हुए दूसरे चुनाव में यह आंकड़ा घटकर 46.75 प्रतिशत पर रह गया। आखिरकार वर्ष 2014 के चुनावों में आधे कम मतदान का मिथक टूट और इस बार रिकार्ड 53.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन नवोदित राज्य के चौथे चुनाव में यह आंकड़ा आगे बढ़ने के बजाय फिर पीछे खिसक गया और 2019 के चुनावों में फिर 48.78 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए अपने घरों से बाहर निकले। लोकसभा चुनावों के प्रति मतदाताओं की यह बेरूखी इस बार भी सियासी दलों के गले की हड्डी बनी हुई है।

2014 में टूटा मिथक तो पहली बार 53.22 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट

सांसदों की अनदेखी बनी खलल

लोकसभा चुनावों में मतदान कम होने का एक कारण मतदाताओं के प्रति सांसदों की बेरूखी भी है। चुनाव के वक्त भले ही प्रत्याशी सड़क मार्गों वाले गांव कस्बों तक पहुंच जाते हों। लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह दोबारा वहां जाना भी मुनासिब नहीं समझते। बात अल्मोड़ा लोकसभा के दुर्गम क्षेत्रों में बसे गांवों में रहने वाले मतदाताओं की करें तो आज भी अनेक ऐसे मतदाता होंगे। जिन्होंने अपने सांसद को सिर्फ तस्वीरों में ही देखा होगा।



67 सालों में सिर्फ एक बार टूटा आधी से कम आबादी का मिथक

1957 में सबसे कम 19 फीसद हुआ मतदान

चक्रव्यूह भेदने से कम नहीं होगा 75 प्रतिशत का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल ही नही बल्कि निर्वाचन आयोग भी पूरी मशक्कत में जुटा हुआ है। लेकिन निर्वाचन के पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो यह काम किसी चक्रव्यूह को भेदने से कम नहीं है। निर्वाचन विभाग ने इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटों पर 75 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। नए और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं मतदाताओं को शपथ दिलाकर मतदान के प्रति संकल्पबद्ध करने के प्रयास भी हो रहे हैं। पूर्व में केंद्र और राज्य सरकार भी मतदाताओं के रिझाने के लिए कई मोहरे चल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना है कि इस चुनाव में सांसद चुनने के लिए आधे से अधिक आबादी अपनी दहलीज से बाहर कदम रखती है या नहीं।

बदायूं में आधी आबादी ने निभाई पूरी जिम्मेदारी

- पिछले लोकसभा चुनाव में पुरुषों के बराबर महिलाओं ने किया था मतदान
- हर विधानसभा में 57 से 58 फीसदी महिलाओं ने किया था मताधिकार का प्रयोग

● प्रदीप सक्सेना, बदायूं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर कभी भी डुगडुगी पिट सकती है। प्रशासन से लेकर राजनैतिक पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी बदायूं लोकसभा सीट पर चुनाव रोचक होने वाला है। जिसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहेगी। पिछली बार महिलाओं ने पुरुषों के कंधों से कंधा मिलाकर मतदान किया था। इस बार भी सभी दलों के प्रत्याशी जीत के लिए महिलाओं को रिझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जो चुनावी राजनीति में महिलाओं के बढ़ते दबदबे का संकेत है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे आयोजनों से साफ जाहिर है कि महिला मतदाताओं की तरफ राजनीतिक दलों का इतना ध्यान पहले कभी नहीं रहा। महिला मतदाताओं की संख्या और मतदान में उनकी हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ी है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का चुनाव खास होगा। लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण के साथ-साथ महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी। लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के इस्तेमाल के मामले में महिला वोटरों में जागरूकता बढ़ी है। पहले मतदान को लेकर महिलाओं में बहुत उत्साह नहीं होता था। लेकिन अब महिलाएं खुलकर मतदान में भाग ले रही हैं।

8 लाख 64 हजार 244 महिलाएं पहुंची बूथ तक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या 23 लाख 79 हजार 17 थी। उस समय कुल मतदान 57.15 प्रतिशत हुआ था। जिसमें 8 लाख 64 हजार 244 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

24,01,020 कुल मतदाता

12,87,880 पुरुष मतदाता

11,12,024 महिला मतदाता

116 थर्ड जेंडर हैं बदायूं लोकसभा में

2019 में 56 से 58 प्रतिशत महिलाओं ने किया था मतदान

वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पुरुषों ने 55 से लेकर 58 फीसद तक मतदान किया था। वहीं महिलाओं का वोट प्रतिशत भी कम नहीं था। बिसौली विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने 58.84 फीसद मतदान किया था। वहीं 58.71 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह सहसवान में 57.40 प्रतिशत पुरुष, 56.15 प्रतिशत महिलाओं, बिल्सी में 55.28 प्रतिशत पुरुष और 55.50 प्रतिशत महिलाएं तथा बदायूं विधानसभा क्षेत्र में 57.77 फीसद पुरुष और 56.95 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया था।

हर दल के प्रत्याशी को भेजा संसद पर बसपा के हाथ खाली

● सलमान खान, मुरादाबाद

- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनाव में से 11 बार जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा के सामने पाने और सपा को सीट बचाने की चुनौती, बसपा ने उतारा है मुस्लिम प्रत्याशी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द होनी है। इसे लेकर पार्टियां पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटी हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट से आजादी के बाद से आज तक जनता ने सभी दलों के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर संसद भेजा, लेकिन बसपा पर मेहरबानी नहीं की। बहुजन समाज पार्टी को आज भी जीत का इंतजार है। 2014 में जीत का खाता खोलने वाली भाजपा इस बार फिर से यह सीट वापस पाने में जुटी हैं। लेकिन बसपा को छोड़कर किसी पार्टी ने अपना प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किया है।

पीतल नगरी से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला जिगर का शहर चुनाव की सियासत में भी अपनी खास पहचान रखता है। यहां से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजहरूद्दीन भी 2009 में सांसद रह चुके है। लोकसभा चुनाव में पक्ष या हो विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण सुहाता है। यहां की जनता बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के चेहरों को चुनकर संसद भेज चुकी है। जनपद में अल्पसंख्यकों की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। नतीजों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने यहां की नुमाइंदगी की है। अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने के बाद हुए पहले दो चुनाव पर इसका रंग भी था।

कांग्रेस के रामसरन को लगातार दो बार जीत मिली। लेकिन 1962 में यहां पहला बदलाव हुआ और सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने निर्दलीय चुनकर संसद भेजा। जनता का फिर मन बदला और 67 और 71 में जनसंघ के प्रत्याशी को जीत दिलाकर सांसद बनाया। 77 में जनता पार्टी की आंधी में मुरादाबाद भी बहा और जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। अगले चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया।

1984 में कांग्रेस ने फिर जीती बाजी

13 अगस्त 1980 को ईद के दिन फैली एक अफवाह ने पीतल नगरी को दंगों की आग में झोंक दिया था। दंगे की वजह और जिम्मेदार जो भी रहे हों, लेकिन इसने यहां का मिजाज बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के सुर सियासी फिजा में मुखर होने लगे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में हुए चुनाव में जीत तो कांग्रेस के हाफिज मोहम्मद ने हासिल की, लेकिन चार साल पहले अस्तित्व में आई भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई और उसे 83 हजार से अधिक वोट मिले। 1989 और 91 में जनता दल के टिकट पर मुरादाबाद से गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला लेकिन 91 के बाद यहां भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई। अब भाजपा फिर से इस सीट पर कमल खिलाने की जुगत में है।

भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। अगले तीन दशक की लड़ाई एकाध मौकों को छोड़कर इनकी नुमाइंदगी करने वाले पार्टियों के बीच ही सिमट गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की गणित माकूल थी। 96 में सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित कर दिया, लेकिन उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इसके पीछे बड़ी वजह बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिलना था। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार भी शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते थे। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर नया प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न कर अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। जिससे सपा के बर्क को 1.53 लाख वोट मिले और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट। बहुसंख्यक वोटों का एका चंद्रविजय के पक्ष में गया और 2.53 लाख वोट से वह चुनाव जीते।

2009 में क्रिकेटर अजहर ने की बैटिंग

बल्लेबाजी के लिए चर्चित भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा था। अजहरूद्दीन को यहां की जनता का भरपूर सहयोग मिला था और 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने फिर जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी महज दो प्रतिशत वोट हासिल जमानत भी गंवा बैठे।

मोदी लहर से 2014 में खिला कमल

2014 में भाजपा की जीत का इंतजार मोदी लहर में खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों के जबरदस्त ध्रुवीकरण ने भाजपा के सर्वेश सिंह को लगभग 88 हजार वोटों से जीत दिलाकर पीतलनगरी में कमल खिला दिया। सपा के डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी हार गए।

2019 में सपा-बसपा गठबंधन को मिली जीत

2019 में 2014 में हुए बिखराव को रोकने के लिए सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था और डॉ. एसटी हसन को प्रत्या शी बनाकर मैदान में उतारा था। सपा को यहां चौथी बार जीत मिली और भाजपा 98 हजार वोटों से पिछड़ गई। जबकि कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी की जमानत जब्त हो गई थी। 96 से हर चुनाव में बसपा ने उम्मीदवार खड़े किए वह तीसरे नंबर पर रही, लेकिन पहला नंबर तय होने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही।

इस बार सपा के लिए सीट बचाने की लड़ाई

सपा के सामने सीट बचाने और भाजपा के सामने दूसरी बार कमल खिलाने की लड़ाई है। मुरादाबाद से सपा ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। मौजूदा सांसद डॉ. एसटी हसन की मजबूत दावेदारी है। भाजपा से पिछली बार सर्वेश सिंह लड़े थे। सर्वेश सिंह इस बार भी मजबूती से टिकट की लाइन में लगे हैं। लेकिन भाजपा प्रत्याशी चयन में कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वह हर हाल में इस सीट को अपनी झोली में डालना चाहती है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी को उतार कर दूसरों के लिए चुनौती पेश की है।

अमेठी के गांव में उठा नारा... 'रोड नहीं तो वोट नहीं' मतदान का किया बहिष्कार

अमेठी (उप्र)। अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील स्थित एक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। अर्से से वीवीआईपी जिला माने जाने वाले अमेठी की तहसील गौरीगंज के जामो विकासखंड में पूरे अल्पी तिवारी ग्रामसभा स्थित सरमें पुरवा के निवासियों ने गांव के बाहर एक बैनर लगाया है, जिसमें 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ 'नेताओं, शर्म करो। आजादी के बाद से हम लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लिखा है।

सरमें पुरवा गांव के निवासी ओमप्रकाश ओझा, राम अभिलाष ने मंगलवार को बताया कि गांव में जाने-आने का पक्का रास्ता न होने के कारण बहुत मुश्किल होती है और बारिश के मौसम में स्थिति बदतर हो जाती है। हालात यह है कि गांव के लोगों को अपने बच्चों की शादी का आयोजन मजबूरन किसी दूसरी जगह करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी का भी सही बंदोबस्त नहीं है। यह गांव उस अमेठी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है जो कई दशकों तक केन्द्र की सत्ता में दबदबा रखने वाले नेहरू-गांधी परिवार का सियासी गढ़ रहा और पिछले पांच साल से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां से सांसद हैं। लगातार उपेक्षा से तंग आकर अब ग्रामीणों ने पूरी तरह से मन बना लिया है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है तब तक आगामी लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। गौरीगंज के उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी मिली है तथा मामले की जांच कराई जा रही है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,012 .052	21,817 .45
नुकसान	736 .37	238 .25
प्रतिशत में	1.01	1.08

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 20 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

भारत की 8% की वृद्धि दर रहेगी कायम

भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन लेख में कहा गया-इससे ऊपर भी जा सकती है जीडीपी

मुंबई, एजेंसी

भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को कायम रख सकता है या इससे भी आगे निकल सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च के बुलेटिन में कहा गया है कि देश का अनुकूल वृद्धि आर्थिक माहौल वृद्धि दर को आगे बढ़ाने का आधार बन सकता है। देश की आर्थिक वृद्धि दर 2021-24 की अवधि में औसतन आठ प्रतिशत से अधिक रही है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है, कुछ सबसे मजूबत अर्थव्यवस्थाओं और उच्च आवृत्ति संकेतकों में वृद्धि धीमी हो रही है। यह आने वाले समय में चीजों के और सुस्त पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

भारत की 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्चतम स्तर पर थी। मजबूत रफ्तार, बेहतर अप्रत्यक्ष कर संग्रह और सब्सिडी में कमी की वजह से यह वृद्धि हासिल हो सकी है। लेख में कहा गया है कि संरचनात्मक मांग और कंपनियों तथा बैंकों का मजबूत बही-खाता आगे चलकर वृद्धि को और गति देने में भूमिका निभाएंगे। इसमें कहा गया-दुनिया ढांचे और धारणा में बड़े बदलावों का सामना कर रही है। ये या तो चल रहे हैं या आने वाले हैं। लेख में कहा गया है कि माहौल में अनिश्चितता फैली हुई है, जो भू-राजनीतिक और मौसम से संबंधित जोखिमों की वजह से और बढ़ गई है।

मुद्रास्फीति को लक्ष्य तक लाने में खाद्य कीमतें बाधा

मुद्रास्फीति को तेजी से घटाकर चार प्रतिशत तक लाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य की दिशा में खाद्य कीमतें बाधा बन रही हैं। केंद्रीय बैंक के मार्च महीने के बुलेटिन 'स्टेट ऑफ इकनॉमी' में मंगलवार को यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर से घट रही है और फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा की अगुवाई में एक टीम ने अपने लेख में कहा-भले ही प्रमुख मुद्रास्फीति में व्यापक नरमी के साथ महंगाई लगातार घट रही है, लेकिन खाद्य कीमतों के दबाव के चलते इसे तेजी से चार प्रतिशत पर लाने में बाधा पैदा हो रही है। लेख में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था गति खो रही है और कुछ सबसे जुझारू अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि धीमी है। उच्च आवृत्ति संकेतक आने वाले समय में इसके और सुस्त होने की ओर इशारा कर रहे हैं। भारत में वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर छह तिमाही के उच्चस्तर पर थी।

विदेशी निकासी से सेंसेक्स 736 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

- टीसीएस में हुई भारी बिकवाली निफ्टी 22,000 से नीचे आया

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत तक टूट गए। जापान के केंद्रीय बैंक के 17 साल में पहली बार ब्याज दरों को बढ़ाने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बना। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 736.37 अंक यानी 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 815.07 अंक फिसलकर 71,933.35 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक यानी 1.08 प्रतिशत गिरकर 21,817.45 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी के 50 शेयरों में 41 शेयर नुकसान में रहे। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से पहले निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की प्रवर्तक टाटा संस ने एक थोक सौदे में इसके लगभग 2.3 करोड़ शेयर यानी 0.65 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई।

गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डूबी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट से निवेशकों की 4.86 लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई। शेयर बाजार में गिरावट से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,86,777.98 करोड़ रुपये घटकर 3,73,92,545.45 करोड़ रुपये रह गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के 17 साल बाद ब्याज दरें बढ़ाने के फैसले के बाद एशियाई बाजारों की धारणा प्रभावित हुई।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	75,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,250
गिन्नी (प्रति नग)	50,100-50,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,750
सोना जेवरात गिन्नी	64,750
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	75,000।

डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक पर लगा जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने 'अग्रिम पर ब्याज दर' से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए डीसीबी बैंक और तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक पर जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा, डीसीबी बैंक पर 63.6 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है। वहीं केंद्रीय बैंक ने बताया कि तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक पर 'अग्रिम पर ब्याज दर' और 'बड़े क्रेडिट पर सूचना के केंद्रीय भंडार' रिपोर्टिंग में संशोधन' पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 1.31 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

अग्रिम कर संग्रह बढ़ने से चालू वित्त वर्ष (2023-24) में 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.88 प्रतिशत बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा कि 17 मार्च तक कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18,90,259 करोड़ रुपये रहा है जिसमें 9,14,469 करोड़ रुपये कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर के अलावा 9,72,224 करोड़ रुपये का प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) भी शामिल है। अग्रिम कर संग्रह 17 मार्च, 2024 तक 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से 22.31 प्रतिशत अधिक है। कंपनियों से अग्रिम कर के तौर पर 6.73 लाख करोड़ रुपये मिले हैं जबकि व्यक्तिगत आयकरदाताओं का योगदान 2.39 लाख करोड़ रुपये है। इस बीच, चालू वित्त वर्ष में 17 मार्च तक करीब 3.37 लाख करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया जा चुका है। सकल आधार पर रिफंड समायोजन से पहले कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपये बैठता है। यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 18.74 प्रतिशत अधिक है।

बीओआई ने आवास ऋण पर ब्याज दर 0.15 प्रतिशत घटाई

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को नए आवास ऋण पर ब्याज दर को 8.45 प्रतिशत से 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.3 प्रतिशत करने की घोषणा की। सीमित अवधि की यह योजना इस महीने के अंत तक यानी 31 मार्च तक लागू रहेगी। इसमें किसी तरह का प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा। बैंक ने दावा किया कि 8.3 प्रतिशत की ब्याज दर उसके प्रतिद्वंद्वियों के बीच इस श्रेणी में सबसे कम दर है। बैंक ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक जैसे अग्रणी बैंकों में न्यूनतम दर 8.4 प्रतिशत है। यह पेशकश सिर्फ 31 मार्च तक है।

चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने जताई उम्मीद

लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

कुमार ने कहा कि देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

मतुआ समुदाय को सीएए के तहत आवेदन नहीं करने का निर्देश

कोलकाता। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के क्रियान्वयन को लेकर मतुआ समुदाय की खुशी में उस समय खलल पड़ गया जब उसके एक अहम संगठन ने अपने सदस्यों को इस नए कानून के तहत अभी नागरिकता के लिए आवेदन नहीं करने की सलाह दी, क्योंकि उनके पास बांग्लादेश में उनके पूर्व पते को साबित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं। अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के महासचिव महितोष बैद्य ने बताया कि अपने सदस्यों से केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने को कहा है। सीएए के नियमों को पिछले सप्ताह अधिसूचित किया गया था।

1.83 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ जब्त

जयपुर। राजस्थान के जालोर जिले में मंगलवार को जिला पुलिस की विशेष टीम और भीनमाल थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पाली रेंज) ओम प्रकाश ने बताया-गुप्त सूचना पर एक टीम ने भीनमाल थाने क्षेत्र के निंबावास गांव में एक घर पर छापा मारा और एक करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की 45,960 गोलियां बरामद करके आरोपी छगन राम चौधरी को स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल का किया विस्तार

चंडीगढ़। हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार ने मंगलवार को आठ विधायकों को मंत्री बनाकर पहला मंत्रिमंडल विस्तार किया। सैनी और पांच मंत्रियों ने पिछले सप्ताह शपथ ली थी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। हिसार भाजपा विधायक कमल गुप्ता ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद सीमा त्रिखा, पानीपत विधायक महिपाल ढांडा, अंबाला से विधायक असीम गोयल, अभय सिंह यादव, सुभाष सुधा, भिवानी के बवानी खेड़ा से विधायक बिशंबर सिंह वाल्मीकि और गुरुग्राम के सोहना से विधायक संजय सिंह ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ ली।

तमिलनाडु में आयोजित रैली में इंडिया गठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमला

जो शक्ति का विनाश चाहते, वे खुद बर्बाद हो जाएंगे

सलेम, (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सलेम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान महिलाओं से मुलाकात की। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सलेम जिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) समेत उसके सहयोगी दल इसका (शक्ति का) 'विनाश' करना चाहते हैं लेकिन वे खुद ही 'बर्बाद' हो जाएंगे।

कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति करने के आरोप लगाए।

राहुल गांधी के 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाले बयान पर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया था और मोदी ने उस पर कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि हर मां और बेटी उनके लिए शक्ति का रूप हैं और वह उनकी सुरक्षा के लिए अपना जीवन खपा देंगे। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन के लोग वाले बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में किया रोड शो

पलक्कड़ (केरल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान के तहत पलक्कड़ लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी. कृष्णकुमार के समर्थन में मंगलवार सुबह रोड शो किया। श्री मोदी सुबह 10:25 बजे कोयंबटूर से हेलिकॉप्टर से मर्सी कॉलेज मैदान में उतरे। भाजपा के केरल प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन और पलक्कड़ नगरपालिका अध्यक्ष ई. कृष्णकुमार के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मर्सी कॉलेज मैदान में उनका जोरदार स्वागत किया।

एनसीपीसीआर बाल संरक्षण संबंधी विशेष रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पश्चिम बंगाल पर एक विशेष रिपोर्ट सौंपी जिसमें उसने बच्चों के हितों को बनाए रखने और कानूनी प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने में राज्य प्रशासन की कथित उपेक्षा को रेखांकित किया। पश्चिम बंगाल में बाल संरक्षण की स्थिति से संबंधी इस विशेष रिपोर्ट पिछले साल 21 दिसंबर को राज्यसभा में और बाद में इस साल दो फरवरी को लोकसभा में पेश की गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को एक शिष्टाचार बैठक के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू को औपचारिक रूप से सौंपा गया। नियुक्त राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बाल कल्याण के प्रति राज्य के दृष्टिकोण में विसंगतियां देखीं।

दो अलग-अलग मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए

गढ़चिरौली/दंतेवाड़ा, एजेंसी

- गढ़चिरौली में 36 लाख के 4 इनामी और दंतेवाड़ा में महिला सहित 2 नक्सली ढेर

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन नक्सलियों पर 36 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि पुलिस को सोमवार दोपहर को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बीच विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के मकसद से प्राणहिता नदी पार कर पड़ोसी तेलंगाना से गढ़चिरौली में आए हैं। गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई 'सी-60' के कई दलों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के त्वरित कार्रवाई दल को इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया तो नक्सलियों ने उस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसके बाद तलाशी में चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए।

वहीं छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। कार्रवाई के बाद जब सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तो वहां एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों के शव, दो हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है।

राकांपा-शरदचंद्र पवार नाम से चुनाव लड़ेगा शरद गुट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने उसके चिह्न तुरही बजाता आदमी को भी दी मान्यता
- अजित गुट को झटका, पार्टी के घड़ी चुनाव चिह्न पर फैसला नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस नाम का उपयोग करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार की अगुवाई वाले राकांपा के धड़े को 'तुरही बजाता आदमी' को उसके चुनाव चिह्न के रूप में इस्तेमाल करने की भी अनुमति दे दी। पीठ ने शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह की याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें अजित पवार गुट को निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित ''घड़ी'' चुनाव चिह्न का उपयोग करने से इस आधार पर रोकने की मांग की गई थी कि यह समान अवसर को बाधित कर रहा है। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा के विभाजन से पहले इसका चुनाव चिह्न 'घड़ी' था। अब यह चिह्न अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी के पास है।

पीठ ने निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' और उसके चुनाव चिह्न 'तुरही बजाता आदमी' को मान्यता देने का निर्देश दिया। उसने आयोग को यह निर्देश भी दिया कि किसी अन्य पार्टी या निर्दलीय उम्मीदवार को यह चुनाव चिह्न आवंटित नहीं किया जाए। न्यायालय ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के धड़े से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न अदालत में विचाराधीन है और इसका उपयोग फैसले के आधार पर होगा। पीठ ने अजित पवार के धड़े से चुनाव से संबंधित सभी दृश्य-श्रव्य विज्ञापनों और बैनर तथा पोस्टर आदि में भी इसी तरह की घोषणा करने को कहा। उसने अजित पवार की पार्टी को वास्तविक राकांपा मानने के निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार खेमे से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

केरल में एनआईए ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

आरएसएस नेता की हत्या का मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने केरल में 2022 में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता श्रीनिवासन की हत्या के मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक, 16 अप्रैल, 2022 को पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के बाद से शफीक फरार था, जिसे एनआईए की एक टीम ने राज्य के कोल्लम जिले से ढूंढ निकाला। एनआईए ने बयान में बताया कि मामले में आरोपी की संलिप्तता के लिए सोमवार को आतंकवाद निरोधक एजेंसी ने उसे हिरासत में लिया। बयान के मुताबिक, शफीक प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का एक प्रमुख सदस्य था, जो पिछले काफी समय से फरार था। हत्या की साजिश रचने के हिस्से के रूप में कुल 71 लोगों की पहचान की गई है और एनआईए पहले ही दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। एनआईए ने पिछले साल 17 मार्च और छह नवंबर को आरोपपत्र दाखिल किया था। केरल के मलप्पुरम जिले का रहने वाला शफीक पीएफआई का एक प्रमुख सदस्य था।

शेफाली होंगी केंद्र सरकार की प्रवक्ता

नई दिल्ली, अमृत विचार: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 1990 बैच की भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी शेफाली शरण को केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनाया है। वे एक अप्रैल को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महा निदेशक पद का कार्यभार संभालेंगी। इस पद पर तैनात मनीष देसाई 31 मार्च को अवकाश ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले शेफाली, भारतीय निर्वाचन आयोग में सूचना महानिदेशक रह चुकी हैं। केंद्र सरकार का प्रवक्ता बनने वाली शेफाली पांचवीं महिला अधिकारी होंगी। अब तक इस पद पर जे कृष्णा, शकुंतला महावल, नीलम कपूर एवं दीपक संधू काम कर चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान शेफाली, निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता थीं। आयोग, सरकार एवं मीडिया के बीच उनके समन्वित कामकाज की अभी तक सराहना की जाती है।

ईडी ने बिना किसी समन के सीधे गिरफ्तार कर लिया: संजय सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में लिए गए आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि उनकी गिरफ्तारी से पहले उन्हें कोई समन जारी नहीं किया गया था। सिंह के वकील ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गवाह दिनेश अरोड़ा द्वारा जुलाई 2023 में उनके खिलाफ दी गई गवाही के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ धनशोधन मामले में संजय सिंह की गिरफ्तारी और चुनौती देने वाली आरोपी की याचिका पर दलीलें सुन रही थी।

केजरीवाल कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकते : पात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई समन की तामील नहीं करने पर मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि जब तक कथित आबकारी नीति घोटाले में उनकी संलिप्तता के सबूत हैं, तब तक वह कानून के 'लंबे हाथों' से बच नहीं सकते।

भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसी मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का बचाव करने के लिए भी आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की और कहा कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई सबूतों पर आधारित है।

पात्रा ने कहा-राजनीतिक दल जांच एजेंसियों का गठन नहीं करते हैं। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा ईडी को भाजपा की राजनीतिक शाखा बताए जाने और इसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी के आरोपों को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आई है। केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में सोमवार को ईडी के समन की अनदेखी की थी। आप ने ईडी के समन को 'अवैध' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार केजरीवाल को निशाना बनाने और लोकसभा चुनाव में उनको प्रचार करने से रोकने के लिए जांच एजेंसी का 'इस्तेमाल' कर रही है।

केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति से संबंधित कथित तौर पर धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर उन्हें जारी किए गए सभी नौ समन के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मौज जैन की पीठ इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई कर सकती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल धनशोधन करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बार-बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। इस मामले में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में वह पेश हुए थे, जहां उन्हें शर्तों के साथ जमानत मिल गई थी।

एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी करेंगे सिद्धू

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल के जरिए एक दशक बाद कमेंट्री बॉक्स में वापसी के लिए तैयार पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि इस लीग से केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी अपनी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मदद मिलेगी। कमेंट्री बॉक्स में वापसी से तीन दिन पहले हमेशा की तरह उत्साहित सिद्धू ने कहा कि क्रिकेट मेरा पहला प्यार है। अगर आपका शौक आपका पेशा बन जाए तो इससे बेहतर कुछ नहीं। एक बत्तख का बच्चा कभी तैरना नहीं भूलेगा, मैं कमेंट्री में उसी तरह उतरूंगा जैसे मछली पानी में उतरती है।

सिद्धू ने कमेंट्री में खास पहचान बनाई थी लेकिन इसके बाद वह राजनीति में व्यस्त हो गए थे। अब वह आईपीएल के साथ अपनी पुरानी पारी शुरू करने को तैयार हैं।

● इस लीग से भारत ही नहीं अन्य देशों को भी टी-20 विश्व कप टीम के चयन में मिलेगी मदद

आईपीएल के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सिद्धू ने कहा कि आईपीएल विश्व कप के लिए माहौल तैयार करेगा। इस दौरान कोई अन्य क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं होगा। दुनिया की नजरें आईपीएल पर टिकी रहेंगी। इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने पर केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ी भी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में जगह बना सकते हैं।

सिद्धू ने भारतीय टीम के पिछले वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में कहा कि विश्व कप में वे बहुत अच्छा खेले। केवल एक मैच उनके अनुकूल नहीं रहा। एक खराब मैच से टीम का भविष्य तय नहीं हो सकता है। भारतीय टीम लंबे समय तक राज करेगी क्योंकि क्रिकेटरों को तैयार करने की प्रणाली बहुत अच्छी और अनुकूल है। हमारे समय में खराब फॉर्म के बावजूद खिलाड़ी को टीम में रखा जाता था क्योंकि कोई नया खिलाड़ी तैयार नहीं रहता था। अब हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में कप्तान के रूप में भारतीय कप्तान की जगह ले रहा है क्योंकि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

रोहित और विराट के टी-20 भारतीय टीम में चुने जाने की पैरवी की

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले टी-20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मैच नहीं खेले हैं, लेकिन उनकी आगामी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की संभावना है। सिद्धू ने इन दोनों का टीम में चयन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों की वहां जरूरत पड़ेगी। वह क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी हैं। फॉर्म सुबह की ओस की तरह होती है जो कुछ समय के लिए रहती है, लेकिन कौशल हमेशा बना रहता है। मैं कोहली को भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों की सूची में शामिल करूंगा और इसका एकमात्र कारण उनकी फिटनेस है। उम्र बढ़ने के साथ वह अधिक फिट होते जा रहे हैं। तकनीकी तौर पर वह शानदार बल्लेबाज हैं तथा तीनों प्रारूप में खुद को ढालने की उनकी क्षमता अद्भुत है। यही बात रोहित पर भी लागू होती है।

आईपीएल जीतकर कैसा महसूस होता है, यह जानना मेरा सपना है: कोहली

बेंगलुरु, एजेंसी

विराट कोहली ने उम्मीद जताई कि वे आरसीबी के डब्ल्यूपीएल की जीत का अनुकरण करने और टीम की कैबिनेट में आईपीएल ट्रॉफी जोड़ने की कोशिश करेंगे। आरसीबी ने रविवार को दिल्ली को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण में ही खिताब जीत लिया। लेकिन पुरुष टीम 16 वर्षों से खिताब जीतने का इंतजार कर रही है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोहली ने कहा कि उनका ट्राफी जीतना शानदार था। जब उन्होंने खिताब जीता तो हम देख रहे थे। उम्मीद है कि हम ट्रॉफियों को दोगुना करेंगे जो सच में बहुत खास होगा। इस साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का नाम 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु' किया गया है जो शहर की परंपरा का प्रतीक है। कोहली का यह आईपीएल आरसीबी के साथ 17वां चरण होगा। उन्होंने कहा कि यह जानना मेरा सपना है कि आईपीएल ट्रॉफी जीतने का अहसास कैसा होता है। मैं उस टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जो पहली बार ट्रॉफी जीतेगी।

कोहली ने जो हासिल किया वह उल्लेखनीय है: मंधाना

नई दिल्ली। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल खिताबी जीतने के संदर्भ में विराट कोहली की फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि पुरुष टीम खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे। मंधाना ने कहा कि खिताब अलग चीज है, लेकिन कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है। मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने जो हासिल किया है उसका कोई सानी नहीं है।

खेल डायरी

काउंटी चैंपियनशिप में फिर ससेक्स से खेलेंगे उनादकट

होव, एजेंसी। भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट इस साल काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लैंड के क्लब ससेक्स से अंतिम पांच मैचों में खेलेंगे। भारत की तरफ से चार टेस्ट खेलने वाले उनादकट ने पिछले सत्र में ससेक्स से काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच में 11 विकेट लिए थे। उनकी टीम तब डिवीजन दो में तीसरे स्थान पर रही थी। उनादकट ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के रूप में खेला था। सौराष्ट्र ने 2019-20 में उनादकट की अगुवाई में रणजी का खिताब जीता था। पिछले सत्र में उनादकट ने लीस्टरशर के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर टीम को 15 रन से जीत दिलाने में भूमिका निभाई थी और वह फिर से यह प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अंतिम क्वालीफाइंग के लिए चुनी 12 सदस्यीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह, मेराज अहमद खान और विश्व कप विजेता गनेमत सेखों को ओलंपिक के लिए दोहा में 19 से 29 अप्रैल तक होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए मंगलवार को 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में चुना गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जुलाई अगस्त में होने वाले कई अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए टीम की घोषणा की। इसमें चार कोटा दाव पर लगे होंगे, जिसमें पुरुष और महिला टीम के लिए ट्रैप एवं स्कीट में एक एक कोटा होगे। तीन टीम में पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडाईमान और विवान कपूर जबकि महिला ट्रैप के लिए श्रेयसी और मनीषा कीर तथा मेराज और शीराज शेख पुरुष स्कीट और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में शामिल होने वाले निशानेबाज हैं।

चोट से अमेरिका में मैत्री मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव से अमेरिका में इस महीने होने वाले दो मैत्री मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी। मेसी पिछले सप्ताह इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। अर्जेंटीना को शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में अल साल्वाडोर के खिलाफ मैच खेलना है जबकि इसके चार दिन बाद वह लॉस एंजेलिस में कोस्टारिका का सामना करेगा। छत्तीस वर्षीय मेसी इन दोनों मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना इस साल जून जुलाई में अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका की तैयारियों के सिलसिले यह मैच खेल रहा है। अर्जेंटीना के स्ट्राइकर पाउलो डायबाला और मिडफील्डर एक्सक्विल पलासियोस भी चोटिल होने के कारण इन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

नागल ने मियामी ओपन में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण मैच में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर शानदार शुरुआत की। इस खिलाड़ी ने क्वालीफायर के पहले दौर में डायलो को 7-6(3) 6-2 से पराजित किया। पिछले महीने चेन्नई ओपन की जीत के बाद विश्व के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में जगह बनाने वाले नागल अगले दौर में कोलमैन वोंग का सामना करेंगे। नागल ने पहले सेट को टाई ब्रेकर में जीतने के बाद दूसरे सेट में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने इस सेट के पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ी। इस जीत से नागल सर्वश्रेष्ठ 92वीं रैंकिंग पर पहुंच सकते हैं। नागल ने राफेल नडाल के हटने से अपने पिछले टूर्नामेंट इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी लेकिन तब वह पहले दौर में मिलोस राओनिच से हार गए थे। इस खिलाड़ी ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में भी जगह बनाई थी।

रोहित ने हार्दिक और बुमराह का समर्थन किया: पटेल

पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की

मुंबई, एजेंसी

पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा कि हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह जब आईपीएल में मुंबई की तरफ से संघर्ष कर रहे थे तब रोहित शर्मा ने उनका समर्थन किया था। पार्थिव ने रोहित के नेतृत्व कौशल की तुलना चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की और कहा कि रोहित ने कभी कोई गलती नहीं की जबकि चेन्नई के कप्तान ने अपने लंबे करियर के दौरान कुछ गलतियां की।

पार्थिव ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहित ने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह 2014 में मुंबई इंडियंस से जुड़े और 2015 तक उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा कि वे यहां तक की आधे सत्र के बाद उन्हें वापस भेजने पर विचार कर रहे थे, लेकिन रोहित शर्मा को उनकी योग्यता पर भरोसा था और 2016 के बाद उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। पार्थिव ने कहा कि ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ हुआ। वह 2015 में आया और लोकप्रिय बन गया। 2016 में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन मुंबई इंडियंस ने उन पर भरोसा बनाए रखा। इस पूर्व विकेटकीपर ने रोहित शर्मा की कप्तानी की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि मैच में जब तनावपूर्ण पल होते हैं तो कुछ गलत फैसले या गलतियां हो सकती हैं लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी की विशेषता यह है कि पिछले 10 वर्ष में उन्होंने कोई गलती नहीं की। यहां तक की धोनी ने भी गलतियां की, लेकिन आपने रोहित शर्मा को कभी गलती करते हुए नहीं देखा होगा।

हसारंगा निलंबित, आईपीएल के शुरुआती मैचों में होने की उम्मीद

दुबई, एजेंसी। आईसीसी की ओर से दो टेस्ट मैच की शृंखला से निलंबित होने के बाद वानिंदु हसारंगा सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों में उपलब्ध हो सकते हैं। हसारंगा ने सफेद गेंद पर ध्यान देने के लिए लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन मंगलवार को उन्होंने संन्यास वापसी कर ली थी। इस खिलाड़ी को दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए श्रीलंका की टीम में चुना गया। आईसीसी ने सूचित किया कि हसारंगा 8 'डिमैरिट अंक' की दहलीज पर पहुंच गए, जिन्हें आचार संहिता के अनुच्छेद 7.6 के अनुसार 4 निलंबन अंक में तब्दील कर दिया जो दो टेस्ट मैच या फिर चार वनडे और टी-20 में निलंबन के बराबर हैं। आईसीसी ने कहा कि हसारंगा को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लघंन का दोषी पाया गया जो मैच के दौरान अंपायरों के फैसले के प्रति नाराजगी दिखाने से जुड़ा है। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुए तीसरे वनडे के दौरान 37वें ओवर में हसारंगा ने मैदानी अंपायर के हाथ से अपनी कैप छीनी थी और मैच में अंपायरिंग का मजाक उड़ाया था।

फैसले के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू करेगा आईपीएल

मुंबई। आईपीएल में फैसलों में तेजी और सटीकता के लिए 'स्मार्ट रीप्ले' प्रणाली शुरू होगी। टीवी अंपायर को 'हॉक आई' के दो ऑपरेटरों से सीधे इनपुट मिलेंगे जो उनके साथ एक ही कमरे में बैठेंगे और 8 हाई-स्पीड कैमरों से ली गई फोटो से मदद करेंगे। इस प्रणाली के अंतर्गत टीवी प्रसारण निर्देशक की भूमिका गैर जरूरी होगी जो अंपायर और हॉक-आई ऑपरेटरों के बीच सूचना आदान-प्रदान करने का काम करता रहा है। नई प्रणाली टीवी अंपायर को फोटो विश्लेषण का मौका प्रदान करेगी और हॉक आई ऑपरेटरों के साथ उनकी बातचीत का प्रसारण भी करेगी ताकि दर्शकों को फैसले की प्रक्रिया समझ आ जाए। इस प्रणाली से अंपायर को विभिन्न कोण से अधिक और स्पष्ट फोटो देखने में मदद मिलेगी, जिससे बाउंड्री के पास कैच, पीछे पकड़े कैच, पगबाधा, स्टंपिंग पर फैसला कर पाएंगे। बीसीसीआई के कार्यशाला में 15 अंपायर स्मार्ट रीप्ले प्रणाली का इस्तेमाल करेंगे।

ऋषभ पंत बने दिल्ली के कप्तान

ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनाया गया। दिल्ली के अध्यक्ष और सह मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि हमें कप्तान के रूप में ऋषभ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम नए जोश और उत्साह के साथ सत्र का इंतजार कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल खेलने की मंजूरी दी थी। बोर्ड ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद 14 महीने की रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद ऋषभ पंत को अब आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है।

कुशाग्र खेलने को बेताब

विशाखापत्तनम। दिल्ली के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए आईपीएल अनुबंध मिलना सपना साकार होना था और अब वह ऋषभ पंत के साथ खेलने को बेताब हैं क्योंकि वह उन जैसे स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर ही बड़े हुए हैं। झारखंड के बोकारो के कुशाग्र ने 19 प्रथम श्रेणी मैच में 1245 रन बनाए हैं और इस समय वह टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 7.2 करोड़ में खरीदा था। कुशाग्र के साथ आल राउंडर सुमित कुमार और रिकी भुई टीम के नए खिलाड़ियों में शामिल हैं।

मुंबई के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे सूर्यकुमार

मुंबई। सूर्यकुमार यादव को एनसीए से फिटनेस मंजूरी मिलना बाकी है, जिससे तय है कि वह 24 मार्च को गुजरात के खिलाफ मुंबई के मैच में नहीं खेल पाएंगे। सूर्यकुमार 'स्पोर्ट्स हर्निया' की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए में थे। सूर्यकुमार का मंगलवार को एनसीए में फिटनेस टेस्ट भी कराया गया, लेकिन इस खिलाड़ी के फिटनेस के आकलन की जरूरत है। सूर्यकुमार का गुरुवार को फिर एक बार आकलन होगा।

एक्शन को देखते हुए बुमराह को आराम की जरूरत: मैकग्रा

चेन्नई, एजेंसी। पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने चेताया कि जसप्रीत बुमराह को सत्र में ब्रेक की जरूरत है क्योंकि उनका एक्शन ऐसा है कि उनको और अधिक चोटें लग सकती हैं। बुमराह मार्च 2023 में पीठ की 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' की सर्जरी कराने के बाद और सितंबर 2022 से पहले भी वह खेल से दूर ही थे। मैकग्रा ने कहा कि बुमराह जैसे गेंदबाज को सत्र के बीच में आराम की जरूरत है क्योंकि वह प्रत्येक गेंद में काफी प्रयास करता है।

लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी

लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बूते बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में पांच पायदान की छलांग के साथ 13वें नंबर पर हैं। अल्मोड़ा के लक्ष्य बर्मिंघम में सेमीफाइनल तक पहुंचे और 15वें स्थान में सुधार करने में सफल रहे। अप्रैल में शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक में जगह बनाएंगे। एचएस प्रणय पेरिस की दौड़ में नौवें नंबर पर हैं और सेन के भी कट में जगह बनाने की उम्मीद है। किदाम्बी श्रीकांत 27वें

और प्रियांशु राजावत 32वें स्थान पर हैं। महिला एकल में पीवी सिंधू 11वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शीर्ष पर है जबकि अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो 20वें स्थान पर हैं। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद रैंकिंग में 26वें स्थान पर हैं।

विनेश-साक्षी का पीएम से बृजभूषण को बाहर करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की निंदा की।

इन दोनों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है तथा प्रधानमंत्री से इस हस्तक्षेप की अपील की है। ये दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में थीं जिन्होंने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्वंदियों

के भाषणों का जवाब देने के लिए 'महिला शक्ति' का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं। नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए। महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए कुछ करेंगे। साक्षी मलिक ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं। इतिहास गवाह है कि इस देश के ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ किया है, लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है। सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह ये बयान देते रहे कि यह निलंबन सिर्फ़ दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जाएंगे और हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा। साक्षी ने कहा कि ये बात सच साबित हुई और संघ के पत्र ने इस पर मुहर लगाया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी। इन पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।

कुणाल ने लिखा फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं...

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है। कुणाल मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का गाना हम यहीं रिलीज हो गया है।गाना के साथ कुणाल ने गायन-गीत लेखन के क्षेत्र में डेब्यू किया है। हम यहीं गाना कुणाल द्वारा सह-संगीतबद्ध, गाया और लिखा गया है। गाना हम यहीं दोस्तों के अनमोल यादों को याद दिलाता है, जिसमें साझेदारी और खुशी का एहसास है। गाने का संगीत अंकुर तिवारी कंपोज किया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में तीन बचपन के दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

फिल्म बड़की माई में नजर आएंगी मणि और रक्षा

मुंबई, एजेंसी। जी बायोस्कोप प्रस्तुत फिल्म बड़की माई में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में नजर आएगी। फिल्म के निर्माता दीपक शाह जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। निर्माता दीपक शाह ने कहा कि बड़की माई शानदार फिल्म है और इसमें जय यादव की भूमिका महत्वपूर्ण है। जय यादव इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से है और उनकी फिल्म को दर्शकों से खूब सराहना मिलती है। उम्मीद हैं कि वे फिल्म में भी अपनी अदाकारी से सबों का दिल जीत लेंगे। निर्देशक सुजीत वर्मा ने कहा कि फिल्म की पटकथा दर्शकों को लुभाने वाली है। जय जैसे कलाकार के होने से फिल्म बेहद अच्छी बन रही है। जय का अभिनय इन दिनों दर्शकों में बेहद लोकप्रिय है और उनके साथ सेट पर काम करने वाले लोग भी बेहद सहज हैं। इसलिए हमें लगता है कि हम सब मिलकर बेहतरीन फिल्म लेकर आने वाले हैं जो भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी। वहीं, जय ने बताया कि बड़की माई की कहानी सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है और यह दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा जाने वाली है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में हर किरदार जरूरी है और जिसका एक दूसरे के साथ सामान्य से भी बेजोड़ देखने को मिलेगा। निर्देशक सुजीत वर्मा के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है। वह इससे पहले कई हिट फिल्में दे चुके हैं और अब हम लोग एक बड़े प्रोजेक्ट पर पूरे की जान से लगे हैं। उम्मीद करते हैं कि जब यह फिल्म सिनेमाघर में रिलीज होगी। फिल्म बड़की माई में विमल पांडे, माया यादव, राजेश तोमर और नीलम पांडे की भी अहम भूमिका है।

सुमन राज और काजल त्रिपाठी का नया गीत रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका सुमन राज और अभिनेत्री काजल त्रिपाठी का नया होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' रिलीज हो गया है। होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को सुमन राज ने गाया है जबकि काजल त्रिपाठी पर फिल्माया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'रंग डलले बा ईयरवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को शुभदयाल सोहरा एवं कृष्णा संगम ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स एवं मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है।

हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में 29 को रिलीज होगी महादेव का गोरखपुर



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में बनी भोजपुरी सिनेमा के मेगा स्टार रवि किशन की मल्टीलैंग्वेज फिल्म महादेव का गोरखपुर हिंदुस्तान के साथ अमेरिका में भी 29 मार्च को रिलीज होगी। रवि किशन अभिनीत फिल्म महादेव का गोरखपुर 29 मार्च से एक-साथ देश-विदेश में प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिलहाल इस फिल्म को बिहार में 72, उत्तरप्रदेश में 52, पश्चिम बंगाल और आसाम के 23 थियेटर में सिनेपोलिस द्वारा रिलीज किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में महादेव भक्त रवि किशन इस बार पुन: गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर वास्तव में शिव जी की ही नगरी है और फिल्म महादेव का गोरखपुर में महादेव प्रभु की जिस तरह से भक्ति स्तुति की गई है, वह अवर्णनीय है। पूरी शूटिंग गोरखपुर और आसपास के लोकेशन पर ही की गई है, जिसमें महादेव की गोरखपुर के प्रति आस्था भी बखूबी दिखाई गई है। महादेव का गोरखपुर एक बेहद ही शानदार फिल्म है और इसमें दर्शकों को भरपूर आनंद भी मिलेगा। रवि किशन के होम प्रोडक्शन रवि किशन प्रोडक्शन्स और वाया फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म के लेखक साई नारायण हैं, फिल्म का निर्देशन दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर निर्देशक राजेश मोहनन ने किया है। महादेव का गोरखपुर के निर्माता प्रितेश शाह और सलिल शंकरन, वहीं फिल्म के सह निर्माता अरविंद सिंह, अमरजीत दहिया ,एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शंकर नारायण, सिनेमेटोग्राफर अरविंद सिंह हैं। संगीत निर्देशन अगम अग्रवाल और रंजिम राज ने किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एनकाउंटर विशेषज्ञ प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 में गैंगस्टर छोटा राजन के करीबी सहयोगी रामनारायण गुप्ता की फर्जी मुठभेड़ में मौत के मामले में मंगलवार को एनकाउंटर विशेषज्ञ व पूर्व पुलिसकर्मी प्रदीप शर्मा को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की खंडपीठ ने शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय के 2013 के फैसले को गलत और अस्थिर करार देते हुए रद कर दिया। दो दशक बाद अदालत ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने शर्मा के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। सबूतों की सामान्य श्रृंखला मामले में उनकी संलिप्तता को स्पष्ट रूप से साबित करती है। पीठ ने शर्मा को तीन सप्ताह में संबंधित सत्र अदालत के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मियों सहित 13 व्यक्तियों को निचली अदालत द्वारा दी गई दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को भी बरकरार रखा और छह अन्य आरोपियों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को रद कर दिया और उन्हें बरी कर दिया है। हत्या के लिए 13 पुलिसकर्मियों सहित बाईस लोगों पर आरोप लगाया गया था। 2013 में सत्र न्यायालय ने सबूतों के अभाव में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया और 21 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 21 आरोपियों में से दो की हिरासत में मौत हो गई। जहां अभियुक्तों ने अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की, वहीं अभियोजन पक्ष और मृतक के भाई रामप्रसाद गुप्ता ने प्रदीप शर्मा को बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की। विशेष लोक अभियोजक राजीव चव्हाण ने कहा था कि वर्तमान मामले में, जो अधिकारी कानून और व्यवस्था के संरक्षक थे, वे स्वयं एक चरणबद्ध निर्मम हत्या में शामिल थे। मामले में शर्मा को दोषी ठहराने की मांग करने वाले अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया था कि पूर्व पुलिसकर्मी अपहरण और हत्या के पूरे ऑपरेशन का मुख्य साजिशकर्ता और प्रमुख था।

फर्जी मुठभेड़ मामला

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा निचली अदालत का फैसला, 13 पुलिसकर्मी समेत 22 पर था आरोप**

क्या है मामला

11 नवंबर, 2006 को रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया का फर्जी एनकाउंटर हुआ था। 33 साल के वसई मुंबई के रहने वाले लखन भैया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था, उसे 11 नवंबर, 2006 को पुलिस टीम ने छोटा राजन गैंग के संदिग्ध सदस्य के रूप में हिरासत में लिया था उसी दिन शाम को मुंबई में लखन भैया का एनकाउंटर हो गया था।

रामनवमी हिंसा में लिप्त 11 आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में पिछले वर्ष मार्च में रामनवमी पर हुई सांप्रदायिक हिंसा में लिप्त साजिशकर्ता 11 अन्य आरोपियों को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।

बता दें, जांच एजेंसी को 27 अप्रैल, 2023 को छह मामलों की जांच सौंपी गई थी। एनआईए इससे पहले भी 16 लोगों की गिरफ्तारियां कर चुकी है। एनआईए ने बताया कि अन्य 11 आरोपी 30 मार्च, 2023 को शिबपुर में रामनवमी यात्रा के दौरान हुई हिंसा में शामिल थे। जांच के दौरान विभिन्न स्थानों से जब्त की गई वीडियो फुटेज से आरोपियों की पहचान की गई है। एनआईए ने इस वर्ष 26 फरवरी को 16 लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान शमीम अहमद, बलवंत, महमूद आलम, महफूज आलम, शमशाद आलम, मोहम्मद अली उर्फ सूरज समेत अन्य के रूप में हुई है।

निष्क्रिय डीमैट अकाउंट क्लोज कराएं नहीं तो देनी होगी फीस

अगर आप अपने डीमैट खाते का लगातार इस्तेमाल नहीं करते हैं तो ऐसे में आपका अकाउंट इनएक्टिव हो सकता है या फिर आपको अकाउंट के लिए मेंटेनेंस फीस चुकानी पड़ सकती है। इस तरह के अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए बेहतर है कि इसे बंद करा दें।

कब निष्क्रिय होता है खाता

एनएसई के नियम के मुताबिक, यदि किसी ट्रेडिंग अकाउंट में 12 महीने से कोई लेनदेन नहीं होता तो स्टॉक ब्रोकर को उस ट्रेडिंग और डीमैट अकाउंट को निष्क्रिय के रूप में वर्गीकृत करना होगा। एनएसई द्वारा जारी सर्कुलर अन्य स्टॉक एक्सचेंजों पर भी लागू होता है।

कैसे बंद करें डीमैट खाता

पहले अपने सभी शेयर बेचें या दूसरे डीमैट खाते में ट्रांसफर करें। कोई चार्ज या फीस बकाया है तो उसका सेटलमेंट करें। इसके बाद अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) डीपी से क्लोजर फॉर्म लेकर भरें। पैन कार्ड की कॉपी, एड्रेस प्रूफ और आइडेंटिटी प्रूफ जैसे डॉक्यूमेंट अटैच करें। वेरिफिकेशन के बाद क्लोजिंग प्रोसेस शुरू हो जाएगी

खाता फिर से कैसे करें सक्रिय

डीमैट खाता फिर चालू करना यदि ट्रेडिंग/डीमैट अकाउंट 12 से 24 महीने तक निष्क्रिय रहा है तो अपने स्टॉक ब्रोकर को कॉल करके या ईमेल के जरिए अनुरोध करके उसे फिर से शुरू करवाया जा सकता है। इसमें ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होती है। यदि निष्क्रियता 24 महीने से ज्यादा है तो री-केवाईसी और इन-पर्सन वेरिफिकेशन प्रोसेस की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रक्रिया लगभग नए अकाउंट खोलने जितनी ही जटिल और लंबी हो सकती है। बता दें, डीमैट खाता को बंद करने की रिक्वेस्ट करने के बाद आपका खाता कुल 10 दिन के भीतर बंद कर दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस खाते को बंद करने में आपको किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा। वहीं अगर आपके खाते में कुछ पैसे बकाया है तो उस शुल्क को देने के बाद ही आप अकाउंट को बंद कर सकते हैं।

एक नजर

कल से दो दिवसीय दौरे पर भूटान जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार से दो दिवसीय भूटान की राजकीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की पड़ोसी प्रथम नीति पर जोर देने के अनुरूप है। प्रधानमंत्री भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और उनके पिता भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान एक अनूठी और स्थायी साझेदारी साझा करते हैं, जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है।

नवाज के बेटों को राहत, भ्रष्टाचार के मामलों में कोर्ट ने किया बरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने मंगलवार को कथित भ्रष्टाचार के तीन मामलों में पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ के बेटों को बरी कर दिया। इसी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सामने आने वाली कानूनी परेशानियां लगभग समाप्त हो गई हैं। हसन और हुसैन नवाज को 2018 में पनामा पेपर्स लीक मामलों में आरोपी बनाया गया था। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने जांच में शामिल ने होने के कारण दोनों भाइयों को अपराधी घोषित कर दिया गया था। मुख्य आरोपी नवाज को संबंधित मामले में दोषी ठहराया गया था, लेकिन फ्लैगशिप मामले में बरी कर दिया गया था। अब दोनों बेटों को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने बरी कर दिया है।

विनय रूस में भारत के नए राजदूत नियुक्त, जल्द संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली। वरिष्ठ राजनयिक विनय कुमार को रूस में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा-विनय कुमार वर्तमान में म्यांमार में भारत के राजदूत हैं। वह भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1992 बैच के अधिकारी हैं। विनय को रूस में भारत के नए राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वह जल्द ही रूस में अपना कार्यभार संभालेंगे।

अल-शिफा अस्पताल में हमास के 50 आतंकी ढेर, 180 गिरफ्तार

यरुशलम। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा शहर का सबसे बड़ा अस्पताल अल-शिफा में सैन्य कार्रवाई के दौरान हमास के 50 आतंकियों की मौत हो गई, जबकि अन्य 180 को गिरफ्तार किया गया है। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने कहा खुफिया सूचना के आधार पर गाजा के अल-शिफा अस्पताल में कार्रवाई की गई। ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार जब्त किए हैं। आईडीएफ ने कहा गया है कि खान यूनिस के अल-करारा क्षेत्र में इजराइली सेना ने फिलिस्तीनी आतंकियों के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया। बता दें, जंग में अब तक 31 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

अरुणाचल पर निराधार तर्क दोहराने से दावों पर वैधता नहीं मिलती: भारत

विरोध के बावजूद नहीं रुका चीन, रणधीर बोले-भारत का अविभाज्य हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ी है, उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का तेवर भी तल्ख होता जा रहा है। अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की हैं।

मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश पर चीन के 'बेतुके दावों' को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'बार-बार इस संबंध में निराधार तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहेगा। जयसवाल का बयान चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में आया है। दरसअल, चीनी प्रवक्ता ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग के दावे को दोहराया और इस क्षेत्र को चीन के क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा बताया था। जब झांग से अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग के माध्यम से भारत की सैन्य तैयारी बढ़ाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जिजांग का दक्षिणी भाग (तिब्बत का चीनी नाम) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग इसे 'कभी स्वीकार नहीं करता और दृढ़ता से विरोध नहीं करता। बता दें कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के बाद चीन नहीं सोया चैन की नींद

9 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे के बाद चीन चैन की नींद नहीं सोया हैं, अब तक कई बार टिप्पणी कर चुका है। अरुणाचल में पीएम ने 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करने की उम्मीद है। चीन नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। यहां तक की बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम भी जांगनान रखा है।

क्या है विवाद

- दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है।
- अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है।
- चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है।
- 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

चीन ने अरुणाचल के स्थानों के नाम बदले

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत चीन की इस हरकत पर पलटवार करता रहा है।

मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकारा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

अब उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को तेलंगाना के गवर्नर और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी रिलीज के मुताबिक, राधाकृष्णन तेलंगाना-पुडुचेरी में नियमित नियुक्तियां होने तक प्रभार संभालेंगे। गौरतलब है कि तमिलिसाई ने राज्यपाल और उपराज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी।

हनुमान चालीसा बजाने पर दुकानदार को पीटा, हंगामा

बेंगलुरु, एजेंसी

- **बेंगलुरु में व्यापारी पर हमले के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन सांसद समेत पांच लोग गिरफ्तार**

बेंगलुरु के नगरथपेटे में मंगलवार को तनाव काफी बढ़ गया है। दरअसल, रविवार को अजान के दौरान अपनी दुकान में हनुमान चालीसा बजाने को लेकर कुछ लोगों ने एक व्यापारी को बेहरमी से पीटा था, इसको लेकर भाजपा ने विरोध में प्रदर्शन किया। इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे और भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने एहतियातन हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से दो को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने पीड़ित मुकेश की दुकान से शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का आह्वान किया था, जिसमें लोगों ने 'हनुमान चालीसा' का जाप किया गया था। दरअसल, कुछ युवाओं ने रविवार को जुमा मस्जिद रोड पर अपनी दुकान में 'अजान' के दौरान लाउडस्पीकर पर मुकेश द्वारा 'हनुमान चालीसा' बजाने पर आपत्ति जताई और इसके बाद उसके साथ मारपीट की। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया, "हनुमान चालीसा बजाने वाले व्यापारी पर इस तरह का हमला होते देखना बेहद दर्दनाक है। समाज में शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

बेंगलुरु में मंगलवार को सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता।

दरअसल, बेंगलुरु में भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया।

वायुसेना बनी दूत...

लेह: खराब मौसम के कारण लेह में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अब भारतीय वायु सेना आगे आई है। भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान से हताहतों को एयरलिफ्ट किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस विमान की मदद से घायलों को लेह से चंडीगढ़ पहुंचाया गया है। बता दें, बर्फ और खराब मौसम के कारण सड़कें बंद हो गई। इस वजह से भारतीय वायु सेना लद्दाख और उसके आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में फंसे हमारे नागरिकों के लिए एकमात्र जीवन रेखा बनी हुई है।

पिता की छोड़ी सीट से आसिफा ने भरा नामांकन

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी आसिफा अली जरदारी ने पाकिस्तान की राजनीति में कदम रखा है। उन्होंने सिंध प्रांत की नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपनी उम्मीदवारी दाखिल की।

उन्होंने अपनी पिता की छोड़ी सीट से नामांकन दाखिल किया है। 31 वर्षीय आसिफा पिछले कुछ समय से राजनीति में काफी सक्रिय है, लेकिन उनके पिता और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें अबतक संसदीय राजनीति से दूर रखा था। आसिफा ने रविवार को सिंध प्रांत के शहीद बेंजीराबाद जिले के एनए 207 निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव के लिए अपना नामांकन भरा। बता दें कि आसिफ अली जरदारी ने यहां से चुनाव जीता था, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी।

प्रवासी श्रमिकों को दो माह में राशन कार्ड दें राज्य सरकारें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया कि दो महीने के अंदर प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराए जाएं। यह वह श्रमिक हैं जो विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं।

जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुलाह की खंडपीठ ने 20 अप्रैल, 2023 तक कोर्ट के आदेश का पालन करने में प्रशासन की विफलता के बाद नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले के आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राशन कार्ड मुहैया कराने के लिए तीन महीने का समय दिया था। अदालत ने निर्देश दिया कि यह राशन कार्ड राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत निर्धारित कोटे के अतिरिक्त जारी करने अनिवार्य हैं।

पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी मजदूरों को राशन कार्ड देने का व्यापक प्रचार किया जाए। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि बेवजह की देरी से 80 करोड़ राशनकार्ड धारकों की ई-केवाईसी में भी बाधा आ रही है। नए कार्डधारकों को इनसे संबद्ध करने से पहले इसको भी अपडेट किया जाना जरूरी है। अदालत ने केंद्र सरकार से ऐसी प्रणाली विकसित करने को कहा है कि बिना राशन कार्ड के भी खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जा सके। पीठ ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होना चाहिए और कहा कि कल्याणकारी राज्य में, सरकार का यह कर्तव्य है कि वह लोगों तक पहुंचे।

एच-1बी वीजा पंजीकरण की घोषणा, जारी की गाइडलाइन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय आइटी पेशेवरों में लोकप्रिय अमेरिकी एच-1बी वीजा की वित्तीय वर्ष 2025 के लिए प्रारंभिक पंजीकरण की तिथि 22 मार्च को खत्म हो रही है। अमेरिकी संघीय एजेंसी ने बताया कि यह सुविधा यूएससीआईएस की साइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर वर्ष भारत और चीन जैसे देशों के हजारों एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। अमेरिकी नागरिकता व आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने सोमवार को बताया कि तय तिथि तक संभावित आवेदकों और कानूनी प्रतिनिधियों को चयन प्रक्रिया के लिए हर लाभार्थी का पंजीकरण करने और पंजीकरण शुल्क भुगतान करने के लिए दिए गए ऑनलाइन अकाउंट का उपयोग करना होगा। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को विदेशी कामगारों की एक निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति करने की अनुमति देता है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर-आप्रवासी कर्मचारियों के लिए फार्म आइ-129 और प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा के लिए आइ-907 फार्म यूएससीआईएस पर आनलाइन उपलब्ध है। यूएससीआईएस ने बताया कि एक अप्रैल से एच-1बी कैप आवेदनों के लिए फार्म की ऑनलाइन आवेदन स्वीकार शुरू कर दिया जाएगा।

विज्ञान लाल ग्रह की धरती पर पैदल चलने को लेकर नासा के वैज्ञानिकों ने शुरू की तैयारी

मंगल पर 3 .1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा इंसान

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : लाल ग्रह मंगल की धरती पर पैदल चलने को लेकर वैज्ञानिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। मंगल की धरती पर इंसान कितने किमी चल पाएगा। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मंगल पर इंसान शुरुआत में 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा। मंगल बियावान रेत का जंगल है।

जहां पृथ्वी की तरह ऊंचे पर्वत और मैदान हैं। विशाल रेगिस्तान हैं और गड्ढे भी हमारी धरती की तरह ही हैं, लेकिन नही है तो हरियाली है। साथ ही नीले महासागरों का नितांत अभाव है। इसी क्रम में वहा का वातावरण भी हमसे कुछ हद तक जुदा है। जिस कारण मंगल का शुरुवाती चरण बेहद चुनौतीभरा रहने वाला है। मगर शुरुआत तो करनी ही होगी। इस मार्ग पर आने वाली कठिनाइयों को लेकर पूर्व में जानकारी जरूरी होने के कारण वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया है।

इस कड़ी में वैज्ञानिकों का पहला सर्वे मंगल ग्रह के चारों ओर पैदल घूमने में समय का पता लगाना है। जॉर्ज मेसन विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक प्रो एर्डल यिगिट के अनुसार इस दिशा में अनिवार्य रूप से दो मापदंडों पर ध्यान देने की सर्वाधिक जरूरत होगी। जिसमें अंतरिक्ष यात्री की गति और दिशा के साथ और दूरी को शामिल किया गया है। मंगल ग्रह के भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमने के लिए लगभग 21400 किलोमीटर चलना होगा। इतनी लंबी यात्रा के लिए कितनी गति से मानव को चलना होगा। किस गति से चलना होगा। वहा की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। ऐसे पड़ाव भी आएंगे, जहां ठंड से गुजरना होगा। पहले अनुमान में यह तय किया गया कि सिर्फ लगभग 3.1 मील प्रति घंटे का सफर तय कर पाएगा।

मंगल ग्रह पर इंसान का प्रतिकात्मक चित्र।

मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन साथ लेकर ही जा सकते हैं

मंगल पर न कोई सड़क होगी न पानी भोजन या वाहन की कोई व्यवस्था होगी। साथ ही ऑक्सीजन की अलग समस्या होगी। लिहाजा इंसान को पर्याप्त ऑक्सीजन, पानी और भोजन साथ लेकर चलना होगा। यह चुनौती उसी प्रकार की होगी, जैसा कि आदि काल में मानव को झेलनी पड़ी थी। लिहाजा उन परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा, जो पृथ्वी पर आदिकाल मे रही थी।

अवैध निर्माण ढहाने के आदेश में कोर्ट का दखल देने से इनकार

कोलकाता, एजेंसी

- **हाईकोर्ट ने कहा-अनाधिकृत ढांचों पर रोक वाली याचिका पर सामान्य प्रक्रिया से ही होगी सुनवाई**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अवैध इमारतों ढहाने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। अदालत ने कहा कि वह याचिका पर तत्काल सुनवाई नहीं करेगी। याचिका में अनाधिकृत ढांचों को ढहाने के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। बता दें कि एक दिन पहले कोलकाता में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत ढहने से नौ लोगों की मौत हो गई।

जबकि कई लोग घायल हो गए। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने विभिन्न नगर निकायों में कथित अवैध इमारतों को गिराने के आदेश में दखल देने से इनकार किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से तीन वकील अदालत में पेश हुए। उन्होंने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ऐसे मामलों की सुनवाई सामान्य प्रक्रिया से ही करेगा। जब एक वकील ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की तो अदालत ने कहा कि वह अभी विध्वंस के किसी भी मामले में सुनवाई की अनुमति नहीं दे रही है। वकील ने दावा किया कि विध्वंस की तारीख 20 मार्च है और अगर मामला बाद में सुनवाई के लिए आता है तो यह पूरी तरह कवायद व्यर्थ हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा, इसे व्यर्थ ही रहने दें, पहले इंसानों का जीवन बचाया जाए। अदालत दखल नहीं दे रही है। न्यायमूर्ति सिन्हा ने इसी तरह की परिस्थितियों का दावा करने वाली एक अन्य याचिका पर कहा, विध्वंस जारी रहने दिया जाए।